♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 05 विक्रम संवत 2079 ♦ डालटनगंज (मेदिनीनगर) , शुक्रवार 30 सितम्बर 2022 ♦ वर्ष-29 अंक-341 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com

पंचम : स्कन्दमाता

नवरात्रि का पांचवें दिन स्कन्दमाता की उपासना का दिन होता है। स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह भी इनका वाहन है।

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।

मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद 'कुमार कार्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कह कर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि-पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्त्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मनवाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाओं एवं चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है। वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर हो रहा होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है। स्कन्दमाता की उपासना से बालरूप स्कन्द भगवान की उपासना भी स्वमेव हो जाती है। यह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है।

कैबिनेट में 30 प्रस्तावों पर सहमति सड़क व स्वास्थ्य की सौगात

झारखंड बिजली वितरण निगम को कर्ज भुगतान के लिए १६३१ करोड़ का ऋण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के दौरान 30 प्रस्तावों पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगायी, जिसमें स्वास्थ्य व सड़कों की सौगात दी गयी है। रांची को पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाली रांची-पुरूलिया रोड में नामकुम आरओबी से अनगड़ा तक 17 किलोमीटर की सड़क को फोर लेन किया जायेगा। जिसपर 181.73 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, रांची शहर के बीच रांची बरियातू, बड़गाईं लेन बोड़ैया पथ का निर्माण व चौड़ीकरण किया जायेगा। इस पथ पर 111.35 करोड़ खर्च होंगे। रांची शहर के बीच बननेवाली इस सड़क से बरियातू से बोड़ेया की दूरी घटेगी। साथ ही यह रास्ता रिंग रोड तक पहुंचेगा। उपराजधानी दुमका में भी दुमका बाइपास में 7.30 किलोमीटर सड़क फोर लेन बनेगी, इसके लिये 76.45 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिमंडल ने दी है।

तीन जिलों में 100 बेड का क्रिटिक्ल केयर यूनिट : राज्य में केंद्र संपोषित आयुष्मान योजना के तहत लोहरदगा, खूंटी व सरायकेला खरसांवा जिला में 100-100 बेड का क्रिटिक्ल केयर यूनिट अस्ताल बनेगा। वहीं, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए अस्पतालों, सिविल सर्जन के यहां बाह्य कोटे से वाहनों के इस्तेमाल की भी मंजूरी दी गयी है। इसके लिये विभाग में 34 बोलेरो व दस बसों के परिचालन का प्रस्ताव है।

इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी : केंद्रीय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किफायती आवास के लिए नगड़ी के मुड़मा में कुष्ट रोगियों के लिए 256 आवास बनेगा, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इन प्रस्तावों को भी मंजूरी

- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग नियमावली 2021 में संशोधन।
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का पब्लिक प्राइवेट योजना से संचालन का निर्णय।
- जमशेदपुर में लोकनिजी भागीदारी के तहत इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण होगा, इसके लिये 70.41 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
- नवनिर्मल अभियंत्रण विद्यालय का पीपीपी मोड पर संचालन के लिए मनोनयन।
- योजना बजट के अतिरिक्त अन्य स्रोत से प्राप्त निधि की स्वीकृति कैसे होगी, इसे लेकर व्यय के लिए नीति निर्धारित की गयी है।
- नगर विकास व आवास विभाग द्वीारा चतरा के बचरा नगर पंचायत का विघटन किया गया, टंडवा के बचरा उतरी व दक्षिणी का गठन किया गया था। इसे विघटित कर दिया गया।
- सरायकेला-खरसांवा के राजनगर में मौजा कूजू में 13.43 एकड़ माइंस का नवीकरण विकल्प के साथ रूंगटा को 30 साल का लीज बंदोबस्ती। रूंगटा की लीज बंदोबस्ती राजनगर के कुजू में 15.24 एकड़।
- साल 2022-23 में अनुसूची प्रपत्रों के लिए कागजों के क्रय व सभी व्ययों के लिए राज्य आकस्तिम निधि से छह करोड़ अग्रिम की स्वीकृति।
- कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस क संचालन के लिए झारखंड फ्लाइंग इंस्टीच्यूट समिति का गठन होगा व एसोसिएशन का गठन किया जायेगा। संचालन गवर्निंग काउंसिल करेगी। अध्यक्ष एविएशन सेक्रेटरी होंगे।
- मो. सरफराज तत्कालिन सहायक अभियंता, ग्रमीण विकास की अपली आवेदन को स्वीकृत किया गया।
- 180 अराजकीय मदरसों व 11 संस्कृत विधायलों के वेतन व पेंशन।
- रामगढ़ कुटंब न्यायाल के लिए एक प्रधान न्यायधीश का पद का सृजन।
- बरही अनुमंडल न्यायालय के लिए चार न्याय पदाधिकारियों का पद सृजन।
- रेप व पोक्सो एकट के तहत लंबित मामलों के निष्पदान के लिए 22 फास्ट ट्रैक लिए एक वर्ष के लिए सृजित जिला न्यायाधीश के पदों का अवधि विस्तार।
- औद्योगिक पार्क व लॉजिस्टिक नीति के प्रारूण को स्वीकृति।

मुख्यमंत्री की पहल : महिलाओं को पशुधन विकास योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद ग्रामीण गरीब आबादी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभ पहुंचा कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य एक सप्ताह के अंदर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गव्य विकास निदेशालय द्वारा संचालित उपयोजना के तहत लाभुकों के तहत मिलनेवाले अनुदान में संशोधन कर पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब आपदा, आगलगी, सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला, परित्यक्त और दिव्यांग महिलाओं को 90 प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू गाय या भैंस दिया जायेगा। इससे पूर्व तक 50 प्रतिशत अनुदान पर दो दुधारू गाय या भैंस दिया जा रहा था।

अन्य पशु पालन के अनुदान में भी संशोधन : मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सिर्फ गव्य पालन के तहत मिलनेवाले अनुदान में संशोधन नहीं किया गया है अपितु पशुपालन निदेशालय द्वारा संचालित योजनाएं यथा बकरा पालन, सूकर पालन, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन, बायलर कुक्कुट पालन और बत्तख चूजा पालन में असहाय विधवा महिला, दिव्यांग, निःसंतान दंपत्ति को छोड़कर अन्य सभी वर्गों को 75 प्रतिशत अनुदान पर योजना का लाभ दिया जायेगा। इससे पूर्व तक 50 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था थी। कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग की उपयोजना के तहत मिनी डेयरी के जरिये पांच दुधारू गाय, भैंस वितरण और मिडी डेयरी के जरिये मिलने वाले दस गाय और भैंस वितरण योजना के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को जहां पूर्व में 33.33 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होता था, उसे बढ़ा कर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, उपरोक्त योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को छोड़ कर अन्य लाभुकों को मिलनेवाले 25 प्रतिशत अनुदान को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। जबकि चैफ कटर वितरण एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता के लिए संचालित उपयोजना के तहत हस्त चलित चैफ कटर का वितरण योजना के तहत सभी लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता था। अब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अर्जुन मुंडा से मिले झारखंड प्रदेश भाजपा प्रभारी

नयी दिल्ली/रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से उनके दिल्ली स्थित आवास में झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मुलाकात की। श्री मुंडा ने इस मुलाकात के संबंध में कुछ फोटो साझा करते हुए इसे एक अनौपचारिक भेंट बताया। गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी अभी कुछ दिन पहले ही झारखंड प्रवास से लौटे हैं। इस दौरान उन्होंने रांची समेत विभिन्न जिलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ, आतंकवाद के खिलाफ अग्रणी देश के रूप में भूमिका निभायी : राष्ट्रपति

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि कई क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को अब चुनौती नहीं दी जा सकती और देश ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी देश के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भारतीय विदेश सेवा (2021 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की मजबूत स्थिति अन्य कारकों के साथ उसके आर्थिक प्रदर्शन पर आधारित है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अभी भी महामारी के प्रभावों से उबरने का प्रयास कर रही हैं, वहीं भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ और आगे बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू : 320 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस को गुरुवार के दिन बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सतबरवा थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है । इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि सतबरवा थाना के पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक उजला ट्रक जेएएच01एयू-1774 में गांजा भरकर बेचने के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सतबरवा थाना गेट के पास वाहन चेकिंग अभियान लगाया। ट्रक को आते देख थाना के पास उसे रोका गया और उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान पुलिस ने चावल के बोरे में भरा 3 क्विंटल 20 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को अपने कब्जे में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ट्रक ड्राइवर और खलासी ने बताया कि उक्त गांजा ओडिशा से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अहमदाबाद में राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन

पीएम ने 'जुड़ेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया' का दिया नारा

अहमदाबाद (एजेंसी)। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अहमदाबाद में 36वें राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह माहौल शब्दों से परे है। यह देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव है। यह अद्भुत है, अभूतपूर्व है। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम से जुड़ेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया का नारा दिया। उन्होंने कहा कि यह आगाज है आनेवाले भविष्य का। मोदी ने कहा कि नवरात्रि का पावन अवसर भी चल रहा है। गुजरात में मां दुर्गा की उपासना से लेकर गरबा तक यहां की अपनी अलग पहचान है। खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने कहा कि खेल के साथ गरबा का आनंद जरूर लीजिये, गुजरत के लोग आपकी मेहमाननवाजी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में सम्मान पाने का खेलों में सफलता से सीधा जुड़ाव होता है। मोदी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर रंगारंग कार्यक्रम के बीच 36वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के मौके पर विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वैश्विक खेलों में ऐसे देशों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पर्यटकों के लिए खुशखबरी : एक अक्टूबर से खुल जायेगा बेतला पार्क

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पर्यटकों के लिए अब इंतजार का दिन खत्म हो गया है। तीन महीने बाद फिर से पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क को एक अक्टूबर से खोल दिया जायेगा। एनजीटी के निर्देश पर जुलाई से सितंबर तक पीटीआर के इलाके में पर्यटन गतिविधि पर रोक लगा दी गई थी। एक अक्टूबर से पलामू टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधि की शुरूआत हो जायेगी। पीटीआर का बेतला नेशनल पार्क पर्यटकों का सबसे बड़ा केंद्र है। पीटीआर प्रबंधन ने पर्यटकों के लिए विशेष योजना बनाई है। बेतला नेशनल पार्क में स्कूली बच्चों के लिए जंगल सफारी की शुरूआत की जायेगी। पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि स्कूली बच्चों को पर्यटन गतिविधि से जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। जंगल सफारी के लिए 25 सीटर वाहन उपलब्ध करवाया जायेगा। वाहनों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को पर्यटन गतिविधि से जोड़ा जायेगा। यह व्यवस्था पार्क खुलते ही सुनिश्चित की जायेगी। कोरोना काल के बाद अक्टूबर-नवंबर 2021 में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में फ्रांस और जर्मनी से भी पर्यटक पहुंचे थे। पलामू ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हिरण में लंपी वायरस फैलने की खबर से मचा हड़कंप



मेदिनीनगर। दुधारू पशुओं में फैलने वाली जानलेवा लंपी वायरस का खतरा अब हिरण पर भी मंडराने लगा है। राजस्थान में हिरणों के बीच लंपी वायरस फैलने की खबर निकल कर सामने आई है। जिसके बाद पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में भी हिरणों पर लंबी वायरस का खतरा मंडराने लगा है। लंपी वायरस के खतरे को देखते हुए पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने एसओपी जारी किया है। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पूरे पीटीआर के इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। हिरणों में लंपी वायरस फैलने के बाद पलामू टाइगर रिजर्व अलर्ट मोड पर आ गया है। पीटीआर के प्रबंधन ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर मवेशियों को जंगल में लेकर नहीं जाने का आग्रह कर रही है। विभिन्न इलाकों में ग्रामीणों के साथ बैठक की योजना है। हिरणों के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न स्तरों से विभाग के कर्मियों के लिए एसओपी जारी किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में 197 गांव ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

दिल्ली के बाद झारखंड में दारू घोटाले का होनेवाला है पर्दाफाश : बाबूलाल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि दिल्ली के बाद झारखंड के दारू घोटाले का पदार्फाश होनेवाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार छत्तीसगढ़ी सिंडिकेट के दम पर दारू में राजस्व बढ़ने का ढ़ोल दो महीने पीटने के बाद पोल खुली तो चुप्पी साध गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चेतावनी भरे लहजे में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह चिंता न करें, दिल्ली के बाद दारू घोटाले के पर्दाफाश में झारखंड का ही नंबर आनेवाला है।

155 करोड़ के राजस्व नुकसान पर टिप्पणी : बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दो सालों में सिर्फ एक साहिबगंज जिले से रेलवे रेक से बिना चालान पत्थर कि ढुलाई में लुटेरों ने 155 करोड़ राज्य के राजस्व का नुकसान कराया। जब खान लूट की तरह इसमें लोग पकड़े जायेंगे तो ये रोना मत रोईयेगा कि क्यों नाम घसीटा जा रहा है? बाबूलाल ने कटाक्ष किया है कि बालू, पत्थर की चोरी में सरकारी राजस्व लूटो और लूटवाओ-दारू पीने-पिलाने से रेवेन्यू बढ़ाओ, सरकार इसी तरह काम कर रही है।

झामुमो के ट्वीटर हैंडलर पर साधा निशाना : बाबूलाल मरांडी ने झामुमो के एक जिला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी के आरोप पत्र में सनसनीखेज खुलासा

अवैध कमाई को सफेद बनाने के लिए पल्स के काउंटर में कैश जमा कराता था सुमन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार की निलंबित सचिव पूजा सिंघल अपनी काली कमाई की लाइजनिंग के लिए कुक अमित कुमार के नाम का इस्तेमाल करती थीं। पूजा सिंघल अपने आईफोन पर फेसटाइम में अमित के मोबाइल नंबर 8797099351 का इस्तेमाल करती थीं। फेसटाइम को काफी सिक्योर माना जाता है, इसके कॉल व वीडियो कॉल को ट्रेस नहीं किया जा सकता, ऐसे में प्राइवेसी के लिए फेसटाइम का इस्तेमाल किया जाता था। ईडी ने हालिया कोर्ट में दिये आरोप पत्र में इन बातों का जिक्र किया है।

सीए सुमन कुमार ने कई दफे कैश अस्पताल में जमा कराये : पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के अस्पताल का इस्तेमाल भी काली कमाई को सफेद बनाने में किया जाता था। सीए सुमन कुमार ने पूछताछ में बताया था कि उसके घर पर जो 17 करोड़ से अधिक नकदी बरामद की गयी थी, उसमें से अधिकांश हिस्सा पूजा सिंघल का था। पूजा सिंघल के फेसटाइम नंबर की जानकारी सुमन कुमार ने भी दी है। सुमन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जैसे अचानक दौड़ में आकर मुख्यमंत्री बने थे, वैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे दिग्विजय

गहलोत पर कोई कार्रवाई हुई, तो गुजरात चुनाव में कांग्रेस को होगा नुकसान

- कृष्णमोहन सिंह

नयी दिल्ली। दिग्विजय सिंह 1993 में जैसे अचानक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की दौड़ में आगे आ गये थे, मुख्यमंत्री बने थे, वैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में आ गये हैं, अध्यक्ष बनेंगे। क्योंकि, उनके प्रतिद्वंदी तिरुवंतपुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद शशि थरूर हैं, जो कांग्रेस में पकड़ व समर्थन के मामले में दिग्विजय के सामने बौने हैं। ऐसे में चुनाव होने पर जीत-हार का अंतर ज्यादा होगा। दिग्विजय ज्यादा मतों से जीतेंगे। दूसरी ओर दिग्विजय को कांग्रेस अध्यक्ष

ना बनाने की लामबंदी कुछ कांग्रेसी नेताओं ने शुरू कर दी। उन पर कुछ कांग्रेसी अंबानी के आदमी होने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि दिग्विजय के बजाय खड़गे, मुकुल वासनिक या किसी और को अध्यक्ष बनाया जाये। इन सब के बीच दिग्विजय ने कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए गुरुवार 29 सितम्बर को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर नामांकन फॉर्म ले लिया। शुक्रवार 30 सितम्बर को नामांकन पत्र जमा करेंगे। पहले कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम आगे चल रहा था। कांग्रेस अध्यक्ष ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया कंपनी की सेवा हो सकती है बंद

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। वोडाफोन-आइडिया के 25 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को परेशानी हो सकती है। क्योंकि वोडाफोन आइडिया जिस इंडस टावर्स नाम की कंपनी के टावर इस्तेमाल करती है, उसने कर्ज न चुकाने पर सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी है। इंडस टावर का वोडाफोन आइडिया पर सात हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। इस कंपनी में भारती एयरटेल की सबसे ज्यादा 47.76 प्रतिशत और वोडाफोन ग्रुप की 21.05 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वोडाफोन आइडिया की भी पहले इंडस टावर में 11.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, लेकिन दो साल पहले भारती इन्फ्राटेल में इंडस टावर के विलय के समय कंपनी ने हिस्सेदारी बेच दी थी। वोडाफोन-आइडिया लि. पर 30 सितम्बर, 2021 तक 1,94,780 करोड़ रुपये का कुल कर्ज था। अप्रैल-जून तिमाही, 2022 के अंत में यह कर्ज बढ़कर 1,99,080 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टेलीकॉम सेक्टर में रिलायंस जियो का दबदबा बढ़ता जा रहा है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार जुलाई में वोडाफोन-आइडिया कंपनी के 15.4 लाख यूजर्स ने नेटवर्क को छोड़ा है। इससे कंपनी के कुल उपभोक्ताओं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

आवास योजना को लेकर हुई बैठक आवास पूर्ण करने का दिया निर्देश

हुसैनाबाद। प्रखंड के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में गुरूवार को आवास योजना को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नरेश पासवान ने की। बैठक में प्रखंड आवास समन्वयक अजय कुमार ने पथरा पंचायत में अपूर्ण आवास की स्थिति को रखा। साथ ही विभागीय प्रावधान से लाभुकों को अवगत कराया। बैठक में लाभुकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एक माह के अंदर आवास निर्माण कार्य को पूरा कर लें। अन्यथा राशि वसूली व सर्टिफिकेट केस की जाएगी। सभी लाभुक को 15 दिन तक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जो भी लाभुक आवास का कार्य प्रारम्भ नहीं किये है। वैसे लाभुक को चिन्हित कर एक माह में पूर्ण करने का समय दिया गया। आवास पूर्ण नही करने पर आवास से वंचित करते हुए राशि वसूली करने की कार्रवाई किया जाएगा। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक अजय कुमार, पंचायत सचिव सूर्यदेव राम , उत्तम कुमार, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश मेहता, रीना देवी आदि मौजूद थे।

पीपरा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिहरगंज। पीपरा थाना परिसर में गुरूवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुयी। इस दौरान दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता थाना प्रभारी सूरज चेल और संचालन एसआई अभय आनंद ने किया। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक संचालन के लिए हर सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में थाना प्रभारी सूरज चेल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से पूजा के अवसर पर आपसी भाईचारा और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग का आग्रह किया। साथ ही कहा हम सभी मिल-जुल कर पर्व-त्योहार को मनाने का कार्य करें। मौके पर एसआई अभय आनंद, एएसआई उमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

भारत शू स्टोर का उद्घाटन

पाटन। केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी ने पाटन मेन बाजार में भारत शू का दुकान का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पाण्डेय के हाथो फीता काटकर किया गया। मौके पर मुखिया जैनुल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुक्तेश्वर पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के दुकान का खुलना क्षेत्र के लिए समृद्ध व विकसित होना प्रदर्शित करता है। दुकान खुलने से यहां के लोगों के लिए सुविधाजनक कार्य हुआ है। जो अपने जरूरत के सामान यहां ले सकते हैं। मुखिया जैनुल ने कहा कि पाटन में मेरे अब्बूजान बहुत पहले से शू दुकान चला रहे थे। अपने अब्बूजान की पहचान को बनाये रखने के लिए हमने सस्ते व उचित मूल्य का यह दुकान खोला है। हमारा उद्देश्य है लोगो को सुविधा देना पैसा कमाना नहीं। मौके पर अशोक सोनी,मिथिलेश सिंह,देवेन्द्र प्रसाद,रवायत अंसारी व अन्य लोग मौजूद थे।

निर्मित बस स्टैंड के बावजूद मुख्य पथ में ही खड़े होते हैं वाहन

मोहम्मदगंज। प्रखंड मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार स्थित बस स्टैंड का निर्माण हुये करीब 5 वर्ष पूरे हो गये। स्टैंड का निर्माण मुख्य पथ को वाहनों के जाम व लोगो को वाहनों के प्रदूषण के साथ पर्यावरण से सुरक्षित रहने को लेकर किया गया है। उसके बावजूद भी मोहम्मदगंज स्टेशन रोड मुख्य पथ में छोटे बड़े वाहनों से सड़क जाम की स्थिति बनी रहती हैं। पूजा के समय यह समस्या अधिक बढ़ जाती हैं। ट्रेनों के समय मे वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देना वाहन चालक अपना दबंगई समझते हैं। स्टेशन रोड स्थित कोयल नहर चौक से गढ़वा, मेदिनीनगर, डेहरी ऑन सोन, छत्तीसगढ़ , जपला मंझिआव , कांडी , पांडू समेत अन्य जगहों के लिये छोटे बड़े वाहन रोज गुजरते हैं। इसमें बसों की संख्या करीब 8 से 10 है। छोटे वाहनों की संख्या सौ बतायी जाती हैं। इन दिनों कोयल नहर चौक से सभी वाहन खुलते हैं। ग्रामीण बताते है की कई बसों व छोटे वाहन का इस रूट का परमिट भी नही है। साथ ही कोयल नहर चौक पर लगे वाहनों से एजेंटी के नाम पर अवैध वसूली रोज की जाती हैं। नियम व न्याय संगत वाहनों का परिचालन नही होने से मोहम्मदगंज के परेशान ग्रामीणों ने इस मामले में आवेदन बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को दिया हैं। बीडीओ प्रभाकर ओझा ने आवेदन के आलोक में बताया कि इस मामले को लेकर सीओ व थाना प्रभारी के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। आवेदन देने वालो में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, मोहम्मद रसीद, अरविंद, मंटू यादव, दिनेश कुमार, उमेश चौधरी, अविनाश, कंचन कुमार, चंदन कुमार समेत कई लोग शामिल है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मना नवरात्रि महोत्सव

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के प्रांगण में गुरूवार को नवरात्रि के अवसर पर बच्चों के द्वारा माँ दुर्गा दरबार का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं के द्वारा माँ दुर्गा के नौ अवतारों को मनमोहक नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया । मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ एके॰ सिंह ने श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि - श्रीराम ने रावण के साथ युद्ध पर जाने से पूर्व अपनी विजय की मनोकामना की पूर्ति हेतु माँ का आशीर्वाद लेने के लिए विशाल पूजा का आयोजन किया था। कहा जाता है कि श्रीराम देवी के आशीर्वाद का इन्तजार नहीं करना चाहते थे । तभी से ही प्रतिवर्ष दो बार नवरात्रि का आयोजन होता है। उन्होने अपने विचारों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि नवरात्रि हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है। जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दश दिनो के दौरान देवी के नौ रुपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। अन्त में उन्होने नवरात्रि की शुभकामनाएँ दी।

कांग्रेस उपाध्यक्ष ने दुर्ष्कम की घटना को लेकर ज्ञापन सौपा

मेदिनीनगर। पलामू जिला युवा कांग्रेस ने जिला उपाध्यक्ष मणिकांत सिंह के नेतृत्व में पलामू पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर बकोरिया में घटित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर अग्रेतर न्यायिक कार्रवाई हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि न्याय प्रक्रिया में पुलिस की एक बड़ी जवाबदेही है जो अब भी बाकी है। हम सब इस वैश्विक सत्य से मुख नहीं मोड़ सकते कि न्याय में विलंब एक अन्याय है। दुष्कर्म से पीड़ित एक युवती की मनोदशा का आंकलन किसी भी संवेदनशील मनुष्य द्वारा किया जा सकता है। किन्तु उसके अपराधियों को दंड दिलाकर यदि उसे त्वरित न्याय मिल गया, तो संभावित रूप से पीड़िता के हृदयतल की मूर्छा को कुछ कम किया जा सकता है। विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट के समक्ष रखने की अनुशंसा की जाए! मौके पर प्रमुख रूप से डालटनगंज विधानसभा अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह, साकेत आनंद, छत्तरपुर विधानसभा अध्यक्ष नीतीश कुमार, शिवम पांडे, कृष्णकांत उपस्थित थे।

नगर पंचायत कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुड़को व नगर पंचायत हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जुड़को के सामाजिक विशेषज्ञ रामाशीष रजक ने शहर के स्वयं सहायता के महिलाओं को जल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुड़को द्वारा पाइप लाइन से शहर के करीब 6 हजार पांच सौ घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने की योजना है। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल हर व्यक्ति को उपलब्ध हो, इसमें आप सबो की सहभागिता से ही शहरी जलापूर्ति योजना की सफलता की परिकल्पना साकार होगी। मौके पर नपं उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा देना और हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाना है और यह लोगों की सहभागिता से ही संभव है। मौके पर मुख्य रूप से नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्ला अंसारी,जुडको डीपीएम सुषमा कुमारी, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रशांत टोप्पो,धीरज कुमार, वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, राजकुमार कश्यप समेत कई स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी।

युवा जागृति संघ ने रामलीला का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। प्रखंड अंतर्गत तूकबेरा पंचायत के बाना बाजार के प्रांगण में मंगलवार को रामलीला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा जागृति संघ के अध्यक्ष सत्या मेहता पूजा समिति के अध्यक्ष मुमताज आलम, युवा समाजसेवी कलाम अंसारी एवं आयोजक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन, पूर्व प्रत्याशी बसपा नेता राजन मेहता, तूकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा ,सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि अनुज राम ,नावा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, रबदा मुखिया प्रतिनिधि सजीवन भुइयां ,सभी लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उपस्थित बसपा नेता ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि पूजा समिति के लोग इस पूजा में काफी सक्रिय होते हुए बड़ी आयोजन का कार्यक्रम रखते हैं। इसलिए सभी पूजा समिति के लोगों को मैं धन्यवाद देता हूं। प्रभु श्रीराम का रामलीला जीवन जीने की कला को सिखाता है एवं सच्चाई के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। रामलीला अब विलुप्त होते जा रही है। ऐसे में हम सभी को जो पुरानी संस्कृति से जुड़ा हुआ धरोहर है। उसे बचा कर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूजा समिति के सभी पदाधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री ने किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे गुरूवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। उनके साथ काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का भीड़ था। मुख्य द्वार पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया । उनके साथ नावा बाजार 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मौके पर पहुंचकर पूर्व मंत्री ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर नावाबाजार बीडीओ मो0, अमीर हमजा ,सीओ राकेश श्रीवास्तव को गरीब जनता के कार्य को ध्यान देकर कार्य करने की बात कही। वहीं उपस्थित सारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने पर ढ़ेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि ददई दुबे बदलता नहीं है मैं जो पहले था वही जनता के लिए आज भी हूं और जब तक सांस रहेगी जनता का सेवा सदैव करता रहूंगा। 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे ने उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमें जो दायित्व सौंपी गई है। उसका निर्वहन मैं सदैव करूंगा । किसी भी तरह का अपना अध्यक्षीये काल में दिक्कत नहीं होने दूंगा। मौके पर बिश्रामपुर अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला, 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित उंटारी, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ,कांडी 20 सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय ,पड़वा मोड़20 सूत्री अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, नावा कांग्रेस अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम, पूर्व मुखिया राम गोविंद यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुमताज साह नावा बाजार प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, युगेंद्र मिश्रा, विष्णु कांत पाठक, मणि भूषण पांडे, नगर परिषद अध्यक्ष ऋषि पांडे, नंदू चंद्रवंशी ,वार्ड सदस्य पति अनुज द्विवेदी, विकास दुबे, विजय दुबे सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हुसैनाबाद में शारदीय नवरात्र को लेकर बह रही है भक्ति की बयार

रामचरितमानस के नायक श्रीराम हैंः आचार्य

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला महावीर भवन में चल रहे रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ के चौथे दिन प्रमुख आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि रामचरितमानस के नायक राम हैं। जिनको एक मयार्दा पुरूषोत्तम के रूप में दशार्या गया है। जो कि अखिल ब्रह्माण्ड के स्वामी हरि नारायण भगवान के अवतार है। जबकि महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में राम को एक आदर्श चरित्र मानव के रूप में दिखाया गया है। जो सम्पूर्ण मानव समाज को ये सिखाता है कि जीवन को किस प्रकार से जिया जाय, भले ही उसमें कितने भी विघ्न हों तुलसी के राम सर्वशक्तिमान होते हुए भी मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। इस मौके पर पाठकर्ता ब्राह्मण सौरभ पांडेय, नवनीत रंजन मिश्रा, हिमांशु पांडेय, संजय पाठक, मधुकर मिश्रा, अमोद मिश्रा, शिवम पांडेय, रविन्द्र मिश्रा, पीयूष मिश्रा शामिल हैं।वही संध्या आरती में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। बनवास प्रसंग की चर्चा करते हुए आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि पुरुषोत्तम भगवान राम की राज्याभिषेक की तैयारी चल थी थी। लेकिन उन्हें वनवास जाना पड़ा।इस घटना महाराज दशरथ नहीं झेल सकें। लेकिन कौशल्या माता आदि ने धैर्य रखा। अंत में सुखद समाचार देखने व सुनने का अबसर मिला। उन्होंने कहा कि धीरज धरहि सो उतरहि पारा..... को सूत्र मानकर जीवन मार्ग में आगे बढ़ने की जरूरत है। धैर्य के बाद हमेशा सफलता मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, संतोष कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता,राकेश तिवारी, कामख्या सिंह, अविनाश कश्यप, रवि,पप्पू, कल्लू, मनीष, मुरारी अग्रवाल आदि सक्रिय हैं।

एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर स्थित निकाह भवन में गुरुवार को एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के अलावा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम उपस्थित थे। मौके पर विधायक सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह अपने जीवन में जात पात समुदाय को लेकर भेद भाव नहीं रखते। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की तमाम जनता उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी का साथ आवश्यक होता है। सभी का साथ होगा तो निश्चित ही विकास होगा। उन्होंने कहा कि उनका दरवाजा हुसैनाबाद हरिहरगंज के लोगों के लिए हमेशा खुला है। अपनी समस्या लेकर मिलें उसका हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने मुस्लिम भाईयों से कहा कि वह अपनी समस्याओं को लेकर मिले, यथा संभव समाधान होगा। उन्होंने एकजुटता के साथ सहयोग करने की अपील की। मौके पर नवाजिश खान, मुख्तार अंसारी, असगर अंसारी, डॉ. नबी रसूल अंसारी, लाडले हसन ने विभिन्न राजनीतिक दल की सदस्यता त्याग कर एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को माला पहनाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने स्वागत किया। वहीं नवाजिश खान को पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष, जफर हवारी को हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष, समशद अहमद को मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष का पत्र विधायक ने दिया। मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मोहम्मदगंज बीस सूत्री अध्यक्ष ज्याउदिन खान, हैदरनगर अध्यक्ष विमलेश सिंह, संजय सिंह, विनय पासवान, जोगेंद्र सिंह, नसीम अंसारी, महबूब आलम, सज्जू खान, राजू खान, मोहम्मद हुसैन, डौलु हुसैन, आफताब अहमद,खुर्शीद खान, साबित अली, डा अमीनुल हक अंसारी, कालिया जी, लड्डन जी के अलावा विभिन्न गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

उतरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की तृतीय वार्षिक आम सभा संपन्न

सरकार लोगों को गांव में ही रोजगार देने का काम कर रही : वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता
मेदिनीनगर। शहर के टाउन हॉल में गुरुवार को उतरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की तृतीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को गांव में ही रोजगार देने का काम कर रही है। रोजगार के लिये लोगों को दूसरे राज्य जाने की आवश्यकता नहीं यहीं पर पशुधन,कृषि जैसे योजनाओं से लाभ लेकर आर्थिक रूप से महिलाएं सशक्त हो रहीं है। कृषि उपज का उचित मूल्य मिल रहा है । जिसके लिए सरकार कार्य कर रही है। पशुओं के लिए जो चारा का उपयोग किया जा रहा है। उसे भी सरकार कम मूल्य पर दिलाने का काम कर रही है । उनके द्वारा स्वयं सहायता से जुड़कर गरीबी को दूर करने की बात कही । ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित यह कंपनी पिछले तीन वर्षों से किसानों की मदद करते आई है। इसने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1 करोड़ 60 लाख रुपए का व्यापार किया था । जिसमें कुल 4.58 लाख का लाभ हुआ। इस कंपनी की स्थापना जेएसएलपीएस द्वारा चलाई जा रही जोहार परियोजना के अंतर्गत किया गया था। यह किसानों को खेती और पशुपालन से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराती है। इस वार्षिक आमसभा में कंपनी द्वारा आपसी समझौते से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी, जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय से आये तपस रंजन बेहरा,विशाल भेंगरा, जेएसएलपीएस पलामू के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

यूथ मोबलाइजेशन कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड परिसर में गुरुवार को मोबिलाइजेशन कैंप सह कौशल मेला का आयोजन किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राज्य से आए पीआरआई के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें सिलाई मशीन, ऑपरेटर, आईटी कंप्यूटर, सॉफ्ट स्किल इंग्लिश के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद शत प्रतिशत नौकरी की गारंटी, सरकार द्वारा स्वीकृति प्रमाण पत्र,मुफ्त प्रशिक्षण, मुफ्त आवास एवं भोजन,मुफ्त किताबें, मुफ्त यूनिफॉर्म का लाभ दिया जाएगा। तीन महीने का प्रशिक्षण कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भूपेश कुमार की रही। कैंप में युवक-युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया एवं ट्रेनिंग सेंटर जाने की सहमति जताई। प्रखंड क्षेत्र की खासकर युवतियों ने बढ़ चढ़कर कैंप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए बढ़-चढ़कर इस योजना से जुड़ने की आवश्यकता है। हैदरनगर की महिलाएं काफी जागरूक हैं। स्वरोजगार से जुड़ने की इनमें ललक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए सभी बढ़चढ़ आगे आयें गे। इस तरह के कैंप के आयोजन से बेरोजगार युवाओं को काफी लाभ मिलता है।

शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

उंटारी रोड। थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में सैकड़ों गणमान्य लोगों ने पूर्व की तरह इस बार भी सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप शांतिपूर्ण और आपसी समन्वय के तहत पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में उंटारी रोड बीडीओ सह सीओ ललित राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शिवकुमार व संचालन पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता ने किया। बैठक में जुटे सभी लोगों ने पर्व के दौरान आने वाली छोटी-मोटी परेशानियों का जिक्र करते हुए इसकी निदान पर चर्चा हुई। मुरमा खूर्द के मुखिया रामबच्चन राम ने अपने संबोधन में कहा कि आपसी तालमेल,सामाजिक मयार्दा और भारतीय सभ्यता संस्कृति के अनुरूप शांतिपूर्ण तरीके से पर्व-त्योहार मनाने से उसकी अहमियत और बढ़ जाती है। जोगा पंचायत के मुखिया पति रामकृष्ण पाल ने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड के लोग आपसी समन्वय का मिशाल पेश करते रहे हैं जो आगे भी बना रहेगा। थाना प्रभारी शिवकुमार ने कहा कि किसी भी तरह की कोई सूचना अगर मिलती है तो उसे प्रशासन से जरूर शेयर करें । ताकि उसपर त्वरित कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पर्व के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की और न ही कोई वैसा कार्य करने का अनुरोध किया। जिससे किसी की भावना आहत हो। उंटारी रोड बीडीओ सह सीओ ललित राम ने कहा कि त्योहार शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसे लेकर दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो प्रत्येक स्थिति पर नजर रखेंगे। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन रामबचन राम ने किया। मौके पर डॉ योगी सिंह, अगस्त तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, सुनील सिंह, अरूण कुमार,राजा कुमार, चंदन सिंह, रामजी चौधरी, राकेश कुमार, शंकर राम,सहित कई लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 03/2022–23 (1st Call) गैर–योजना मद

1.	विभाग का नाम	पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।
3.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	11.10.2022 एवं 12.10.2022 – अपराह्न 3:00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	13.10.2022 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	13.10.2022 को अपराह्न 3:30 बजे।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	(क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं॰–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा–835302.
7.	निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान	क्रमांक 6 के अनुसार।

8. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

क्र॰ सं॰	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	सर्किट हाऊस से बी॰एस॰ कॉलेज, लोहरदगा पथ में सुरक्षात्मक कार्य।	10,00,000.00	20,000.00	1,250.00	01 Month.
2.	कचहरी चौक से लोहरदगा स्टेशन पथ की साधारण मरम्मति, रंग–रोगन एवं सुरक्षात्मक कार्य।	15,00,000.00	30,000.00	2,500.00	01½ Month.
3.	कार्यपालक अभियंता के कार्यालय का रंग–रोगन कार्य।	15,00,000.00	30,000.00	2,500.00	01½ Month.
4.	पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय परिसर में बाऊँड्री वॉल का निर्माण कार्य।	30,00,000.00	60,000.00	5,000.00	02 Month.

1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को किसी या सभी निविदा को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 278989 (Lohardaga) 22-23 (D)

न्यूज गैलरी

15.77 करोड़ की लागत से तैयार डिग्री महाविद्यालय में पसरा है सन्नाटा

मेदिनीनगर। भारत सरकार ने पलामू को आकांक्षी जिला घोषित कर रखा है। पलामू समाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा हुआ है। महाविद्यालय के अभाव तथा आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में असमर्थ हैं। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय अंतर्गत एक डिग्री कॉलेज का भवन करीब 15.77 करोड़ की लागत से तैयार है। इसका उद्घाटन भी एक वर्ष पूर्व राज्यपाल के द्वारा भवन का उद्घाटन किया गया था। उसके बाद से यह भवन बन कर खाली पड़ा है। यहां सन्नाटा पसरा है।आज इस महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड के राज्यपाल रमेश बोस से मुलाकात की और उन्हें इस महत्वपूर्ण समस्या पर संज्ञान लेने हेतु ज्ञापन भी दिया। राज्यपाल को दिए ज्ञापन में पूर्व मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा विधानसभा में छतरपुर में डिग्री कॉलेज स्थापना करने का सवाल उठाया गया था। उस पर सरकार ने कार्रवाई करते हुए महाविद्यालय भवन बनाने की स्वीकृति दी थी। यहां नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा डिग्री महाविद्यालय का संचालन किया जाना है। वर्तमान में नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पलामू जिले में तीन ही अंगीभूत महाविद्यालय स्थापित है और तीनों महाविद्यालय डालटनगंज मुख्यालय में ही है।

असंगठित कामगार कांग्रेस ने अंकिता हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की

मेदिनीनगर। पलामू असंगठित कामगार कांग्रेस ने अंकिता के कातिलों को कड़ी सजा और मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की हैं। प्रमंडल प्रभारी सह चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने अंकिता हत्याकांड मामले में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दी जाए तथा सरकार मामले की पूरी जांच सीबीआई से करायें। उन्होंने कहा कि अंकिता के साथ जघन्य अपराध हुआ है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अंकिता हत्या मामले की जांच मे किसी तरह की कोताही व ढील नहीं बरती जाए। उन्होंने मांग किया है कि इसमें सलिप्त लोगों को जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक अदालत के माध्यम से कार्रवाई की जाएं। उन्होंने कहा कि लाल किले से मोदी ने कहा था कि महिला सुरक्षा, प्राथमिकता है। लेकिन इसके विपरीत उनकी पार्टी के सदस्य महिलाओ के खिलाफ अपराधों में शामिल हैं और उनके राज्य गुजरात में बलात्कार के आरोपियों को रिहा किया गया।

एकीकृत संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिले

मेदिनीनगर। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई के द्वारा शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। जिसमें मोर्चा के द्वारा आकलन परीक्षा में सभी प्रशिक्षित सहायक अध्यापक को शामिल करने, फीस घटाने एवं 100 अंकों की परीक्षा आयोजित करने के मांग को पुख्ता तरीके से रखा गया। साथ हीं वेतनमान, ईपीएफ, अनुकंपा, सीटेट आदि विषयों पर भी बातचीत की गई। जिसपर मंत्री ने दशहरा के पश्चात विभागीय अधिकारियों के साथ संघीय शिष्टमंडल को बुलाने की बात कही। वही प्रशासी पदाधिकारी एवं प्राथमिक शिक्षा के उप निदेशक से बातचीत कर मानदेय भुगतान की प्रक्रिया को गति देने की मांग किया गया। शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी से संघीय शिष्टमंडल मिलाकर टेट विसंगति से प्रभावित शिक्षको को रखने और टेट विसंगति दूर करने के साथ हीं विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग किया गया। शिष्टमंडल में नारायण महतो ,संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, दशरथ ठाकुर, प्रद्युम्न कुमार सिंह शामिल रहे।

भगवान का कथा देवताओं को भी दुर्लभ:अरुण शास्त्री

मेदिनीनगर। भगवान का कथा देवताओं को भी दुर्लभ हैं। कई जन्म जन्मांतर का फल एकत्रित होता है तो भगवान का कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है ।उक्त बातें शिव बेल में आयोजित दुर्गा पूजा के अवसर पर तीसरे दिन प्रवचन के दौरान स्वामी अरुण शास्त्री जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान के कथा श्रवण से सभी दुख दूर हो जाते हैं। व सुख शांति प्राप्त होती है ।उन्होंने कहा कि कलियुग में खासकर भगवान की कथा चरणामृत के समान है ।उन्होंने कहा कि जो भी भगवान की कथा सुनते हैं उनका सारा पाप दूर हो जाता है ।इस मौके पर उन्होंने शिव पार्वती ,राम के चरित्र ,राम वन गमन की कथा का रसपान कराया। काफी संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप के पहुंचकर भगवान के कथा का श्रवण किया। मौके पर समिति के लोगों द्वारा कथा पंडाल में लोगों के बैठने की सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था की गई थी।

प्रयोगशाला सहायक परीक्षा की तिथि में हुआ बदलाव

मेदिनीनगर। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा विज्ञापन संख्या - 13 / 2022 के तहत ली जाने वाली झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा के तिथि के बदलाव किया गया है ।अब प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा के लिये ऑनलाईन आवेदन 29 अगस्त से 28 सितंबर की मध्य रात्रि तक आंमत्रित किया जाना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऑनलाईन आवेदन की तिथि संशोधित की गई है। अब 13 अक्टूबर के मध्य रात्रि तक आवेदन जमा लिया जाएगा। वही 15 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक होगा। समर्पित ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन की तिथि 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के मध्य रात्रि तक किया जाएगा।

मृतक के भाई ने दुर्घटना को हत्या करार दिया

मेदिनीनगर। गारू थाना में पदस्थापित जवान अविनाश शंकर का शव बुधवार को पुलिस ने बरामद किया है। वह पड़वा थाने का रहनेवाला था ।उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। जवान अविनाश 26 को ही अपने पैतृक गांव पड़वा थाना क्षेत्र के छेछौरी आने के लिए गारू थाना से निकला था। मृतक जवान करीब चार बजे फोन कर अपने बेटा को घर आने की जानकारी दिया था। उसके बाद जवान का मोबाइल बंद हो गया था। मृतक जवान अविनाश की पहली पत्नी की मौत हो गई है। पहली पत्नी से एक लड़का व एक लड़की है। उसकी दूसरी शादी एक अक्टूबर को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गेठा में होने वाली थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। जवान अविनाश शादी के लिए ही घर आ रहा था। मृतक जवान अविनाश की मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है। मृतक के छोटे भाई जितेंद्र मेहता का कहना है कि उसके भैया की मौत दुर्घटना में नहीं हुआ है। उसके भैया की हत्या कर दी गई है। मृतक जवान के भाई जितेंद्र ने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

डीडीसी ने पांकी प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

सात रोजगार सेवकों से पूछा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने गुरुवार को पांकी में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया । जिसके पश्चात पांकी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्भय कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान डीडीसी ने एक-एक कर सभी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड कार्यालय में पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के दौरान पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्भय कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में इस योजना के तहत कार्य प्रारंभ है । सिर्फ एक पंचायत में कार्य अभी लंबित है। इस पर डीडीसी ने इस योजना को प्राथमिकता देते हुए अविलंब वंचित पंचायत में भी कार्य

प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया। वहीं आवश्यकतानुसार मैदान में ड्रेसिंग रूम के निर्माण कराने पर भी बल दिया। बैठक में डीडीसी ने बिरसा हरित ग्राम विकास योजना के प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि प्रखंड अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 142 एकड़ में पौधारोपण किया जाना है । जिसके विरुद्ध 93 एकड़ में फलदार वृक्ष लगाए गए हैं। इस पर उप विकास आयुक्त ने दिए गये लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करने की बात कही। इस तरह उन्होंने पाया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 22- 23 में प्रखंड के सात पंचायत में एक भी योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ नहीं हुआ है। ऐसे सभी सातों पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने पाया कि प्रखंड के कई लाभुकों द्वारा आवास का पैसा ले लेने के बावजूद भी अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने अगले एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों से राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। योजनाओं की समीक्षा के बाद उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने पांकी के तेतराई में जिला परिषद द्वारा बनाए गए दुकानों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर को दुकानों की मरम्मती व मजबूतीकरण कराने की बात कही। इस तरह उन्होंने तरहसी में बने दुकानों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे पंचायत सचिव,रोजगार सेवक समेत अन्य उपस्थित थे।

सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न होने को ले बुधवार को पंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने की। बैठक में एक दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालने,जुलूस का समय निर्धारित करने, संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल और दंडाधिकारी अधिकारी नियुक्त करने, हुड़दंगियों पर नजर रखने सहित अन्य मामलों पर विचार विमर्श किया गया। प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारे एवम सौहार्दपूर्ण वातारण में त्योहार को मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों से सावधान रहने की अपील की। कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश से दूर रहें। पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि पूजा के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें, कोई गलत सूचना प्राप्त हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को या उन्हें दे। बीडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। इसके अलावा उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश शांति समिति की बैठक में दी। थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने कहा कि पूजा समिति पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रयास करें । पूजा पंडाल में बराबर रौशनी का प्रबंध करें। पूजा पंडाल के आस पास ज्वलनशील पदार्थ दूर रखें। विसजर्न समय व निर्धारित मार्ग से करें। उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, मुखिया राजीव रंजन,मंदिप राम, पूर्व मुखिया मेघनाथ मेहता, मुकेश मेहता, दिलीप मेहता,गुड्डू सिंह, क्यूम अंसारी, कुनाल कुमार, लाखपती दुबे, अशोक प्रसाद, गुड्डु राम सहित दर्जनों पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

विधायक प्रतिनिधि ने उपायुक्त से किया शिक्षक पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जनता +2 उच्च विद्यालय विश्रामपुर में पदस्थापित शिक्षक मो० इरफान अंसारी के द्वारा इस्लामिक पुस्तक स्कूल के बच्चों एवं उनके अभिभावक को देकर इस्लाम धर्म का प्रचार एवं इस्लाम धर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म बताने को लेकर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने पलामू उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि जनता +2 उच्च विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक मो० इरफान अंसारी के द्वारा हिन्दू बच्चों और अभिभावक के बीच इस्लामिक किताब जबरन दिया जा रहा है। वहीं इस्लाम धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताकर इस्लाम का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शिक्षक द्वारा ये भी बताया जा रहा है कि हिन्दू कोई धर्म नहीं है ,उससे अच्छा इस्लाम धर्म है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी शिक्षक मो० इरफान अंसारी के द्वारा विद्यालय के छात्रों को जबरन उर्दू पढ़ने में बाध्य करना एवं मना करने पर सभी छात्रों को क्लास रूम में बंद कर मारपीट करने का मामला सामने आ चुका है। जिसे लेकर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्थानीय लोग एवं बच्चों के अभिभावक के बीच बैठक कर इस मामले का निष्पादन हुआ था। उन्होंने उपायुक्त से इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इसकी जांच करा कर मो0 इरफान अंसारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता ,गोपाल सोनी, रितेश कुमार, विनोद कुमार ठाकुर,अशोक कुमार,और श्याम मौजूद

पलामू में दुर्गा पूजा में भी होगी बारिश , ठंड का होगा एहसास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। बुधवार की रात से मौसम में बदलाव शुरू हुआ और गुरुवार की सुबह से लगातार बारिश होने लगा। पलामू सहित राज्य के ज्यादातर हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। जिसके कारण दुर्गा पूजा के लिए लगे पंडालों का सजावट भी खराब हो रहा है। बुधवार के दिन भी कई हिस्सों में बारिश हुई। जिसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कई इलाकों में बारिश की संभावना बनी हुई है। गुरुवार को मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगले एक से तीन घंटे में यहां के कुछ इलाकों में वज्रपात होने की आशंका है। बारिश भी हो सकती है। रांची मौसम केंद्र ने तात्कालिक अलर्ट जारी कर यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र के मुताबिक कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे के मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है। कई

जगहों पर तेज हवा भी चल सकती है। इसका असर गढ़वा, लातेहार, पलामू, पाकुड़, साहिबगंज, दुमका, गोड्डा, रामगढ़, रांची जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा।अलर्ट को देखते हुए लोग सावधान रहने रहें और जहां कहीं भी हों, वहां से सुरक्षित जगहों पर चले जाने को कहा गया है। पेड़ के नीचे खड़ा नहीं रहें। बिजली के खंभों से दूर रहें। किसानों को खेतों में नहीं जाने को कहा गया।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट : मौसम विभाग के अनुसार पलामू सहित अन्य जिलों में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तेज बारिश के आसार हैं। एक अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बन रहा है। जिसके कारण राज्य के ज्यादातर हिस्सों में इसका असर दिखाई दे रहा है। जिसके चलते राज्य के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 29 सितंबर और 30 सितंबर को राज्य में तेज बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जताई गई है। जिसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। लोगों से घरों में रहने की अपील की है।

तापमान में हुई गिरावट : लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों को राहत मिली है। वही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। जहां पलामू में अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, बीते दिनों से लगातार बारिश ने लोगों को और किसानों को बहुत राहत दी है। खेतो में लगें फसलों के लिए किसानों को बारिश से लाभ हो रहा है।

पलामू के जिन महादलितों का घर उजाड़ा, अब वे किस हाल में हैं

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से करीब 65 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातू गांव से समुदाय विशेष के लोगों ने महादलित- मुसहर जाति के 10 परिवारों को खदेड़ दिया था। इससे पहले उनके कच्चे घरों और झोपड़ी को ध्वस्त किया गया। उनके साथ मारपीट की गई। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ितों से मिलकर पुनर्वास का भरोसा दिलाया। एक महीने बाद भी पीड़ितों को ना आधार कार्ड मिला और ना ही पुनर्वास के लिए जमीन। पलामू जिला प्रशासन में पीड़ित महादलित परिवार के 54 सदस्यों को न्याय का भरोसा दिलाया। अस्थाई रूप से उनके रहने के लिए पांडू थाना के पुराने भवन में व्यवस्था की।आधार कार्ड और राशन कार्ड बनाने, प्रत्येक परिवार के नाम से 2 डिसमिल जमीन आवंटित करने और अंबेडकर आवास योजना के तहत

मकान देने की बात थी। एक महीने बीत जाने के बाद भी तमाम घोषणाएं धरातल पर नहीं उतरी हैं। पीड़ित परिवार पुनर्वास के लिए अंचल कार्यालय से पलामू जिला मुख्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। बुधवार को पांडू से नंदलाल मुसहर, जितेंद्र मुसहर, राधा देवी, उपेंद्र मुसहर डीसी ऑफिस पहुंचे। हालांकि किसी अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाई। सभी काफी निराश दिख रहे थे। नंदलाल मुसहर ने कहा- घटना के समय न्याय और पुनर्वास का भरोसा मिला था। अब कोई हमारी बातों को नहीं सुन रहा है। मुसहर जाति के लोग जिस जमीन पर रह रहे थे। विशेष समुदाय के लोगों का कहना था कि यह जमीन मदरसे की है। जबकि मूसहरों का कहना था कि यहां पर बरसों से बसे हुए। विशेष समुदाय के लोगों ने जबरन जमीन खाली कराई। फिलहाल प्रशासन ने जमीन पर धारा 144 लगा दी है।

क्या कहते है अधिकारी : अंचल अधिकारी राहुल उरांव का कहना है कि आधार कार्ड और राशन कार्ड प्रक्रियाधीन है। जमीन का पट्टा देने के लिए नउरा गांव में जमीन चिन्हित की गई है। राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इस कारण अब तक जमीन आवंटित नहीं की जा सकती है।

मेधा सूची जारी करने पर जेएसएससी अध्यक्ष का अभ्यार्थियों ने जताया आभार

मेदिनीनगर। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में जेएसएससी द्वारा इतिहास और नागरिक शास्त्र विषय के अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए मेधा सूची जारी की गई है। इसे लेकर अभ्यार्थियों ने जेएसएससी अध्यक्ष को बुके देकर आभार व्यक्त किया। अभ्यार्थियों ने कहा कि अब उनलोगों को उम्मीद जाग गया है कि भविष्य उनका अंधकार में नहीं बल्कि उज्ज्वल होगा। अभ्यार्थियों ने झारखंड सरकार को भी धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया बिगत पांच साल से चल रही गई। लगभग 18 हजार पदों पर नियुक्ति की जानी है लेकिन अभी तक केवल सात हजार पदों पर ही नियुक्ति की जा सकी है ।नियोजन नीति के फैसले में देरी होने के कारण नियुक्ति का मामला लटका हुआ था लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट से अंतिम फैसला आने के डेढ़ महीने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किया गया है।

लक्ष्य को केंद्रित करके मेहनत करें विद्यार्थी : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में बुधवार की संध्या कालीन बेला में शिष्य के जीवन में गुरु का महत्व विषय पर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि के रूप में रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्राचार्य परशुराम तिवारी और पलामू सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ कैनेडी उपस्थित रहे । सभी अतिथियों को पुष्प वर्षा के माध्यम से आवासीय परिसर में स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन ने सभी का बुके देकर स्वागत किया।सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित के साथ भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अथक परिश्रम और कड़ी मेहनत की बदौलत संत मरियम बेहतर स्कूल के रूप में स्थापित हो चुका है। जिसका परिणाम है कि संत मरियम स्कूल शहर के सर्वोच्च शिखर पर विद्यमान है । अपने संबोधन में रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि जिस विद्यालय को अविनाश का निर्देशन प्राप्त हो , जहां आदर्श स्थापित हो उस स्कूल का उत्कर्ष होने से कोई नहीं रोक सकता। सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ कैनेडी ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर विशेष बल देना चाहिए । अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसपी ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को याद करने की जगह किसी तथ्य को समझने पर फोकस करना चाहिए । क्योंकि तथ्य के साथ समझी हुई बातें सदैव याद रहती है । साथ ही उन्होंने सफलता के कई टिप्स भी दिए। मौके पर प्राचार्य आदर्श,के साथ श्याम, आंनद , सुधांशु , राहुल समेत कई लोग उपस्थित थे।

मरीजों से मनमाना पैसा वसूल रहे हैं,नर्स व बालाजी कंपनी के सफाई कर्मी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में अस्पताल कर्मियों द्वारा खुलेआम गरीब मरीजों को लूटने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को सदर अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती महिला मरीज के परिजनों ने बताया कि यहां हर काम के लिए सफाई कर्मी,नर्स,ओटी रूम के स्टाफ को पैसा देना पड़ता है। पैसा नहीं देने पर मरीज के परिजनों को यहां के स्टाफ कहते है कि अब आपके मरीज पर ध्यान नही देंगे। मरीज के परिजनों ने बताया कि सफाई कर्मी और अस्पताल के नर्स पैसा नहीं देने पर परिजनों से उलझ भी जाते हैं। वही पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सखुई निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी काजल कुमारी सदर अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती है। काजल कुमारी के परिजनों ने बताया कि उनका डिलीवरी ऑपरेशन के द्वारा हुआ था।ऑपरेशन होने के बाद वहां के एक स्टाफ द्वारा 700 रुपया मांगा गया। परिजनों ने यह समझकर पैसा दे दिया कि यहां का चार्ज ही 700 लगता है। और उन्होंने 700 रुपये महिला वार्ड के एक कर्मी

को दे भी दिया। परिजनों बताया कि सफाई कर्मी भी सफाई के नाम पर हमलोगों से पैसे की मांग करते रहते हैं। अस्पताल स्टाफ के इस रवैया से अस्पताल के सभी मरीज परेशान हैं। अस्पताल में मौजूद सभी कर्मचारियों को अच्छा खासा वेतन सरकार देती है। फिर भी लोग अवैध पैसे कमाने के लालच में मरीज को परेशान करते रहते हैं। प्रमंडलीय सदर अस्पताल में लोग काफी दूर-दूर से अपने इलाज के लिए आते हैं। जो भी मरीज यहां अपने इलाज के लिए आते हैं वे गरीब तबके के होते है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि जिस मरीज का नार्मल डिलीवरी होना रहता है, उनको भी यहां के नर्स और स्टाफ डरा धमका कर पैसे की मांग करते हैं। पैसे नहीं देने पर ऑपरेशन द्वारा डिलेवरी कराने की बात करती हैं। ऑपरेशन के डर से मजबूरी में मरीज के परिजन पैसे देने पर राजी हो जाते हैं ,तब जाकर उनका नॉर्मल डिलीवरी किया जाता है।

क्या कहते हैं अस्पताल अधीक्षक : वहीं अस्पताल अधीक्षक से इस संबंध में बात किया गया तो उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल में कोई भी कर्मी मरीज से पैसा मांगता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी,और उसे अस्पताल से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पैसा मांगने की घटना सत्य पाया जाता है तो उस कर्मी को अस्पताल से तुरंत हटा दिया जायेगा।

कोर्ट फीस विधेयक पर पुनर्विचार समय से करने की मांग : संतोष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। कोर्ट फीस विधेयक पर पुनर्विचार समय की मांग है । उक्त बातें अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि है झारखंड जनजातीय बहुल क्षेत्र है। ऐसे में एकाएक बेतहाशा कोर्ट फीस वृद्धि से लोगों को मुकदमा लड़ने में काफी परेशानी हो रही थी। राज्यपाल के द्वारा विधेयक को वापस कर सरकार को पुनर्विचार करने की आदेश का उन्होंने स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि बेतहाशा कोर्ट फीस में वृद्धि अव्यवहारिक है। इससे आम आवाम लोगों को सस्ते न्याय की कल्पना करना सपना जैसा था । राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार कर संसोधित विधेयक लाने को सरकार को निर्देश दिया है। जिससे सरकार को चाहिए कि विधेयक को संशोधित कर जनजातीय समुदाय को और गरीबी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट फीस तय करें । जिससे आम आवाम लोगों को मुकदमा लड़ने में सहूलियत हो सके। विदित हो कि स्टेट बार कौंसिल के निर्देश पर पूरे राज्य के अधिवक्ता इस बेतहासा कोर्ट फीस बढ़ोतरी के खिलाफ आंदोलन किये थे,तथा न्यायिक कार्य से अलग रखे थे। श्री पांडेय ने कहा कि कोर्ट फीस बढ़ोतरी विधेयक पर पुनर्विचार करने का राज्यपाल द्वारा सरकार को दिया गया निर्देश अधिवक्ताओं के चट्टानी एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है सरकार शीघ्र ही संसोधित बिल लायेगी।

न्यूज गैलरी

मृतक के परिजनों को समाजसेवी ने श्राद्ध कर्म में किया सहयोग

चिनियां। प्रखंड के डोल पंचायत के चपकली गांव मे बुधवार को मृतक के घर पहुंच कर समाजसेवी सह डोल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी गुप्ता ने श्राद्ध कर्म के लिए मृतक के परिजनों को 50 केजी चावल 50 केजी आटा 20 केजी आलू 1 टिन तेल तथा 5 किलो दाल देकर श्राद्ध कर्म के लिए सहयोग किया है। मौके पर समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व विश्वनाथ भुईया 42 वर्ष की मृत्यु इलाज के क्रम में हो गई थी। वह पिछले कुछ दिनों से टीवी बीमारी से पीड़ित थे जिसका इलाज सदर अस्पताल गढ़वा से चल रहा था। मौके पर समाजसेवी ने कहा कि मृतक के पत्नी को प्रखंड विकास पदाधिकारी चिनिया से मिलकर पारिवारिक लाभ दिलवाया जाएगा तथा हर संभव मदद की जाएगी। उधर घटना की जानकारी के बाद मृतक के घर राम किशुन सिंह, विजय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, शिवकुमार साह, महेंद्र प्रसाद,सुरेंद्र प्रसाद, रामचंद्र भुईया, सकेंद्र प्रसाद, सोमारु भुइयां, सहित कई लोग पहुंचकर मृतक के परिजनों के साथ शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिवार वालों को ढांढस बंधाया।

घरेलू विवाद में महिला ने खायी जहर

गढ़वा। सदर थाना क्षेत्र के बाजार निवासी इरफान अंसारी की पत्नी इमराना बीबी कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना के संबंध में परिजनो ने बात की किसी बात को लेकर घर में कहा सुनी हुआ था उसी के आक्रोश में कीटनाशक खा ली स्थिति बिगड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी सहित कर्मियों ने किया वृक्षारोपण

मंझिआंव/गढ़वा। अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मंझिआंव नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने सभी पत्रकार बन्धुओं के साथ फलदार आम का पौधा लगाया।वहीं नगर पंचायत के सभी कर्मी एवं पत्रकार बंधु ने एक-एक पौधा लगाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में तीन प्रजातियों का पौधा शामिल है। वही कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने कहीं प्रकृति हमें कई भेंट देती है, जो हमें जीवन में हमेशा सहायता करते है। उन्ही में से पेड़ पौधे प्रमुख है, जो व्यक्ति के जीवन को बनाए रखते है तथा शुद्ध वातावरण प्रदान करते है। जो एक स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है। पेड़ पौधे हमारे जीवन के संतुलन के साथ ही प्रकृति के संतुलन को भी बनाए रखते है। पेड़ पौधों से ही प्रकृति की सुन्दरता का दृश्य प्राप्त होता है। पेड़-पौधों के अभाव में प्रकृति का कोई आस्तित्व ही नहीं होता है। मौके पर संस्था प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, संजय विश्वकर्मा नाजिर अमित पाठक,विकास सिंह,अनूप तिवारी, रामाशीष राम तथा कई लोग शामिल थे।

चिकित्साकर्मियों ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने का लिया शपथ

गढ़वा। विश्व हृदय दिवस पर गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई गई। इसके तहत कर्मियों ने अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित प्रयत्नशील रहने, पौष्टिक आहार का सेवन करने, नियमित रुप से 20 मिनट तक व्यायाम, योग एवं अन्य शारीरिक क्रियाएं करने, किसी प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन नहीं करने, अपने आसपास के लोगों को भी स्वस्थ रहने में सहयोग करने का संकल्प लिया। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अवधेश सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने आसपास के लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक करें तथा स्वयं भी स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ रहे बिना जीवन अधूरा है। लोग इसके प्रति एक दूसरे को जागरूक करें ताकि लोग स्वस्थ जीवन जीएं। मौके पर डा. कुमार प्रशांत प्रमोद, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डीपीसी जेवियर एक्का, अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, शुभ्रा जयंत पवार, बिमलेश कुमार, सुबोध कुमार सिंह, संजय कुमार राय समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

एनसीडी सेल ने विश्व हृदय दिवस पर कार्यशाला का किया आयोजन

गढ़वा। सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा विभाग के सभागार में गुरुवार को विश्व हृदय दिवस दिवस पर एनसीडी सेल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सीएचओ को एनसीडी एप के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी डा. कौशल लाल सहगल ने सीएचओ को संबोधित करते हुए कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर एनसीडी स्क्रीनिंग में तेजी लाएं। समय रहते बीमारी पर नियंत्रण होने से हम उन्हें हृदयाघात, लकवा आदि जानलेवा बीमारी से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पीएचसी, सीएचसी स्तर पर एनसीडी स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध है। एनसीडी के अंतर्गत सभी परिवार का फैमिली फोल्डर बनाया जाना है। इसके पश्चात उस परिवार में 30 वर्ष से ऊपर के लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग किया जाना है। इस कार्य के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। कार्यशाला में सीएचसी गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, धुरकी एवं मझिआंव से आए सीएचओ एवं एएनएम तथा यूपीएचसी टंडवा, गढ़वा के एएनएम को एनसीडी स्क्रीनिंग व उससे संबंधित साफ्टवेयर एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सीएचओ सुशील कुमार, डा. रजनीश, डा. भानु, दिनेश मीणा, रोशलिमा मिंज, बबलू, अनुरंजन पांडेय, एनसीडी सेल के संजीव शरण, विनय शर्मा, राजकुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

श्री बंशीधर नगर में दशहरा पर्व को लेकर एसडीओ ने की बैठक, कहा

असमाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई करें

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। दशहरा पर्व को देखते हुये विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमण्डल सभागार में अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार व अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने सभी थाना प्रभारी,पुलिस निरीक्षक,अंचलाधिकारी व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में एसडीओ ने सभी बीडीओ व थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र के प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को उपायुक्त गढ़वा का संयुक्त आदेश ससमय तामिला कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को पूजा के दौरान विधि व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों व असमाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निषेधात्मक कार्रवाई के लिये प्रतिवेदन 30 सितम्बर तक कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारियों को संयुक्तरूप से सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण करने,सभी पूजा समिति से पूजा आयोजित करने व जुलूस निकालने सम्बन्धी आवेदन पत्र प्राप्त कर पुलिस निरीक्षक के माध्यम से एसडीपीओ कार्यालय को उपलब्ध कराने,सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र के डीजे संचालकों से तेज ध्वनि में तथा अश्लील,उतेजक गाना नही बजाने से सम्बंधित अंडर टेकिंग प्राप्त करने,पूजा समिति के साथ बैठक कर मूर्ति विसर्जन की तिथि, समय व स्थल की जानकारी लेने,मूर्ति विसर्जन स्थलों की विधिवत जांच कर स्थानीय तैराक व ट्यूब आदि की व्यवस्था बीडीओ व सीओ को अपने स्तर से करने का निर्देश दिया।

बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी को दिये दिशा-निर्देश

एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि विभिन्न जगहों पर अवैध शराब बनाने व जुआ खेलने की सूचना मिलती है। सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र में निरन्तर छापेमारी करने, पूजा के दौरान सूचना मिलने पर अविलंब सभी थाना प्रभारी, बीडीओ,सीओ कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर इसकी जानकारी अनुमण्डल व जिला नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विसर्जन जुलूस के दौरान सीसीटीवी कैमरा व वीडियोग्राफी की व्यवस्था बीडीओ व सीओ को अपने स्तर से कराने का निर्देश दिया। मौके पर नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम,सीओ अरुण मुंडा,धुरकि बीडीओ अरुण कुमार सिंह, केतार बीडीओ मुकेश मछुआ, रमना बीडीओ लतीत कुमार, सगमा बीडीओ सत्यम कुमार, भावनाथपुर सीओ रामशंकर श्रीवास्तव,नगर उंटारी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, धुरकी थाना प्रभारी सदानन्द कुमार, रमना थाना प्रभारी सुधांशु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हेताड़कला में बीमार पशुओं की जांच करने पहुंची चिकित्सकों की टीम

खबर की असर

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया। थाना क्षेत्र के हेताड कला गांव में हुए पशुओं की बीमारी के को लेकर पिछले दिन राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में बहुत ही प्रमुखता के साथ खबर छपी थी । जिसका असर आज देखने को मिला वही खबर छपने के बाद 24 घंटा के अंदर जिला पशु चिकित्सीय टीम हेताड कला गांव पहुंचकर बीमार हुए सभी पशुओं का चेकअप किए एवं डॉक्टरों के द्वारा पशुओं को सूई दवा भी दी गई । इस संदर्भ में बताते चलें कि हेताड कला गांव में बीते 1 महीनों से किसान काफी परेशान हैं । किसान बताते हैं कि हम लोगों की मवेशियों को लंमपी वायरस नामक बीमारी हो गई है जिससे लगातार पशु बीमार पड़ रहे हैं तथा दर्जन भर पशुओं की मौत भी हो चुकी है । वही गांव हेताड कला गांव पहुंचे डीएचओ शरद कुमार पंडित ने बताया कि हमारे डॉक्टरों की टीम गांव पहुंचकर सभी बीमार हुए पशुओं का चेकअप कर पशुपालकों की दवा दी गई है तथा बीमार पशुओं की ब्लड सैंपल लिया गया है सैंपल को रांची भेजा जाएगा। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि पशुओं में लमपी वायरस नामक बीमारी है या नहीं । मौके पर डीएचओ शरद कुमार पंडित सहित एसएचओ डॉक्टरों की टीम एवं एआई वर्कर संजय यादव तथा संजय प्रजापति उपस्थित थे ।

वर्षों से जारी देवीधाम विवाद को लेकर दोनों समुदायों में बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता

बिशुनपुरा/गढ़वा। थाना क्षेत्र के पतिहारी देवी धाम को लेकर चल रहे वर्षो से विवाद को लेकर 28 सितंबर दिन बुधवार को दोनों समुदाय के लोगो के साथ जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक की गई। उपस्थित पांचो ने यह निर्णय लिया कि धाम का जो स्थल है, उसक चारो तरफ मुस्लमान भाई लोग का घर है। अगर हिन्दू रिति रिवाज में देवी स्थान को दूसरे स्थान पर बैठाया जा सकता है तो विद्वानों से सलाह मशविरा कर धाम को हस्तानन्तर किया जाएगा। जिस हिसाब से पूर्वज पहले धाम पर पूजा पाठ किया करते थे उसी के अनुरूप पूजा पाठ किया जाएगा। जब धाम हस्तानन्तर होगा तो एक कठा जमीन इस्लाम मियां वैगरह देंगे। अगर विद्वानों के कहे अनुसार अगर धाम नही हटाया जा सकता तो धाम उसी स्थान पर रहेगा एवं जिस हिसाब से पूर्वजों द्वारा पूजा पाठ किया जाता था उसी अनुसार पूजा पाठ किया जाएगा। दोनो पक्षो ने अपनी अपनी सहमति से हस्ताक्षर नुमा कागजात तैयार किया कि भविष्य में कोई परेशानी न हो। पहले पक्ष में छकौड़ी ठाकुर, जितेंद्र रजवार, उमेश ठाकुर, आदित्य ठाकुर, लक्ष्मण पासवान वैगरह दूसरे पक्ष में इस्लाम सेख, तौफीक अंसारी, असरफ अंसारी, नुसार, सदाम अंसारी,अख्तर अंसारी, परवेज अंसारी वैगरह ने इस बात पर सहमति जताई। बैठक में पंचगण जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चन्द्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि मुना अंसारी, बलिराम सिंह, आलम अंसारी, अब्दुल लतीफ, सुरेश राम, हसमत अली, हरदेव सिंह, मुंद्रिका यादव, हिरामन यादव, मनोज यादव, गणपत साव, रामनाथ यादव, सदेनन्द रजवार उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

सभी वार्डों में विकास कार्य अनवरत जारी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या एक व तीन में 64 लाख की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि जोखू खान के घर से मैनुद्दीन खान के घर तक पीसीसी पथ, मंजूर खान के घर से साहब खान के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण तथा डाकघर से पनबहवा नाला तक आरसीसी नाली पटिया का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में विकास कार्य अनवरत जारी है। पीसीसी पथ व आरसीसी नाली का निर्माण सभी वार्डो में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल जल योजना के अंतर्गत जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य आगामी दस दिनों में प्रारम्भ करा दिया जायेगा। सभी वार्डो में प्रत्येक जल मीनार से 30-40 घरों में पाइप लाइन के द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जायेगा। विकास के मामले में नगर पंचायत क्षेत्र को अग्रणी पंक्ति में शामिल कराना मुख्य उद्देश्य है। कुछ लोग फेसबुक व सोशलमीडिया पर यह कहते हैं, कि सिर्फ शिलान्यास हो रहा है, कार्य नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर देखना चाहिए कि कितना कार्य हुआ है। प्रत्येक वार्ड में विकास हो रहा है,इसे देखा जा सकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वर्गों का विकास व उत्थान ही हमारी मुख्य प्राथमिकता है.मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,वार्ड पार्षद नसरुल्लाह खां, शकील अहमद गुल्लू, रंजन कुमार उर्फ छोटू, कनीय अभियंता उदय शंकर, सुमित कुमार, रिंकू देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

तिलदाग मोड़ के समीप बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल

गढ़वा। सदर थाना क्षेत्र के तिलदाग मोड़ के समीप हुई बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायलों में तिल्दा गांव निवासी विजय शर्मा का पुत्र राजू शर्मा जनेश्वर शर्मा का पुत्र मिंटू शर्मा और पलामू जिले के रबदा गांव निवासी कुलदीप शर्मा का पुत्र बबलू शर्मा शामिल है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर तिलदाग मोड़ से घर जा रहे थे उसी दौरान तिलदाग मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

चार माह से राशन नही मिलने पर लाभुकों ने किया हंगामा

भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी हैं : लाभुक

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखण्ड के अरसली दक्षिणी पंचायत के चेरवाडीह टोला के लाभुकों ने डीलर द्वारा चार माह से राशन नही मिलने से प्रखण्ड कार्यालय पहुच कर जम कर हंगामा किया। लाभुक चुटरी देवी, काजो देवी, शिल्पा कुंवर, उषा देवी, बबिता देवी, धर्मशीला देवी, चिंता देवी,लाखो देवी, अनिता देवी, गीता देवी, कौशल्या देवी, सफीउला अंसारी, शिवकुमार विश्वकर्मा, रिजवान अंसारी सहित सैकड़ो लाभुकों ने कहा कि क्षेत्र में अकाल है। पर्व त्योहार का समय हमलोग को चार महीने से राशन नही मिला है। हमलोग खाना खाएं बिना रहे हैं। नन्द किशोर सिंह डीलर को हटाए 15 दिन हो गए लेकिन अधिकारीयों की लापरवाही के कारण लोग को आज तक राशन नही मिल पाया। जिससे हमलोगों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताते चले कि 15 सितम्बर को चेरवाडीह के लाभुकों द्वारा हंगामा के सूचना पर पहुचे बीडीओ जयपाल महतो ने जांच किया तो चेरवाडीह का डीलर नंदकिशोर सिंह नशे में धुत था और कई माह से लाभुकों का पौष मसीन से पर्ची निकाला गया था लेकिन लाभुकों को अनाज नही देने की पुष्टि हुई थी जिसके आलोक में बीडीओ ने गढ़वा डीएसओ को कारवाई के लिए लिखे थे जिसके डीएसओ द्वारा डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया था स्पस्टीकरण का संतुष्ट जवाब नही देने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पत्रांक 751 दिनांक 29/9/2022 के माध्यम से निलंबित कर दिया गया था

क्या कहते हैं एमओः भवनाथपुर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि डीलर को निलंबित कर दिया गया है बहुत जल्द नजदीकी डीलर से टैग कर राशन का वितरण कराया जाएगा।

केतार बाजार में प्रतिबंधित गुटखा के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

केतार। बंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर गुरुवार को बीडीओ मुकेश मछुआ ने केतार बाजार में आधा दर्जन दुकानों में छापेमारी कर 45 पैकेट प्रतिबंधित गुटखा बरामद किया है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया की राज्य में गुटखा ,पान मसाला बंद है। ऐसे में गुटखा और पान मसाला को बेचना कानून जुर्म है। उन्होंने बताया की इस बार दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है अगली बार गुटखा बेचते पकड़े गये तो केस दर्ज किया जायेगा। गौरतलब है की राज्य में पान पराग, शिखर,मधु, निर्मल, बहार, विमल सहित अन्य गुटखा पर प्रतिबंध लगाया गया है। छापामारी की खबर फैलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गई। छापामारी दल में प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, मनरेगा लेखापाल जितेन्द्र कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

नवादा गांव में मारपीट में वृद्ध गंभीर रूप से हुआ घायल

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी रघुनाथ बिंद मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अद्दू बिंदु आपस में झगड़ा कर रहे थे। जिसके बाद लीलावती देवी अपने भाई को फोन कर बुलाया। जिसके बाद उसके भाई के आने तक अद्दू बिंद घर पर नहीं था। उसी गुस्से में लीलावती देवी, छोटू बिंद, रामदुलार बिंद आदि लोग ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सो मे गंभीर चोट आई है।

लाभुकों ने डीलर पर चार माह का राशन नही देने का आरोप लगाते हुए जमकर किया हंगामा

हम लोग पॉश मशीन में अंगूठा भी लगा दिये हैं, फिर भी नहीं मिला राशन : कार्डधारी

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। बुधवार को सिसरी पंचायत के अंधरी टोला के सुहाग महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर सुशीला देवी के ऊपर तीन से चार माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाकर लाभुको ने हंगामा किया। लाभुक सुनैना देवी, सहोदर देवी, किसमती देवी, नागवनता देवी, नजमुन बीबी, अजमेरन बीबी, फातमा बीबी आदि ने बताया डीलर के ससुर मदन सिंह समय पर कभी राशन नहीं देते है। हमलोगो को जून, जुलाई, अगस्त का राशन अभी तक नहीं मिला। जबकि हम लोग पॉश मशीन में अंगूठा भी लगाए दिए है। जब हमलोग डीलर से राशन का मांग करते है तो डीलर हमलोगों पर आग बबूला हो जाते है। साथ ही बोलते है कि अभी दुकान में राशन नहीं है। जब राशन होगा तो आपलोगो को खबर कर वितरण करेंगे। जबकि वही डीलर गांव के अपने चहेते लोगो को लगातार राशन दे रहे है। मुखिया श्वेता देवी ने बताया लाभुको ने डीलर पर जून माह तक का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। अगर डीलर बकाया राशन लाभुकों के बीच वितरण कर देता है तो ठीक है। वरना जितने लाभुकों का अभी तक राशन बकाया है उसकी एक सूची तैयार कर एमओ से मिलकर डीलर के ऊपर कार्रवाई करने की मांग करेंगे। वही उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा मेरे पास भी लाभुको ने तीन से चार माह का राशन नहीं देने का शिकायत किया है। आज जब लाभुक डीलर के पास राशन लेने गए थे तो मुझे भी बुलाए थे। तीन से चार माह तक डीलर द्वारा राशन का वितरण नहीं करना गलत है। ऐसे डीलरों पर जांचकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए। इस संबंध में एमओ बीडीओ गणेश महतो ने बताया 3 से 4 माह तक लाभुको को राशन नहीं मिलना गलत है। इसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे।

वन विभाग ने सात साईकिल पर लदा 16 पीस सखुआ का बोटा किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। बीती रात बन कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर तथा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से सात साइकिल पर लदे 16 पिस सखुआं का बना बनाया हुआ बेशकीमती चौपहल को जब्त किया है। लकड़ी तस्कर साइकिल समेत लकड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि रंका पश्चिमी वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के निर्देश पर यह बड़ी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। हम लोगों को यह सूचना मिली थी कि चपकली रोड तथा तहले रोड से लकड़ी तस्कर साइकिल से लकड़ी लेकर दूसरे प्रखंड में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। वही त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर तहले रोड तथा चपकली रोड के पावर हाउस के पास से सात साइकिल पर लदे 16 पीस सखुआ का बेशकीमती बना बनाया हुआ चौपाल को जप्त किया गया है। मौके से लकड़ी तस्कर साइकिल समेत लकड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे। वही जब्त किए गए चौपाल की कीमत लगभग 30000 बताई जा रही है । मौके पर प्रभारी बन पालन उमेश कुमार, वन कर्मी उमेश सिंह, प्रेमचंद दास, रंजीत सिंह, व राधेश्याम प्रसाद इस अभियान में शामिल थे ।

न्यूज गैलरी

लातेहार के विभिन्न चौक-चौराहों में चलाया गया सफाई अभियान

लातेहार। पर्यटन, कला संस्कृति , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज जिले के विभिन्न चौक चौराहों, आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में बालक एथलेटिक्स आवासीय के छात्रों के साथ जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने भी श्रमदान किया। जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रचलन बंद करते हुए डस्टबीन का उपयोग करें। इस दौरान जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी एवं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव द्वारा डस्टबिन झाड़ू एवं सफाई उपकरण भी डिस्ट्रीब्यूटर किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला प्रशासन द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में खिलाड़ियों एवं अन्य सभी के सहयोग से स्वच्छता मुहिम चलायी जा रही है।

सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में कन्या पूजन का आयोजन

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में कन्या पूजन का कार्यक्रम भक्ति भाव से तथा उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघचालक राजमणि प्रसाद एवं विद्यालय के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर उपस्थित थे। कक्षा अरुण, उदय एवं प्रथम की बहनों का कन्या पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक बहनों का पैर प्रक्षालन का कार्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं सभी दीदी, आचार्य के द्वारा किया गया तथा उनका विधिवत आरती तिलक कर पूजन किया गया ।इस कार्यक्रम में माता दुर्गा के 9 रूपो का ज्वलंत झांकी प्रस्तुत किया गया ।माता के नौ रूपों में कक्षा नवम, दशम की बहनें काफी आकर्षक एवं मनोरम लग रही थी। माता के 9 रूपों का विधिवत आरती एवं पूजन किया गया। सभी भैया / बहनों ने भी आरती पूजन में भाग लिया तथा मां दुर्गा का आशीर्वचन प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य / दीदी की सहभागिता रही ।

जिपस कन्हाई सिंह ने किया मंगरा गांव का दौरा, ग्रामीणों के साथ की बैठक

बरवाडीह। प्रखंड पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने मंगरा गांव का दौरा किया। मौके पर जिप सदस्य ने भुइयां टोली में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की जिसमें ग्रामीणों ने मंगरा रेलवे क्रॉसिंग नहीं बनने पर आक्रोश जताते हुए जल्द से जल्द इसके निर्माण की मांग की। कन्हाई सिंह ने मौके पर ग्रामीणों को बड़ी से बड़ी संख्या में उकामाड़ एवम मंगरा में रेलवे क्रॉसिंग के निर्माण, बरवाडीह एवम छिपादोहर में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर दो अक्टूबर कोबरवाडीह रेलवे स्टेशन में होने वाले अनशन में भाग लेने का आह्वान किया। वही बैठक दो को होने वाली कार्यक्रम से पूर्व 1 अक्टूबर की शाम को मंगरा गांव में मशाल जुलुस निकलने का निर्णय लिया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

खेल मैदान निर्माण का बीपीओ ने किया निरीक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत जवाहर फुटबॉल मैदान में वीर सिंह पोटो हो खेल मैदान निर्माण कार्य का बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने निरीक्षण किया। इस दौरान बीपीओ ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत वीर सिंह पोटो हो खेल मैदान बनाया जा रहा है। जिसको 15 अक्टूबर तक पूर्ण कर बंद करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इसके बाद खेल मैदान परिसर में शौचालय के साथ गेम चेंजर रूम भी बनाया जाएगा। वहीं रोजगार सेवकों को खेल मैदान के कार्य में तेजी लाने का निर्देश बीपीओ ने दिया।

प्रतापपुर मुख्य चौक पर अतिक्रमण से राहगीर को आवागमन में हो रही परेशानी

चतरा। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक पर सब्जी विक्रेताओं और आड़े तिरछे मोटरसाइकिल लगाने वालों के कारण रास्ता ही अतिक्रमण का शिकार हो जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रतापपुर मुख्य चौक पर एक किनारे में कुछ सब्जी विक्रेता दुकान लगाते थे, पर धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती गई और अब यह मुख्य सड़क पर दुकानें लगने लगी हैं, जिसमें वाहनों का आवागमन होता रहता है। ऐसे हालात में कभी तो लोग बाल-बाल दुर्घटना से बचते देखे गए हैं। सब्जी लेने या मार्केटिंग करने पहुंचे लोगों द्वारा मोटरसाइकिल भी जहां-तहां आड़े तिरछे सड़क किनारे खड़ा किए जाने से भी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। दुसरी ओर ना ही इस अतिक्रमण पर प्रशासन की नजर है और ना ही धूप हो या बारिश हर मौसम में मुश्किलों का सामना करने वाले सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं पर। व्यवसायी रुपेश चौरसिया व अन्य का मानना है कि यदि सड़क के किनारे ही छायादार शेड़ लगाकर सब्जी बेचने के लिए व्यवस्था प्रखंड या पंचायत के योजनाओं से कर दी जाती तो थोड़ा सुकून मिलता।

दो अवैध महुआ शराब भट्ठी किया ध्वस्त

मयूरहंड(चतरा)। गुरुवार को पुलिस टीम ने अभियान चलाकर मयूरहंड थाना क्षेत्र के ढेबादेरी एवं दुहैय गांव में अवैध रूप से संचालित दो महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। पुलिस टीम ने महुआ शराब बनाने को रखे कई ड्राम जावा महुआ के साथ शराब बनाने वाले उपकरणो को भी नष्ट किया। थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ढेबादेरी एवं दुहैय गांव में बडे पैमाने पर अवैध शराब चुलाई का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए भट्ठी को नष्ट कर दिया गया और संचालक की पहचान की जा रही है। पहचान करने के बाद सभी पर मद्ध निषेध अधिनियमन के तहत कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का धंधा नही चलने दिया जाएगा। अभियान में सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

डीसी ने की कृषि, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण के कार्यों की समीक्षा, कहा

योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं यथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पशुपालन विभाग से संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गभाधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम, बंध्याकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गभाधान समेत मत्सय विभाग एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर कार्यों में गति लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त ने दिए। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम

में पशुपालन विभाग द्वारा लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने में धीमि कार्य गति को देख नराजगी जताते हुए कार्यशैली में सुधार करते हुए शीघ्र योजनाओं से लाभुकों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराने का निर्देश दिया। ऋण माफी योजना को लेकर भी संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

मयूरहंड (चतरा)। गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण सह जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख मिकी देवी, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, एसएचजी की दीपिका कुमारी एवं सामाजिक आंकेक्षण के अजीत प्रजापति ज्यूरी टीम के सदस्य शामिल थे। जनसुनवाई के दौरान वितीय वर्ष 2020-21 की 50 लंबित योजनाओं से जुड़े मामले ज्यूरी के समक्ष आए। मामलों की समीक्षा के बाद ज्यूरी सदस्यों ने पंदनी तथा सोकी पंचायत में अभिलेख में एमबी नहीं रहने के कारण कनिय अभियंता मनोज कुमार पर पांच-पांच सौ का जुमार्ना लगाने के साथ पंद्रह दिन में एमबी लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं फुलांग पंचायत में मास्टर रॉल में जाली हस्ताक्षर को लेकर बीपीओ अजय कुमार सिन्हा को पांच सौ रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही लंबित योजनाओं को पंद्रह दिन के अंदर पूरा करने का समय दिया गया। जनसुनवाई मे बीपीओ राजीव रंजन सिंह, कनिय अभियंता उमेश कुमार पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, चंदन कुमार, सामाजिक आंकेक्षण सदस्य गणेश कुमार यादव, अजित कुमार के अलावे रोजगार सेवक व बीएफटी आदि उपस्थित थे।

बीस कार्टून अवैध शराब लदे वाहन के साथ एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र से 20 कार्टून अवैध शराब लदे पिकअप वाहन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए एडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि हंटरगंज-कौलेश्वरी मुख्य पथ पर स्थित कटैया जंगल के समीप से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पिकअप वैन जेएच13 डी 0580 को रोक कर तलासी ली गई, जिसमें 20 कार्टून में अवैध शराब बरांमद करने के साथ नीरज कुमार नामक थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी को गिरफ्तार किया गया। 20 कार्टून में बंद 750, 375 और 180 एमएल के 708 बोतल गोल्डन जुबली व्हिस्की मिला। साथ ही हीरो पैशन प्रो बाइक व तस्कर का मोबाइल भी जप्त किया गया है। अभीयान में थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, एसआई नितेश दुबे, एएसआई गिरधारी राय, सुनील कुमार दुबे व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

शिविर में पहुंचे 600 बच्चे, खाता खुलाने के लिए आवेदन जमा हुए 60

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में गुरुवार को एचडीएफसी बैंक द्वारा स्कूली बच्चों का बैंक खाता खोलने के लिये प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 600 से अधिक बच्चे व उनके अभिभावक पहुंचे थे। लेकिन शिविर में मात्र 60 बच्चों का ही खाता खोलने के लिये आवेदन जमा हो पाया। इससे बच्चों व उनके अभिभावकों ने नाराजगी व्यक्त की। अधिकांश बच्चे बिना आवेदन किये ही बैरंग लौट गये। कई अभिभावकों ने बताया कि सुबह 9 बजे से ही बच्चों को लेकर शिविर में पहुंचे थे। लेकिन बैंक के कर्मचारी शिविर में 12 बजे पहुंचे। शिविर में पिंडारकोण गांव से पहुंची सुषमा देवी ने बताया कि खाता खुलाने के लिए कई लोग 15 किमी की दूरी तय कर यहां पहुंचे।

परन्तु बैंक कर्मी द्वारा आवेदन पत्र खत्म होने की बात कही गई और बच्चे बिना खाता खुलवाए बैरंग लौट गये। साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हुई। बीआरसी के लेखपाल जैनेंद्र कुमार ने बताया कि प्रखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आधा से अधिक बच्चों का बैंक खाता नही खुल पाया है। इससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बच्चों तक नही पहुंच पा रही है।

डीएलएस सचिव ने की पीएलभी के साथ ओरिएंटेशन मीटिंग

टेली लॉ से संबंधित दी गयी कई जानकारियां

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई ने सभी 30 पैरा लीगल वालंटियर के साथ ओरयटेशन मीटिंग की। जिसमें पैनल अधिवक्ता प्रवीन रंजन ने उपस्थित पीएलभी को टेली लॉ से संबंधित सभी जानकारियां दी और रजिस्ट्रेशन के बारे में बताया, ताकि वे अपने ब्लॉक में सामान्य जनता तक टेली लॉ की जानकारी पहुंचा सके तथा सचिव श्रमती बाजपेई ने उपस्थित सभी पीएलभी को निर्देश दिया की आगामी 12 नवंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करें। साथ ही सभी को ग्राम स्तर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को टेली लॉ की जानकारी देने की बात कही।

मेगा लीगल इनफॉर्मेंट कैंप को लेकर हुई बैठक

चतरा। गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में अगामी मेगा लीगल इनफॉर्मेंट कैंप को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसका संचालन प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपेई ने की। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में आगामी 6 नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा लीगल इनफॉर्मेंट कैंप को सफल बनाने को लेकर संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ प्रचार प्रसार पर करने पर भी जोर दिया। बैठक में सदर एसडीओ मुमताज अंसारी, सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. श्याम नंदन, श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अरुण एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमनी कुमारी, एजुकेशन ऑफिसर, डीपीआरओ व संबंधित उपस्थित थे।

जयराम महतो की पहली पुण्यतिथि पर किया गया पौधारोपण

गिद्धौर(चतरा)। धोबिनयां घाट में स्वर्गीय जयराम महतो की पहली पुण्यतिथि पर एक दर्जन पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्य मुकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत समाजिक व धर्मिक विचारधारा के व्यक्ती थे। उनके विचारधारा को प्रखंड के लोगों ने अपनाने के साथ सराहना भी किया। साथ ही पौधारोपण के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर मुन्नी राम दांगी, विजय शंकर दांगी, अजय शंकर दांगी सहित अन्य शामिल थे।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पर्यटन स्थल नेतरहाट में चलाया गया सफाई अभियान

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महुआडांड़ के पर्यटन स्थल नेतरहाट में सफाई अभियान चलाया गया।

यह सफाई अभियान एसबीएम प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद की अगुवाई में किया गया। जहां प्रखण्ड के कई जलसहिया उपस्थित हुए ।इस दौरान नेतरहाट के सरकारी स्कूल, नेतरहाट बाजार टांड़, सनसेट पॉइंट व आने जाने वाले रास्ते में तथा अगल बगल समेत अन्य स्थानों पर साफ सफाई किया गया। इस दौरान लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही जल सहियाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर रैली का भी निकाली गई। इस संबंध में एसबीएम प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद ने कहा कि पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर महुआडांड़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बुधवार को पर्यटन स्थल नेतरहाट के सरकारी स्कूल नेतरहाट बाजार टांड़ एवं सनसेट पॉइंट में सफाई अभियान चलाया गया है। इस अभियान में नेतरहाट पंसस चांदनी भगत, साधु किसान, इमरान खान, बेरोनिका किरो,गेंदवंती टोप्पो, देवी, मनिला लकड़ा समेत अन्य लोग मोजूद थे।

मिरचैया फॉल मे चला स्वच्छता पखवाड़ा

गारू। जिला परिषद सदस्य जीरा देवी प्रमुख सीता देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू की अध्यक्षता में बहुचर्चित एवं सुप्रसिद्ध मिरचैया फॉल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया ।इस बीच मिरचैया फॉल में आये पर्यटकों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही ।कूड़ा कचरा को डस्टबिन में ही डालने को लेकर पर्यटकों को बताया गया ।उपस्थित प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया गया ।इस स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान श्याम सागर पांडेय, प्रखंड समन्वयक राजीव प्रसाद,संतोष कुमार एवं प्रखंड की सभी जलसहिया ने भाग लिया।

मनिका में भुइयां समाज की बैठक में आरोपियों को फांसी देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। मनिका प्रखंड मुख्यालय मेअखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के द्वारा बकोरिया में महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले के विरोध में बैठक किया गया। बैठक में समाज के लोगों ने दुष्कर्म के 6 आरोपियों को सरकार से जल्द से जल्द फांसी की सजा देने का मांग किया। और दुष्कर्म की शिकार हुई पीड़िता को सरकार से 5 लाख रुपए मुआवजा देने के साथ पीड़ित महिला, उसके पति और रिश्तेदार को सुरक्षा देने की सरकार से मांग किया गया। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले छह आरोपियों को जब तक सरकार के द्वारा फांसी की सजा नहीं दी जाती है। तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर समाज प्रभारी सिखेश्वर राम,अध्यक्ष रामेश्वर भुइयां, सचिव जगदेव भुइयां, कोषाध्यक्ष प्रदीप भुइयां, नरेश भुइयां, लल्लू भुइयां, पंकज भुइयां, सुकुल भुइयां, कमलेश्वर भुइयां, मनोज, महेश, नारायण, रोशन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

बरवाडीह। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बीडीओ राकेश सहाय के नेतृत्व में प्रखंड के कई क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता संस्था के प्रति जागरूक किया गया।
जागरूकता अभियान में लोगों से अपने आसपास के जगहों को साफ रखने पीआर जोर दिया गया।
कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन बरवाडीह प्रखंड की टीम जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत पर्यटन स्थलों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत बीडीओ के नेतृत्व में जलसहियाओं ने कैचकी संगम तट पर फैले हुए कचरे को साफ किया गया। मौके पर केचकि पंचायत मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार वार्ड सदस्य प्रभावती देवी समेत कई जल सहिया भी उपस्थित थे।

चकला मेन पावर कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

अपनी मांगे पूरी नहीं होने तक लड़ते रहेंगे: नौशाद

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के चकला बाना स्थित अभिजीत ग्रुप प्लांट परिसर में मुस्तर खान की अध्यक्षता में मेन पावर कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन धर्मेंद्र पांडे कर रहे थे। बैठक में आने वाली डिवलाइट कंपनी से अपनी मांगों के बारे में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने वक्तव्य को सबके सामने रखा। ज्ञात हो कि वर्षो से बंद पड़ी अभिजीत ग्रुप प्लांट के फेज दो स्क्रैप होने वाला है। डिवलाइट नामक कम्पनी ने नीलामी में बोली लगाकर खरीदी है कर्मचारी संघ ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अभिजीत ग्रुप प्लांट का स्क्रैप होने से यहां कार्यरत सैकड़ों मैन पावर कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे। जिससे मेन पावर कर्मियों का भविष्य अंधकार में चला

जायेगा। संघ के सचिव नौशाद खान ने कहा की हम मेन पावर के हक के लिए लड़ेंगे जब तक कंपनी हमारी मांग नहीं मानेगा। यहां से एक किल तक नहीं ले जाने देंगे। वही मंच का संचालन कर रहे धर्मेंद्र पांडे ने मेन पावर को मजबूती से अपने हक के लिए लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक में आदित्य शाही, भंडारी भगत, यशवंत प्रजापति, दिनेश उरांव, मजहर खान, राजू, राकेश सिंह, प्रकाश राम, साबिर खान, कालेश्वर उरांव, तौफीक खान, फिरोज खान, मुस्ताक खान, कमलेश साव, फैयाज खान, नीलकंठ ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में मेन पावर कर्मी मौजूद थे।

जिप सदस्य ने समस्याओं को लेकर स्टेशन अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा

बरवाडीह। पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने रेलवे सम्बन्धित समस्याओं को लेकर 2 अक्तूबर को अपने निर्धारित अनशन कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को बरवाडीह स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उकामाड़ एवम मंगरा रेलवे लाईन में फाटक या अंडर ग्राउंड रेलवे क्रॉसिंग बनाने, बरवाडीह एवम छिपादोहर स्टेशन पर पूर्व की भांति एक्सप्रेस/ट्रेनों की ठहराव की मांग को लेकर 2 अक्तूबर को संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय अनशन का अकरम की कार्यक्रम की सूचना दी। जानकारी हो कि जिप सदस्य द्वारा कार्यक्रम की सफलता को लेकर संबंधित गांवों में बैठक कर ग्रामीणों को एकजुट करते हुए अधिक से अधिक भीड़ जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी ने उनकी मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। मौके पर उकामाड़ ग्राम प्रधान देवनाथ सिंह,उकामाड़ उप मुखिया राजेंद्र सिंह, मुरू ग्राम की वार्ड सदस्य फूनी देवी, सुदामा राम, जीतन सिंह, सत्यम कुमार एवम अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जवाहर नवोदय विद्यालय में 15 दिनों से चले आ रहे हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित की गई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ आर पी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे । सभी शिक्षकों ने भी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने से नवागंतुक छठवीं क्लास में नामांकित बच्चों के अंदर ऊर्जा

का संचार होगा। साथ ही पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी लोगों को राजभाषा हिंदी का सम्मान करने की बात कही । साथ ही साथ अधिक से अधिक बच्चों को इस तरह की प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन कमलेश कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

न्यूज गैलरी

राज्यसभा सांसद ने किया सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन

लोहरदगा। जिले के न्यू रोड बिलाल मस्जिद के समीप सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद कमलेश कुमार और कांग्रेसी नेता नेसार अहमद भी रहे उपस्थित। शहर के बीच स्थित सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल में मरीजों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। इस अस्पताल में आईसीयू एनआईसीयू चाइल्ड केयर मदर केयर के साथ-साथ 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जिले में इस तरह के आधुनिक फैसिलिटी से लैस हॉस्पिटल का उद्घाटन लोहरदगा के लिए बहुत गर्व की बात है। मेडिकल सेवा में लोहरदगा लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और इस सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल का आज उद्घाटन कर और यहां की चिकित्सा व्यवस्था देख मुझे बहुत हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि मरीज हॉस्पिटल में आकर अच्छी चिकित्सा लाभ ले और मैं उम्मीद करता हूं कि मरीजों को यहां अच्छा लाभ मिले और सेहतमंद होकर अपने घर को जाए। इसी में मेरी खुशी होगी। वही मौके पर सिटी हेल्थ केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक मोहम्मद मिनहाज, वलीद अनवर, अब्दुल वारिस समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सिमडेगा आईटीआई कॉलेज में विभिन्न ट्रेडों के लिए आज तक नामांकन जारी

सिमडेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सीमा लकड़ा ने बताया कि जिल में सरकारी तीन आई.टी.आई. कॉलेज है। जहां विभिन्न ट्रेडो में नामांकन जारी है। 30 सितम्बर 2022 तक नामांकन होना है। नामांकन शुल्क 500 रुपए है, जो कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वापस कर दिया जाएगा। बालिका आई.टी.आई. में 43 सीट है। जिसमें इलेक्ट्रोनिक मशीन एवं हाउस किपर का सीट है। सामान्य आई.टी.आई. बालक, बालिका में इलेक्ट्रोनिक, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायरमैन, मशीनिस्ट एवं वेल्डर का सीट है। बानो एल.डब्लू.ई. आई.टी.आई में इलेक्ट्रोनिक, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायरमैन, मशीनिस्ट एवं वेल्डर का सीट है। इक्छुप लाभार्थी सीधे आई.टी.आई में आकर कर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के लिए जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता होगी, जो कि 10 एवं 12 कक्षा का मार्कशीट, एडमिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, कॉलेज का सी.एल.सी/एस.एल.सी. एवं दो फोटो लगेगा। नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी मोबाईल नम्बर 9661940369 एवं 7250938182 से भी प्राप्त की जा सकती है।

मेला व रावण दहन कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर किया कमिटी गठन

सेन्हा-लोहरदगा। हेसवे ग्राम में दुर्गा पूजा के अवसर पर विजय दशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम करने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर समिति गठन किया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में रामजीत यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा के अवसर पर हेसवे में मेला एवं विजया दशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने पर प्रकाश डालते हुए सुचारू रूप से संचालित को लेकर कमिटी का गठन किया गया। साथ ही मेला व रावण दहन कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए। विचार विमर्श किया गया। जिसमे मेला आयोजन कमिटी सह रावण कार्यक्रम के लिये अध्यक्ष विश्वनाथ मिस्त्री, उपाध्यक्ष वासदेव उरांव, ज्योएश कुजूर, सचिव अर्जुन मिस्त्री को बनाया गया। मौके पर त्रिलोकीनाथ सिंह, भीखराम भगत, बिनोद मुंडा, संजय उरांव, जयपाल मिस्त्री, तिवारी उरांव, रमेश मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

गांव स्तरीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का समापन

सेन्हा/ लोहरदगा। पशुपालन विभाग द्वारा विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन गुरुवार को किया गया। समापन के अंतिम दिन अलौदी और मेंटगड़ा गांव में शिविर लगाया गया था। अलौदी में 100 किसानों को कृमि नाषक दवा मिनरल मिक्स्चर एवम लिवर के लिये टॉनिक सिरप मुफ्त में दिया गया। जिससे पशु को अनेकों तरह के विमारी से बचा जा सके। सरकार द्वारा योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये डॉक्टर रोहित ने कहा कि सरकार किसानों के लिये सब्सिडी में गाय बैल भैस बकरी सुवर मुर्गी इत्यादि अन्य तरह का पशु को प्रदान करती है उसका आप लोग लाभ उठाएं । शिविर में विभाग के संजय सिंह, कविता कुमारी सहित कृषक मौजूद थे।

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला विंग की अध्यक्ष बनी पिंकी प्रसाद

सिमडेगा। सिमडेगा निवासी भाजपा नेत्री पिंकी प्रसाद को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन सिमडेगा जिला महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला विंग की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संपत्ति कुमारी ने इस बाबत पत्र जारी करते हुए पिंकी प्रसाद के नेतृत्व में संगठन मजबूत होने की बात कही है एवं उन्हें बधाई भी दी है। पिंकी प्रसाद के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला बैंक के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालो में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, दुर्गविजय सिंहदेव, दीपक पूरी, श्रद्धानंद बेसरा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री देवी, फुलसुन्दरी देवी, संतोष बामलिया, शिखा अग्रवाल सहित सभी कार्यकताओं ने बधाई दी है।

आपसी सहयोग से ग्रामीणों ने किया देवी मंडप का जीर्णोद्धार

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा के डोका ग्राम में 10 वर्ष पूर्व देवी मंडप का जीणोद्धार कार्य होने के पश्चात लोग पूजा अर्चना करते आए परंतु समय बीतते ही देवी मंडप काफी जर्जर हो चुका था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से देवी मंडप जीर्णोद्धार कार्य में जुटे। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत डोका ग्राम में ग्राम प्रधान नारायण उरांव व पुजार भोला उरांव की अगुवाई में ग्रामीणों ने देवी मण्डप का जीणोद्धार कार्य आरम्भ करने के पूर्व ग्राम में बैठक कर सर्वसहमति से आर्थिक व शारीरिक सहयोग से जीणोद्धार का निर्णय लिया गया था। वही ग्राम प्रधान नारायण उरांव ने बताया कि देवी मंडप काफी जर्जर हो गया था। लगभग 10 वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार किया गया था। साथ ही कहा कि दुर्गा पूजा नजदीक है। ग्रामीण महिलाएं देवी मंडप में श्रद्धा भक्ति से पूजा करती हैं। देवी मंडप जर्जर होने के कारण ग्रामीण भक्तो को पूजा करने में काफी परेशानी हो रही थी। जिसको देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से जीणोद्धार कार्य में हम सभी ग्रामीण जुटे हुए है। मौके पर कृष्णा साहू, महेंद्र भगत, योगेन्द्र उरांव, ईश्वर साहू, रघु लोहरा, गणेश्वर यादव, गोपाल साहू, पहल लोहरा, जगदीश लकड़ा, सिकेन्द्र उरांव, निकेश उरांव सहित सभी ग्रामीण मौजूद थे।

डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक, कहा

केसीसी आवेदनों पर बैंक प्रबंधक सहानुभूति पूर्वक विचार करें

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में क्रेडिट-डेबिट अनुपात, कृषि क्षेत्र में उपलब्धि, एमएसएमई, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा ऋण, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। केसीसी के आवेदनों की समीक्षा में उप विकास आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि केसीसी आवेदनों पर बैंक प्रबंधक सहानुभूति पूर्वक विचार करें, आवेदनों को वापस लौटाते समय आवेदक का सिविल स्कोर, आवेदक का बैंक के सेवा क्षेत्र से बाहर होना और नोट वाइवल जैसी टिप्पणी से बचें और आवेदन को वापस नहीं लौटायें, जब तक कोई ठोस कारण ना हो। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को भी निदेश दिया गया कि इस संबंध में एक लिखित आदेश के माध्यम से इस बात को जिला के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को अवगत करा दें।

डेयरी प्रोजेक्ट को लेकर ग्रामीणों से की गयी परिचर्चा

कुडू - लोहरदगा। जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार आकांक्षी जिला प्रोग्राम के तहत जिले को प्राप्त अवार्ड मनी से प्रखंड के जिमा पंचायत में डेयरी प्रोजेक्ट की संभावनाओं को तलाशने एवं उसे सफल बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड के जिमा पंचायत भवन में ग्रामीणों परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला पशुपालन सह गव्य विकास पदाधिकारी डॉ अनूप, जिला सहकारिता पदाधिकारी अभय भूषण क्रांति, जिला परियोजना पदाधिकारी जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन, बीडीओ मनोरंजन कुमार उपस्थित रहे। मौके पर डेयरी परियोजना हेतु उपयुक्त स्थल एवं अविवादित पर्याप्त भूमि की उपलब्धता, चारा उत्पादन हेतु पर्याप्त गैर मजरुवा भूमि एवं जल की उपलब्धता, चयनित स्थल से मुख्यपथ तक सम्पर्कता स्थिति, डेयरी हेतु चयनित लाभुको एवं उपस्थित ग्रामीण के रूचि एवं विचारऔर व्यक्तिगत रूप से सफल डेयरी व्यवसायी से वार्ता करने एवं पूर्व में संचालित डेयरी परियोजना के असफलता की समीक्षा करने पर परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में कुडू और जिमा पंचायत की मुखिया, पसस सहित सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अन्य योजनाओं के आवेदन के बिंदु पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि बैंकों में भेजे गये आवेदन, निष्पादित और लंबित की समीक्षा कर लें और उसे जल्द से जल्द निष्पादित करायें। कोई भी बैंक अपने पास आवेदन लंबित नहीं रखें। बैठक में ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से इस वित्तीय वर्ष में युवक-युवतियों को दिये गये विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। डीडीएम, नाबार्ड द्वारा ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप और उसे दिये जाने वाले ऋण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला उद्योग प्रबंधक नीलम केरकेट्टा, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, संबंधित बैंकों के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

कोलकाता में बने महादेव के भव्य मंदिर का प्रारूप दिखायेगा थाना परिसर पूजा समिति

- 45 फिट ऊंचे स्थान पर बैठे महादेव के जटाओ से बहेगी गंगा की अविरल धारा

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले में कोरोना के कारण दो वर्षों के बाद दुर्गा पूजा धूम धाम से मानने को लेकर तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। सभी पूजा समिति इस वर्ष पूजा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक प्रतिमा व विद्युत सज्जा की सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर तैयारी जोरों पर है। वहीं शहरी क्षेत्र के जय मां दुर्गा पूजा समिति थाना परिसर द्वारा इस वर्ष भी भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। समिति के अध्यक्ष सुमित घोष व सचिव रोहित ओझा के नेतृत्व में समिति द्वारा भव्य पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा किए जाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बताया गया कि समिति 1983 से लगातार पूजा का आयोजन करती आ रही है। वहीं इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण और आकर्षण विद्युत सजा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पंडाल के रूप में कोलकाता में बने महादेव के विभिन्न रूपों का चमत्कारी मंदिर का प्रारूप तैयार किया जाएगा। जिसकी चौड़ाई 30 फिट व ऊंचाई 45 फिट होगी। जो काफी आकर्षक होगा। वहीं पंडाल के चोटी पर खुद महादेव उपस्थित होंगे। जिनकी जटा से गंगा की अविरल धारा बहेगी। पंडाल के अंदर स्थापित सभी देवी देवता बंगला साज में होंगे। जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। वहीं झालदा के कारीगर राजू कुमार द्वारा प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में विद्युत सज्जा कर क्षेत्र को रोशन किया जाएगा। साथ ही नवमी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सब में लगभग छः लाख रुपए का बजट तय की गई है। कहा कि पंडाल परिसर और बाहर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा, पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही समिति के सारे पदाधिकारी व सदस्य सुरक्षा और विधि व्यवस्था को सही तरीके से बनाए रखने में तत्पर रहेंगे।

मंत्री पुत्र समाजसेवी रोहित प्रियदर्शी ने देवस्थल पूजा प्रांगण पहुंचकर नवरात्र की दी बधाई

लोहरदगा। देव स्थल शांति नगर किस्को मोड़ पूजा स्थल में मंत्री पुत्र समाज सेवी रोहित प्रियदर्शी, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा देवस्थल प्रांगण आकर दुर्गा पूजन उत्सव की बधाई दी। मौके पर देवस्थल के पुरोहित आचार्य बंशीधर मिश्र के नेतृत्व में देवस्थल पूजा समिति की ओर से दोनों आगत अतिथियों का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। समाज सेवी रोहित प्रियदर्शी द्वारा देवस्थल पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं अभिभावकों से कुशल क्षेम पूछा। मंदिर परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने सबों को आपसी सौहार्द एवं धूमधाम के साथ शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजनोत्सव का आयोजन करने की बात कही। उन्होंने देवस्थल पहुंचकर हर्ष व्यक्त किया। मौके पर पूजा समिति के ओर से गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, बबन प्रसाद, नरेश साहू, मुंशी साहू, वैद्यनाथ प्रसाद 'गुड्डूस', शिव प्रसाद साहू, नीरज साहू, अरुण वर्मा, अजय भारती, अभिनाथ सिंह, पंकज गुप्ता समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में नन्ही दुनिया का भव्य शुभारंभ

छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्रिया आधारित शिक्षा व मातृभाषा में शिक्षण लाभकारी : शशिधर अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में गुरुवार को नन्हीं दुनिया प्ले स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समाहित करते हुए प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात शिशु वाटिका नन्ही दुनिया के 12 गतिविधियां जो 8 क्रियाकलाप विद्यालय के अंदर तथा तरणताल उद्यान जंतु शाला एवं क्रीडांगण 4 गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने बताया कि इस के माध्यम से भैया बहनों के अंतर्गत क्रियात्मक शोध का विकास तथा क्रियाशीलता के आधार पर सीखने की क्षमता का विकास होगा। जिसके द्वारा वह बालक अधिक शिक्षा प्राप्त कर सकेगा जो बालक के मस्तिष्क पर अमित प्रभाव छोड़ेगा। इस प्ले स्कूल में विभिन्न प्रकार के खेल सामग्रियों के माध्यम से छोटे छोटे बच्चों को उनके पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षा दिया जाएगा। शिशु मंदिर के नन्ही दुनिया प्ले स्कूल में क्रीडांगण, प्रयोगशाला, रंगमंच, चिड़ियाघर, उद्यान, तरणताल, कला शाला, वस्तु प्रदर्शनी, विज्ञान प्रयोगशाला, कार्यशाला, शैक्षिक व्यवस्था, आधुनिक कार्यप्रणाली पर की गई हैं। शिशु वाटिका की प्रमुख आचार्य सरिता जायसवाल ने विधिवत आठों विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बच्चों को खेल खेल के माध्यम से तथा करके सीखने बच्चों में सीखने की ललक बढ़ जाती है। शिक्षा नीति के इस नवीनतम कदम से विद्यालय एवं समाज के विकास में सहयोग मिलेगा। प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने बताया कि खेलकूद शिशुओं के स्वास्थ्य तथा शारीरिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विद्यालय की ओर से बनाए गए पार्क से लाभान्वित होने का आह्वान किया। मौके पर उपाध्यक्ष विनोद राय, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य शोभा जीतराम, शिव शंकर सिंह, प्रधानाचार्य संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, विद्यालय के आचार्य नंद किशोर साहू, गणेश साहू, अशोक साहू, प्रमोद साहू, जगदीश पांडे, अशोक सिंह, महेंद्र कुमार मिश्रा, सरिता जायसवाल, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी देवी तथा विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप की फायरिंग प्रतियोगिता में गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने जीते नौ मेडल

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप की फायरिंग प्रतियोगिता में एनसीसी गुमला के कैडेट्स ने कुल नौ मेडल अपने नाम कर देश की राजधानी में अपना परचम लहराया है। गुमला जैसे छोटे कस्बे के लिए गरिमा का यह क्षण 46 झारखंड बटालियन की एनसीसी ने अपने नाम किया है। जीतने वाले कैडेट्स में चंचल कुमारी ने एक कृष्णा कुमार ने 2, प्रियम राज ने 1 व रोहन साहु ने 1 गोल्ड मेडल हासिल किया है। वहीं चंचल कुमारी को 1 तथा श्वेता कुमारी को 1 सिल्वर मेडल हासिल हुआ है। जबकि प्रियम राज को 1 व प्रतिभा कुमारी 1ब्रोंज मेडल प्राप्त हुआ। एक साथ कुल 9 मेडल हासिल करने का विशेष श्रेय 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के कमांडिंग ऑफिसर सुदीप सिन्हा को जाता है जिनके अथक प्रयास एवं जुझारूपन के कारण झारखंड के सुदूर जंगल में बसे गुमला जिले के गांवो के छात्र जिनके पास मूलभूत सुविधाओं की कमी होने के बावजूद कैडेट्स की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने देते हैं और नित्य विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों में कैडेट्स को मार्गदर्शन देते हैं। इस वर्ष मई महीने के पहले सप्ताह से प्री टीएससी ट्रेनिंग के नाम से बीएड कॉलेज गुमला कैंपस में कोई 100 कैडेट्स को फायरिंग की ट्रेनिंग दी गई जिसमें ग्रुप फायर और टाइमिंग फायर करवा कर 1 सप्ताह में 38 बच्चों का चयन किया गया। इन बच्चो को 1 जुलाई से 10 जुलाई तक जमशेदपुर में हो रहे टीएससी कैंप में भेजा गया। वहां पर 11 कैडेट्स का चयन 10 अगस्त से 12 सितंबर तक बरौनी में हो रहे सीएटीस कैंप के लिए किया गया। वहाँ कठिन प्रतियोगिता में हालांकि 45 कैडेट्स अपना स्थान अगले दौर के लिए नहीं बना पाए पर 46 बटालियन के 8 कैडेटस का चयन हो पाया जो कि अंततः दिल्ली में सही मौके को भुना कर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के लिए तमगों की झड़ी लगा दी। क्वालीफायर्स राउंड में सबसे अच्छा करने वालों में ताशा झा और वंदना कुमारी हैं जोकि दिल्ली में स्वास्थ्य समस्या के कारण भाग नहीं ले पाई।

सिमडेगा में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। दुगार्पूजा में सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। जिले के अधिकतर पूजा पंडालो का पट सप्तमी को खुल जाएगा। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था को ले प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी है। सभी पूजा समितियों को पंडाल परिसर में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे प्रशासन के द्वारा भी सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जाएगी। सिविल ड्रेस में भी कई पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पंडालो में अग्निशमन उपकरण, बालू से भरी बाल्टी और पानी की उपलब्धता भी निश्चत करने का निर्देश जारी किया गया है। पंडालो में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग दर्शन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे स्वागत और निकास द्वार को भी खुला और चौड़ा बनवाया गया है।

आकांक्षी जिला प्रभारी का सिमडेगा में हुआ आगमन, विकास कार्यों का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिले में भारत सरकार आकांक्षी जिला प्रभारी अधिकारी कमलेश कुमार पंत का आगमन हुआ। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभारी अधिकारी ने आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल सिमडेगा जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया। कोलेबिरा प्रखंड के पोगलोया ग्राम में रागी प्रोसेसिंग सेन्टर का शुभारंभ किया गया, वहीं ईमली प्रोसेसिंग सेन्टर का निरीक्षण कर उत्पादन कार्य का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होने ग्रमीणों से मुखातिब हुए। उन्होने कहा कि आपके क्षेत्र में नई शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन को इसके लिए बधाई देता हूं। मडुआ की खेती कम पानी में भी काफी अच्छा पैदावार होता है। मडुआ पोष्टिक आहार है। रागी प्रोसेसिंग शुरू होने से मडुआ के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ हीं आजीविका एवं आय में भी इजाफा होगा। जिला प्रभारी ने परिसदन भवन में पदाधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। निर्धारित इंडिकेटर्स यथा- स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन तथा अन्य संबंधित प्रक्षेत्र, आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास हेतु क्रियान्ति विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। सभी इंडिकेटर्स के लिए निर्धारित लक्ष्यों के प्रति कार्य करते हुए ससमय लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होने जल जीवन मिशन, जल शक्ति, बुनियादी शिक्षा अभियान सहित मछली पालन, कुपोषण, एनिमिया, नेटवर्क सुविधा एवं अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, आईटीडीए निदेशक सलन भुईंया, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, सिविल सर्जन, जल शक्ति मंत्रालय के तकनीकी पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियता उपस्थित थें।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी संपन्न

स्वस्थ बच्चे हमारे देश की नींव, पौष्टिक आहार जरूरी : डॉ. सरोज कुमार देबनाथ

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर, कुजरा, लोहरदगा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शन का समापन 29 सितंबर, 2022, गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय के द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर पोषण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी गईं, साथ में छात्राओं के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस के तहत आम, आंवला, केला, अमरूद, आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. सरोज कुमार देबनाथ, केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के लैब टेक्नीशियन बिपलब गांगुली, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा की प्राचार्या अमृता मिश्रा एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित थी।

अपने संबोधन में डॉ. सरोज कुमार देबनाथ, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, कोलकाता ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। और जब हर इंसान स्वस्थ होगा तभी एक स्वस्थ देश की परिकल्पना सिद्ध होगी। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए नियमित रूप से पौष्टिक आहार खाएं और फोलिक एसिड की गोली लें। उन्होंने जंक फूड से दूर रहते हुए पोषक तत्व युक्त चीजें खाने की सलाह दी।

बिपलब गांगुली, लैब टेक्नीशियन, केंद्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय ने कहा कि समाज के कुछ लोग जागरूकता के अभाव में कुपोषित हो रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि उनके घर में ही बहुत सी ऐसी चीजें होती हैं जिनके सेवन से हमारे शरीर को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। उन्होंने पोषण के पांच सूत्रों की जानकारी देते हुए पोषण के संदेश को गांव-गांव में फैलाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं के बेहतर संयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की सराहना की।

इससे पहले केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा ने सभी का अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की कार्यालय प्रमुख महविश रहमान ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, प्रीति गुप्ता, मदन कुमार महतो, सत्यम सतलज, निर्भय कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग के गौतम और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

▸▸ प्रदर्शनी स्थल पर पोषण किट का वितरण

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय ने प्रदर्शनी स्थल से छात्राओं के बीच पोषण किट का वितरण किया। साथ ही पोषण से संबंधित जानकारी के पैंपलेट भी छात्राओं के बीच बांटे।

▸▸ प्रदर्शनी स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोलकाता, आयुष मंत्रालय के सौजन्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस के तहत आम, आंवला, केला, अमरूद, कटहल आदि के करीब 30 पौधे लगाए गए।

▸▸ स्वतंत्रा सेनानी आजादी क्वेस्ट गेम से जुड़ी जानकारी प्रदर्शनी में शामिल

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है जिसकी स्टैंडी प्रदर्शन में लगाई गई है। हिंदी पखवाड़े से जुड़ी स्टडी का भी प्रदर्शन किया गया है।

▸▸ गीत संगीत एवं नृत्य से अमृत महोत्सव का संदेश

प्रदर्शनी स्थल पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें विद्यालय द्वारा काफी सराहा गया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में लगभग दो सप्ताह से गिर रही कच्चे तेल की कीमतों के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.46 प्रतिशत गिरकर 88.91 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 0.41 प्रतिशत के दबाव से 81.81 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

अंबुजा सीमेंट्स ने कर्ज के लिए एसीसी में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी गिरवी रखी

नयी दिल्ली। अडाणी समूह के नियंत्रण वाली अंबुजा सीमेंट्स ने अपनी अनुषंगी एसीसी लिमिटेड में ऋण के लिए अपनी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी गिरवी रखी है। अंबुजा सीमेंट्स ने बुधवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कंपनी ने 26 सितंबर, 2022 को एसीसी लिमिटेड में अपने कुल 9.39 करोड़ शेयर गिरवी रखे हैं। अडाणी समूह ने मॉरीशस की एसपीवी एंडेवर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (ईटीआईएल) के जरिये अंबुजा और एसीसी दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया है। ईटीआईएल दरअसल एक्सेंट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (एक्सटीआईएल) के स्वामित्व वाली कंपनी है। अडाणी समूह ने पिछले सप्ताह कहा था कि उसने अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी में अपनी पूरी हिस्सेदारी 13 अरब डॉलर की गिरवी रख दी है।

आईएसडी इंटरनेट कॉल को भेजने वाले 30 एक्सचेंजों का भंडाफोड़

नयी दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने ऐसे 30 एक्सचेंजों का भंडाफोड़ किया है जो इंटरनेट के माध्यम से आने वाले विदेशी कॉल को घरेलू स्तर पर मोबाइल या वायरलाइन ग्राहकों तक पहुंचा रहे थे। दूरसंचार विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पिछले चार महीने में इस तरह के 30 एक्सचेंजों का पता चला है जो लगातार इंटरनेट से आने वाले आईएसडी कॉल को घरेलू स्तर पर मोबाइल या लैंडलाइन उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है। इसमें विदेशी कॉल के लिए इंटरनेट का उपयोग किया जाता है और फिर घरेलू स्तर पर मोबाइल या लैंडलाइन का उपयोग किया जाता है जिसकी देश में अनुमति नहीं है। इस तरह का अवैध एक्सचेंज न सिर्फ सुरक्षा के लिए खतरा है बल्कि इससे सरकार को राजस्व का भी नुकसान होता है। दूरसंचार विभाग ने लोगों से इस तरह के अवैध एक्सचेंजों के कॉल से बचने की अपील की है। इस तरह के कॉल मिलने पर शिकायत करने के लिए कॉल नंबर जारी किया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/05/2022-23 जिसका PR No.-276576 (Rural Development) 22-23 (D) के द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 05.09.2022 के स्थान पर 06.10.2022 एवं कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 12.09.2022 के स्थान पर दिनांक–13.10.2022 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 13.09.2022 के स्थान पर 14.10.2022 तथा निविदा खोलने की तिथि 14.09.2022 के स्थान पर 17.10.2022 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.278892 Rural Development(22-23):D

NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deapt., Govt. of Jharkhand)

NOTICE INVITING TENDER

Enquiry No- 1705 **Dated- 29-09-2022**

Sealed tenders are invited from Netarhat Residential School, Netarhat from Manufacturers, Companies, Authorized Distributors, Dealers and reputed firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply, Installation and Furnishing of newly renovated Ashrams with Furniture with necessary fittings at Netarhat Residential School situated at Netarhat, District- Latehar.

1.	**Name of the Tender**	Supply, Installation and Furnishing of newly renovated Ashrams with Furniture with necessary fittings at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand
2.	**Scope of Work**	Supply, Installation and Furnishing of newly renovated Ashrams with Furniture with necessary fittings at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand
3.	**Name and Address of the Office Inviting Tender**	Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, District- Latehar
4.	**Date of Publication of Tender on Website**	29.09.2022 at 1 P.M.
5.	**Last Date and Time for receipt of Bids**	21.10.2022 at 2.30 P.M
6.	**Date of Opening of the Tender**	22.10.2022at 11:30 A.M (Technical Bid) 25.10.2022 at 11:30 P.M (Financial bid of only those firms who are found eligible in technical bids)
7.	**Contact Persons with Details**	**1. Dr. Santosh kumar Singh (Principal)** Official Contact No- 6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com

Complete details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/- (Santosh kr. Singh)
Principal
Netarhat Residential School Netarhat

PR 278919 (Human Resource Developement)22-23*D

Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

Notice Inviting Short Tender

e-Tender Reference No. 08/2022-23 **Date- 29-09-2022**

S. No.	Gr. No.	Name of the Work	Approx Value of work (in Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable)	Period of completion
1	1	Development and Beautification of Toilet block, Sankh River, Lohardaga	3331127.00	66,650.00	10000.00	180 Days
2	2	Development and Beautification of Toilet block, Court Compound, Lohardaga	3323475.00	66,500.00	10000.00	180 Days
3	3	Development and Beautification of Toilet block, Maina Bagicha, Lohardaga	3323958.00	66,500.00	10000.00	180 Days
4	4	Development and Beautification of Toilet block, Kachahari more, Lohardaga	3255872.00	65,200.00	10000.00	180 Days

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

Sl. No.	Procurement Officer	date of tender publish on website	Last date for submission of tender fee and earnest money.	Availability of tender on line for bidding		Place, Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F	G
1.	Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga	06-10-2022 Time 10:30 AM	N.P. Lohardaga 21-10-2022 up to 3:00 P.M.	Bid downloading Date- 06-10-2022 Time 11:00 A.M To Date 20-10-2022 Time 5:00 P.M.	Bid submission Date- 06-10-2022 Time 11:30 P.M To Date 20-10-2022 Time 5:00 P.M.	N.P. Lohardaga Date 22-10-2022 Time 03:30 P.M

Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 278963 Lohardaga (22-23)_D

झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (प्रथम निविदा)

ई-टेण्डर रिफ्रेंस नं. : **RCD/LOHARDAGA-671/2022-23** दिनांक : 27.09.2022

1.	कार्य का नाम	लोहरदगा–गंगूपाड़ा–पेशरार पथ के 15वें कि.मी. में **Land Sliding** के कारण मिट्टी हटाने एवं सुरक्षात्मक कार्य।
2.(क)	निविदा की राशि	रू. 60,00,000.00 (साठ लाख)।
(ख)	अग्रधन राशि	रू. 1,20,000.00 (एक लाख बीस हजार)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 (तीन) माह।
4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	11.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	17.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग पथ, प्रमण्डल, लोहरदगा।
8.	प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं.	8709320541
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं.	0651–2401010

नोट :– कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब–साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.278981 Lohardaga(22-23):D

झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड।

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (प्रथम निविदा)

ई-टेण्डर रिफ्रेंस नं. : **RCD/LOHARDAGA-669/2022-23** दिनांक : 27.09.2022

1.	कार्य का नाम	शंख–चतरा (लुकैया मोड़) पथ के कि.मी. 19वें, 20वें एवं 21वें में 200 मीटर, 2 मी. ऊँचाई में गार्डवॉल का निर्माण कार्य।
2.(क)	निविदा की राशि	रू. 60,00,000.00 (साठ लाख)।
(ख)	अग्रधन राशि	रू. 1,20,000.00 (एक लाख बीस हजार)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 (तीन) माह।
4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	11.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	17.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।
8.	प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं.	8709320541
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं.	0651–2401010

नोट :–कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब–साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 278977 (Lohardaga) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (प्रथम निविदा)

ई–टेण्डर रिफ्रेंस नं. : RCD/LOHARDAGA-670/2022-23 दिनांक : 27.09.2022

1.	कार्य का नाम	केशा मोड़–माण्डर पथ के 4थे कि.मी. में 200 मीटर, 2 मी. ऊँचाई में गार्डवॉल का निर्माण कार्य।
2.(क)	निविदा की राशि	रू. 60,00,000.00 (साठ लाख)।
(ख)	अग्रधन राशि	रू. 1,20,000.00 (एक लाख बीस हजार)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 (तीन) माह।
4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	11.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	17.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।
8.	प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं.	8709320541
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं.	0651–2401010

नोट :– कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब–साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 278978 Lohardaga (22-23)_D

झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ प्रमण्डल, लोहरदगा, झारखण्ड

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस (प्रथम निविदा)

ई–टेण्डर रिफ्रेंस नं. : **RCD/LOHARDAGA-672/2022-23** दिनांक : 27.09.2022

1.	कार्य का नाम	केशा मोड़–माण्डर पथ के कि.मी. 16वें में अवस्थित उच्च स्तरीय सेतु के पहुँच पथ का सुरक्षात्मक कार्य।
2.(क)	निविदा की राशि	रू. 1,25,00,000.00 (एक करोड़ पच्चीस लाख)।
(ख)	अग्रधन राशि	रू. 2,50,000.00 (दो लाख पचास हजार)
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (छः) माह।
4.	वेब–साईट में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.10.2022 मध्याह्न 12:00 बजे तक।
5.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	11.10.2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे से।
6.	वेबसाईट में निविदा खुलने की तिथि	17.10.2022 पूर्वाह्न 12:30 बजे से।
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम और पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।
8.	प्रोक्योरमेंट ऑफिसर का सम्पर्क नं.	8709320541
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं.	0651–2401010

नोट :– कृपया विस्तृत जानकारी के लिए वेब–साईट https://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.278985 Lohardaga(22-23):D

Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

Notice Inviting Tender

e-Tender Reference No. 07/2022-23 **Date- 29-09-2022**

S. No.	Name of the Work	Approx Value of work (in Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable)	Period of completion
1	Development of Park, Lohardaga	2,64,30,942.00	2,64,310.00	10,000.00	15 Month

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

Sl. No.	Procurement Officer	date of tender publish on website	Last date for submission of tender fee and earnest money.	Availability of tender on line for bidding		Place, Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F	G
1.	Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga	06-10-2022 Time 10:30 AM	N.P. Lohardaga 28-10-2022 up to 3:00 P.M.	Bid downloading Date- 06-10-2022 Time 11:00 A.M To Date 27-10-2022 Time 5:00 P.M.	Bid submission Date- 06-10-2022 Time 11:30 P.M To Date 27-10-2022 Time 5:00 P.M.	N.P. Lohardaga Date 29-10-2022 Time 03:30 P.M

Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 278969 (Lohardaga) 22-23 (D)

Government of Jharkhand
Urban Development Department
Medininagar Municipal Corporation

Short e-Procurment Retender Notice

S.l.	Tender id	Name of work	Estimate	Earnest Money	Tender Fee	Completion Of Work
		Part – A				
1	UDHD/MMC/65/2022-23	Construction of road from Redma 2 No. Town Aam Bagicha to Hawai Adda via. Kumhar Toli Kashinagar in ward no. 18 & 19	9859130	197200	10000	N% ekg
2	UDHD/MMC/66/2022-23	Construction of Road from Shyamlal Chaudhary House To Vasudeo Mistry Garage Umesh Jaishwal house To Birsa Nagar Via Satyanarayan Baitha House In Ward No. 33	9381930	187700	10000	N% ekg
		Part – B				
1	Date Of Publication Of Tender On Website		30/09/2022 AT 10:00 AM			
2	Mode Of Submission Of Bids		E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In			
3	Date Start Of Submission Of Bids		30/09/2022 AT 10:00 AM			
4	Last Date/Time Of Submission Of Bids		20/10/2022 AT 02:00 PM			
5	Date Of Bid Opening		21/10/2022 AT 02:00 PM			
6	Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document		21/10/2022 11.00 AM to 01:00 PM			
7	Name & Address Of Office Inviting Tender		Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation			
8	Contact No. Of Procurement Officer		9431105183			
9	Helpline Number Of E-Procurement Cell		9304883244			

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 278905 District(22-23).D

कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचंायत, छत्तरपुर

पता:-बाया मोड़, छत्तरपुर, जिला-पलामू, झारखण्ड–822113, [E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22, PHASE-I में योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। निम्नांकित लाभुकों नोटिस देकर सूचित करने के बाद भी लाभुकों द्वारा निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है:–

sl no	Ward Name	Beneficiary ID	Beneficiary Name	Beneficiary Father Name
1	WARD NO03	"0320369185594934315"	GAYATRI DEVI	SHYAMBIHARI DAS
2	WARD NO04	"0320369185594499671"	soni devi	rulsi ram
3	WARD NO04	"0320369185596017111"	PUJA KUMARI	SITA KUMAR
4	WARD NO08	"0320369185596293139"	SARITA DEVI	MURARI RAM
5	WARD NO11	"0320369185595687380"	PRIYA SINGH	LATE DHARMENDRA KUMAR
6	WARD NO12	"0320369185594515347"	SARITA DEVI	BHISHAMCHAND GUPTA
7	WARD NO13	"0320369185595397968"	DHARMSHILA DEVI	AKHILESH MISHRA
8	WARD NO13	"0320369185594758779"	LALITA DEVI	BISHWANATH SAW
9	WARD NO13	"0320369185595402686"	ARVIND SAW	SURESH SAW
10	WARD NO14	"0320369185594412715"	PUNIYA DEVI	GANESH YADAV
11	WARD NO14	"0320369185595486990"	LALA PARAS NATH SINHA	LATE DEVWANS SAHAY
12	WARD NO.01	"0320369185597323431"	USHA DEVI	GANESH YADAV
13	WARD NO.01	"0320369185597246381"	PRABHA DEVI	JANESHWAR YADAV
14	WARD NO.01	"0320369185597357565"	MALO DEVI	YOGENDRA YADAV
15	WARD NO.02	"0320369185598653590"	LILAWATI DEVI	ARVIND PASWAN
16	WARD NO.03	"0320369185594933364"	SUSHMA KUMARI	ARVIND PRAJAPATI
17	WARD NO.08	"0320369185598630384"	SIKAM DEVI	UMESH RAM
18	WARD NO.09	"0320369185597297567"	MAHENDRA KUMAR SINGH	GUPTESHWAR SINGH
19	WARD NO.09	"0320369185597305056"	SAIRA KHATUN	IDRIS ANSARI
20	WARD NO.09	"0320369185597298177"	FATMA BIBI	MD JALIL MIYAN
21	WARD NO.09	"0320369185597298623"	SALEHA KHATUN	MD NAUSHAD ANSARI
22	WARD NO.09	"0320369185597306217"	SARADHA DEVI	VINAY THAKUR
23	WARD NO.11	"0320369185598321540"	NEHA KUMARI	AMIT KUMAR
24	WARD NO.11	"0320369185598322752"	SHIMALA DEVI	JAYPRAKASH KUMAR
25	WARD NO.11	"0320369185597294078"	SUCHITA DEVI	RANJEET KUMAR SONI
26	WARD NO.11	"0320369185597364613"	SHASHIKALA DEVI	UDESH PRASAD SONI
27	WARD NO.12	"0320369185598691969"	PRAMILA DEVI	BHARAT SAW
28	WARD NO.14	"0320369185597351052"	SAVITRI DEVI	PINTU SAW
29	WARD NO03	"0320369185594962018"	MAMTA DEVI	SATYENDRA KUMAR PRAJAPATI
30	WARD NO04	"0320369185599239984"	SIMA DEVI	BIRENDRA VISHWAKARMA
31	WARD NO05	"0320369185599237588"	ASHA THAKUR	RISHI MUNI THAKUR
32	WARD NO07	"0320369185592673572"	KALAWATI DEVI	RANRAJ URANW
33	WARD NO08	"0320369185594874017"	CHANDANI KUMARI	SUDIP BHUIYAN
34	WARD NO10	"0320369185595505388"	SAJADA KHATUN	JAHIR KHAN
35	WARD NO11	"0320369185595224486"	Manju devi	Mithilesh singh
36	WARD NO11	"0320369185597098676"	sunita devi	ramesh kumar
37	WARD NO13	"0320369185595402958"	FULAWANTI DEVI	AMBIKA SAW
38	WARD NO14	"0320369185597291038"	SAVITRI DEVI	MURARI RAM
39	WARD NO15	"0320369185596261015"	NIRMALA DEVI	SANJAY RAM
40	WARD NO15	"0320369185594589910"	REKHA KUMARI	SUNIL KUMAR
41	WARD NO15	"0320369185595406990"	RATWA DEVI	SURENDRA YADAV
42	WARD NO15	"0320369185594510359"	SHWETA DEVI	YOGENDRA KUMAR
43	WARD NO16	"0320369185594875131"	SHILA DEVI	LALMOHAN URANW
44	WARD NO16	"0320369185596352260"	usha devi	RADHE BHAGAT
45	WARD NO16	"0320369185595531955"	piparpati devi	SHIVNANDAN URANW

उपरोक्त सभी लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक–30.09.2022 तक सभी Non Starter आवासों का LAYOUT/ FOUNDATION कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा कार्य शुरू नहीं करने के पर लाभुकों के स्वीकृत आवासों को भारत सरकार को SURRENDER कर दिया जायेगा तथा अन्य सरकारी लाभ से वंचित किया जायेगा।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR.NO.278914 Urban Development(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

सरकार की पहल सराहनीय

तुबेद कोयला खान परियोजना, लातेहार के विस्थापितों के लिए सरकार ने पहल की है। उनके लिये पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी बसायी जायेगी। इसके लिए नावाडीह गांव में 10.32 एकड़ जमीन पर काम होगा। लातेहार डीसी कार्यालय की ओर से जारी अधिघोषणा के मुताबिक नावाडीह गांव के रैयती जमीन पर कॉलोनी का निर्माण करने की योजना है। ऐसे में एक आबादी को कॉलोनी मिल जाने से उनकी बहुत बड़ी समस्या का समाधान होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चिह्नित जमीन (10.32 एकड़) के लिए हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियां सुनी जा चुकी हैं। इस जमीन के लिए भूमि योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन किया जा सकता है। दामोदर घाटी निगम, कोलकाता ने तुबेद कोयला खान प्रोजेक्ट, लातेहार के लिए पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसमें नीति के उद्देश्य, इसकी परिभाषा, विस्थापित परिवार, भूमि और अचल संपत्ति के लिए मुआवजा, परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए अनुमान्य पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन, पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र में अवसंरचनात्मक सुविधाएं, क्रियान्वयन एवं निगरानी समेत अन्य बिंदुओं पर अपनी ओर से जानकारी स्पष्ट की है। इसके साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति की प्रति नेवाड़ी एवं डिही पंचायत कार्यालय एवं दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही इसे लातेहार जिले की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। डीवीसी के मुताबिक इस नीति का उद्देश्य प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले परिवारों का पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन करना है। खासकर आदिवासी एवं कमजोर वर्ग के परिवारों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। प्रभावित परिवारों के जीवन निर्वाहन स्तर का उत्थान भी करना जरूरी है। जिला प्रशासन लातेहार, एवं खनन विकास सह प्रचालक संस्थान एमडीओ के साथ मिलकर डीवीसी प्रबंधन पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति का क्रियान्वयन करने की योजना है। परिवारों की सूची तैयार करना, अन्य. आधारभूत संरचनाओं के निर्माण स्वास्थ्य, शिक्षण एवं अन्य सामुदायिक सुविधाएं आदि पूर्ण करना जैसे काम अहम है। डीवीसी के द्वारा 30 वर्षों की अवधि के लिए खान विकास होगा। इसके अलावा आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के स्थापन एवं प्रतालन हेतु सर्वश्री डेवलेक्टो माइनिंग लिमिटेड एसआईसीएएल, जीसीएल, एएमपीएल का संयुक्त संस्थान को नियुक्त किया गया है। यह श्रमशक्ति का नियोजन करेगा। इसमें स्थानीय परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को नियोजन में एमडीओ के द्वारा आवश्यकतानुसार एवं योग्यता के आधार पर प्राथमिकता दी जायेगी। पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति का क्रियान्वयन तुबेद कोयला खान परियोजना अधिकारी के द्वारा परियोजना स्तर पर जिला प्रशासन, लातेहार द्वारा गठित समिति के पर्यवेक्षण में होना चाहिए साथ ही पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के अंतर्गत कृषि भूमि का मुआवजा एकमुश्त 35 लाख रुपया प्रति एकड़ की दर से मिलना चाहिए। आवासीय भूमि का मुआवजा एकमुश्त 60 लाख रुपया प्रति एकड़ की दर से निर्धारित किया गया है। इस राशि में ब्याज और अन्य भी शामिल है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि यहां के निवासियों के दिन बहुरेंगे।

आज का इतिहास

1966 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
1968 : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
1974 : नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
1984 : पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
1990 : अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
2001 : मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
2003 : प्रसिद्ध फिल्मकार यश चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला।
2008 : हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
2014 : चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
2014 : अमेरिकी अभिनेता राल्फ वाइट का निधन।
2015 : प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तुलसीराम का निधन।
1742 : मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फडणवीस का जन्म।
1762 : ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया।
1771 : गुस्टाव तृतीय स्वीडन के राजा बने।
1809 : अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म।
1818 : दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
1824 : प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म।
1855 : अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना।
1871 : ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ. एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म।

राजस्थान से गूंजता बगावती सुर

अशोक गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की मंशा के बावजूद हमने यही देखा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक नहीं हो सकी। यह कांग्रेस के इतिहास में एक अटपटी घटना है। यहां तक कि पिछले साल जब पंजाब में राजनीतिक उठापटक शुरू हुई और तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को कुरसी से बेदखल किया गया था, तब भी विधायकों की बैठक हुई थी, जबकि यह भी तय था कि अमरिंदर सिंह को अशोक गहलोत की तरह कोई दूसरा पद नहीं मिलने वाला। स्पष्ट है, ताजा घटनाक्रम से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का इकबाल पूरी तरह से बिखर गया है। उसकी यह योजना भी अधर में लटक गई है कि राज्य की सत्ता एक नौजवान नेता को सौंपकर फिर से चुनाव जीतने की तरफ कदम बढ़ाया जाए।

राजस्थान के बदलते घटनाक्रम ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। ऐसा लगता है कि पार्टी हर कुछ वक्त के बाद एक नई चुनौती से घिर जाती है और उसके लिए असहज स्थिति पैदा हो जाती है। काफी विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस हाईकमान ने एक ऐसी रणनीति बनाई थी, जिससे लग रहा था कि पार्टी की अंदरूनी राजनीति में अब ठहराव आ जायेगा और 2024 के चुनाव तक उसकी स्थिति कुछ बेहतर हो जायेगी। इसी रणनीति के तहत राहुल गांधी ने खुद को कांग्रेस अध्यक्ष पद से दूर कर लिया था और 'भारत जोड़ो यात्रा' की राह पकड़ ली थी। माना यह गया था कि सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन वाली सरकार के खिलाफ यदि देश में माहौल बनता है, तो बतौर विकल्प लोग कांग्रेस को चुनेंगे। इसी क्रम में राजस्थान की अंदरूनी उठापटक का हल निकालने के लिए बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम आगे बढ़ाया गया था, और उनकी जगह पार्टी हाईकमान ने युवा नेता सचिन पायलट को राज्य की कमान देने की रणनीति बनाई थी। पायलट न सिर्फ 2014 से 2018 तक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं, बल्कि साल 2018 के राज्य विधानसभा चुनाव में उन्होंने खासा मेहनत भी की थी। हां, यह अलग बात है कि विधानसभा चुनाव के बाद जब मुख्यमंत्री के चयन का वक्त आया, तो अंदरूनी राजनीति के बाद अशोक गहलोत के सिर ताज सजा। विरोधस्वरूप सचिन पायलट ने बगावती सुर भी अपनाये थे। राजस्थान में चेहरा बदलने के पीछे कांग्रेस की एक अन्य राजनीतिक सोच भी है। उसका यह मानना है कि नवंबर-दिसंबर, 2023 में जब राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, तब अशोक गहलोत के नेतृत्व में पार्टी शायद ही फिर से सत्ता तक पहुंच पाए। नतीजतन, उनको पार्टी और सचिन पायलट को राज्य की बागडोर सौंपना बेहतर होगा। मगर बाद में जो हुआ, वह पार्टी के लिए बहुत चौंका देने वाला घटनाक्रम है। अशोक गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की मंशा के बावजूद हमने यही देखा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक नहीं हो सकी। यह कांग्रेस के इतिहास में एक अटपटी घटना है। यहां तक कि पिछले साल जब पंजाब में राजनीतिक उठापटक शुरू हुई और तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को कुरसी से बेदखल किया गया था, तब भी विधायकों की बैठक हुई थी, जबकि यह भी तय था कि अमरिंदर सिंह को अशोक गहलोत की तरह कोई दूसरा पद नहीं मिलने वाला। स्पष्ट है, ताजा घटनाक्रम से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का इकबाल पूरी तरह से बिखर गया है। उसकी यह योजना भी अधर में लटक गई है कि राज्य की सत्ता एक नौजवान नेता को सौंपकर फिर से चुनाव जीतने की तरफ कदम बढ़ाया जाए। अब नजर इसी बात पर है कि क्या अशोक गहलोत कांग्रेस हाईकमान की उम्मीद पर खरा उतरते हुए राजस्थान की राजनीति से अलग होने और उत्तराधिकार चयन में अपना दखल न देने को तैयार हो पायेंगे? इसके लिए काफी कम समय बचा है, लेकिन जिस तरह से वरिष्ठ नेता मार्गरेट अल्वा ने वरिष्ठ नेताओं को अपने आचरण में सुधार लाने को लेकर तल्ख टिप्पणी की है, उससे तो यही लगता है कि कांग्रेस हाईकमान अशोक गहलोत से क्षुब्ध है। यह पूरा घटनाक्रम कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में नैतिक साहस की कमी की ओर भी इशारा करता है, जिसकी वजह पार्टी की चुनावी हार है। अगर यही घटना इंदिरा गांधी या राजीव गांधी के दौर में होती, तो वे चाहे सत्ता में होते या नहीं, मगर हाईकमान के इकबाल के लिए तत्काल सख्त फैसला लेते। मुमकिन है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया होता। मगर मौजूदा नेतृत्व को डर है कि कहीं वे बगावत पर न उतर जाएं। इस लिहाज से राजस्थान सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कार्यशैली का इम्तिहान भी है। मां-बेटे में संबंध तो काफी मधुर हैं, लेकिन दोनों की राजनीतिक कार्यशैली अलग-अलग है। सोनिया गांधी मान-मनुहार या सबको साथ लेकर चलने की हिमायती हैं, जबकि राहुल गांधी सख्त फैसले लेने में यकीन करते हैं। लिहाजा, ताजा घटनाक्रम कांग्रेस नेतृत्व के धैर्य की ही नहीं, उनके राजनीतिक कौशल की भी परीक्षा है। कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी में कई नेता इच्छुक रहे हैं। पिछली सदी के सातवें दशक के बाद से ऐसे दो नेता (पीवी नरसिंह राव और सीताराम केसरी) इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं, जो नेहरू-गांधी परिवार के नहीं थे।

■ रशीद किदवई

पूरे विश्व में एकात्म मानववाद

भारतीय संस्कृति में एकात्म सभी जगह पर दिखाई देता है और अनेकता में एकता भी भारतीय संस्कृति का ही विचार है। परमात्मा के विराट दर्शन में कई अंश दिखाई देते हैं परंतु सभी एक दूसरे से जुड़े हुए भी दिखाई देते हैं। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का जन्म दिनांक 25 सितम्बर 1916 को नगला चंद्रभान गांव उत्तर प्रदेश में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री भगवतीप्रसाद जी उपाध्याय एवं माता का नाम श्रीमती रामप्यारी उपाध्याय था। बचपन के साथ-साथ आपका पूर्ण जीवन ही बहुत संघर्षमय रहा था। आपकी आयु जब मात्र दो वर्ष की थी, तब वर्ष 2018 में, आपके पिता इस दुनिया से चल बसे थे। इन परिस्थितियों के बीच आपका पालन पोषण आपके नानाजी के घर पर हुआ। परंतु, कुछ समय पश्चात ही आपकी माताजी का भी देहांत हो गया और जब आपकी आयु मात्र 10 वर्ष की थी तब आपके नानाजी भी चल बसे। इस प्रकार आपने बहुत छोटी सी आयु में ही अपने पूरे परिवार को खो दिया था। अब आपको अपने भाई श्री शिवदयाल जी का ही एक मात्र सहारा था। दोनों भाई अपने मामाजी के साथ रहने लगे। श्री दीनदयालजी जी अपने भाई से बहुत प्यार करते थे और आपने अपने भाई को सदैव एक अभिभावक के रूप में देखा। परंतु, नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था, तथा वर्ष 1934 में आपके भाई की भी मृत्यु हो गई। अब आपके साथ अपने परिवार का एक भी सदस्य नहीं बचा था। फिर भी आपने अपने जीवन में कभी भी अपनी जिन्दगी से हार नहीं मानी और जैसे इस पूरे देश को ही आपने अपना परिवार मान लिया था। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच आपने अपनी पढ़ाई पर बिल्कुल भी आंच नहीं आने दी एवं आपने वर्ष 1936 में बीए स्नातक की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। बाद में, आपने एमए की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। शिक्षा पूर्ण करने के तुरंत बाद ही आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गये। आप आजीवन संघ के प्रचारक रहे। आप मात्र 51 वर्ष की अल्पायु में दिनांक 11 फरवरी 1968 को इस दुनिया को छोड़कर चले गये। आपने अपने जीवनकाल में कई कृतियों की रचना की थी, जिनमें शामिल हैं - एकात्म मानववाद, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, जगद्गुरु शंकराचार्य, सम्राट चन्द्रगुप्त, राष्ट्र जीवन की दिशा, दो योजनाएं, राजनीतिक डायरी, आदि। आपके बाल जीवन के कुछ प्रसंग सुनकर आपकी संवेदनाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलती है। एक बार आप आगरा में अपने नाना जी के साथ सब्जी खरीदने हेतु मंडी में गये एवं गलती से एक खोटा सिक्का सब्जी वाली माताजी को दे दिया। घर आकर जब उन्हें यह बात ध्यान में आई तो वे तुरंत उस सब्जी वाली माताजी के पास गये एवं उस माताजी के मना करने के बावजूद आपने उसकी रेजगारी में से खोटा सिक्का ढूंढकर उनको अच्छा सिक्का देकर घर वापिस आए और तब जाकर आपको संतोष हुआ। इसी प्रकार, एक बार आप पूजनीय श्री गुरु गोलवलकर जी के साथ यात्रा कर रहे थे। श्री गुरुजी दूसरी श्रेणी के डिब्बे में थे और श्री उपाध्याय जी तृतीय श्रेणी के डिब्बे में थे।

■ प्रह्लाद सबनानी

अर्थव्यवस्था में मंदी की आहट

इसमें कहा गया है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक जिस तरह से अपनी प्रमुख ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, उससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती बढ़ती जा रही है और यह सुस्ती 2023 में मंदी का रूप अख्तियार कर लेगी। रपट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में इस तरह की सुस्ती 1970 के बाद पहली बार देखी जा रही है। महंगाई और बेरोजगारी की लंबी खिंचती परिस्थिति जिस परिणाम में बदल सकती है, अर्थव्यवस्था में उसके संकेत दिखाई देने लगे हैं। यह संकेत उनके लिए डरावना है, जिनकी जेब खाली है और हाथों में काम नहीं है। यह संकेत उनके लिए चेतावनी है, जिनके बटुए फिलहाल तो भरे हैं, मगर खाली होने का खतरा है। यह संकेत उस तंत्र के लिए भी चेतावनी है, जो कमोबेश इस परिस्थिति के लिए जिम्मेदार है, मगर जवादेही से बचता रहा है। वैश्विक आर्थिक हालात और घरेलू परिस्थितियों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) और विश्व बैंक सहित सभी रेटिंग एजंसियों ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान घटा दिये हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने 7.5 फीसद के अपने अनुमान को घटा कर 6.8 फीसद कर दिया, सिटी बैंक ने आठ फीसद को 6.7 फीसद, गोल्डमैन सैक्स ने 7.2 फीसद को सात फीसद, फिच ने 7.8 फीसद को सात फीसद, मूडीज ने 8.8 फीसद को 7.7 फीसद, इंडिया रेटिंग्स ने सात फीसद को 6.9 फीसद, आइएमएफ ने 8.2 फीसद को 7.4 फीसद और विश्व बैंक ने आठ फीसद के अनुमान को घटा कर 7.5 फीसद कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भले ही 7.2 फीसद पर बरकरार रखा है, लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की दर उसके अनुमान को बेमानी साबित करती है। आरबीआइ ने पहली तिमाही के लिए 16.2 फीसद वृद्धि दर का अनुमान लगाया था, लेकिन 13.5 फीसद से ही संतोष करना पड़ा। जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट का सीधा अर्थ होता है कि आर्थिक गतिविधियां सुस्त हो रही हैं। आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती बेरोजगारी बढ़ाती है। बेरोजगारी से कमाई घटती है। कमाई खरीदारी पर असर डालती है और बाजार में मांग घट जाती है। फिर उत्पादन घटाना पड़ता है और बेरोजगारी बढ़ जाती है। कमाई, खपत, मांग और उत्पादन में गिरावट का चक्र लंबे समय तक टिका रहा तो यह दुश्चक्र में बदल जाता है। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे ही मंदी कहते हैं। मंदी में जीडीपी वृद्धि दर बढ़ने के बजाय घटने लगती है। लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर घट गई तो तकनीकी तौर पर मंदी मान ली जाती है। भारत में फिलहाल यह स्थिति नहीं है, लेकिन वर्तमान आर्थिक चुनौतियां भविष्य के संकेत दे रही हैं। विश्व बैंक ने अपनी एक ताजा रपट में 2023 में भयानक वैश्विक मंदी की बात कही है। इसमें कहा गया है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक जिस तरह से अपनी प्रमुख ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, उससे अर्थव्यवस्था में सुस्ती बढ़ती जा रही है और यह सुस्ती 2023 में मंदी का रूप अख्तियार कर लेगी। रपट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में इस तरह की सुस्ती 1970 के बाद पहली बार देखी जा रही है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसी दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भयानक सुस्ती है। आगे यह दूसरी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को भी चपेट में ले लेगी। अमेरिका और ब्रिटेन में महंगाई दर चालीस साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। केंद्रीय बैंक इसी महंगाई को नियंत्रित करने ब्याज दर बढ़ाते जा रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार तीन बार ब्याज दर बढ़ा चुका है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। साल के अंत तक फेड की ब्याज दर 4.4 फीसद तक पहुंचने का अनुमान है। फेडरल रिजर्व की ब्याज दर वृद्धि महंगाई नियंत्रण में तो बेअसर दिखती है। लेकिन डालर की मजबूती में इसका असर स्पष्ट है। डालर नित नई ऊंचाई छू रहा है। भारतीय रुपया उसी रफ्तार से नीचे गिर रहा है। डालर के मुकाबले रुपया 81 के स्तर से भी नीचे लुढक चुका है। रुपए को संभालने आरबीआइ भी ब्याज दर बढ़ा रहा है। मई 2022 से अब तक तीन बार में 1.40 फीसद वृद्धि की जा चुकी है। इस महीने होने वाली समीक्षा बैठक में 50 आधार अंकों की अतिरिक्त वृद्धि का अनुमान है। रेपो दर बढ़ाने के पीछे का जाहिर मकसद बाजार में तरलता घटा कर मांग को नीचे लाना होता है, ताकि महंगाई नीचे आ जाए। लेकिन महंगाई घटाने का यह फार्मूला तब कारगर होता है, जब बाजार में मांग ज्यादा हो। भारत में या पूरी दुनिया में मौजूदा महंगाई मांग के कारण नहीं, बाधित आपूर्ति के कारण है। भारत में महंगाई, बेरोजगारी की दीर्घकालिक परिस्थिति के कारण मांग पहले से सतह पर है। इससे ज्यादा मांग घट नहीं सकती, घटेगी तो दृश्य वीभत्स होगा। अस्थिर आर्थिक वातावरण में ब्याज दर वृद्धि के जरिये विदेशी निवेश आकर्षित करना और उसे टिकाये रखना चलनी में पानी रोकने के समान है।

■ सरोज कुमार

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

वे जनार्दन श्रीकृष्ण द्वारकामें अनेक कार्य करके और प्रभासक्षेत्रमें देहका परित्यागकर अपने कुटुम्बसहित स्वर्ग चले गये। विप्रशापके कारण समस्त यादवगण पुत्रों, पौत्रों, मित्रों, भाइयों और बहनोंसहित प्रभासक्षेत्रमें नष्ट हो गये और वासुदेव श्रीकृष्ण भी व्याधके बाणसे निधनको प्राप्त हुए। हे राजन्! इस प्रकार मैंने आपसे कर्मकी गहन गतिका वर्णन कर दिया ॥ 39-41 ॥

जनमेजय बोले- हे द्विज। पृथ्वीका भार उतारनेके लिये बलराम और श्रीकृष्ण के अवतारको बात आपने कहीं, किंतु मेरे मनमें एक संशय है ॥ 1 ॥

द्वापरयुगके अन्तमें अत्यन्त दीन तथा आतुर होकर भारी बोझ दबी हुई पृथ्वी गौका रूप धारण कर-के ब्रह्माजीको शरणमें गयी ॥ २ ॥

तब ब्रह्माजीने लक्ष्मीपति भगवान् विष्णुसे प्रार्थना की- 'हे भगवन्। हे विभो। हे जनार्दन। पृथ्वीका भार उतारने के लिये और साधुजनोंको रक्षाके लिये आप देवताओंके साथ भारतवर्ष में वसुदेव के घरमें शीघ्र ही अवतार लीजिये ॥ 3-4 ॥

ब्रह्माजीके द्वारा इस प्रकार प्रार्थना किये जानेपर भगवान् पृथ्वीका भार उतारनेके लिये बलरामके साथ देवकीके पुत्र हुए तब उन्होंने अनेक दुष्टों तथा सभी दुराचारी और पापबुद्धि राजाओंको ज्ञात करके उन्हें मारकर पृथ्वीका कितना भार उतारा ॥ 5-6 ॥

भीष्म मारे गये, द्रोणाचार्य मारे गये इसी प्रकार विराट, द्रुपद, बाह्लीक, सोमदत्त और सूर्यपुत्र कर्ण मारे गये। परंतु जिन्होंने कृष्णको पत्नियोंका हरण किया और उनका सारा धन लूट लिया, उन दुष्टोंको तथा जो करोड़ों आभीर, शक, म्लेच्छ और निषाद पृथ्वीतलपर स्थित थे उन सबको उन्होंने नष्ट क्यों नहीं कर दिया ? तब उन बुद्धिमान् श्रीकृष्णने पृथ्वीका कौन-सा भार उतार दिया। हे महाभाग ! मेरे चित्तसे यह सन्देह नहीं हटता है; इस कलियुगमें तो समस्त प्रजा पापपरायण ही दिखायी देती है ॥ 7-10 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन्! जैसा युग होता है, कालप्रभावसे प्रजा भी वैसी ही होती है, इसके विपरीत नहीं होता; इसमें युगधर्म ही कारण है ॥ 11 ॥

जो धर्मानुरागी जीव हैं, वे सत्ययुगमें हुए; जो धर्म और अर्थसे प्रेम रखनेवाले प्राणी हैं, वे त्रेतायुगमें हुएः धर्म, अर्थ और कामके रसिक प्राणी द्वापरयुगमें हुए और अर्थ तथा काममें आसक्ति रखनेवाले सभी प्राणी इस कलियुगमें होते हैं ॥ १२-१३ ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

21वीं सदी का युग

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

■ विनोद कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।

जहां माध्याह्न भोजन से पहले नाश्ता भी कर रहे हैं बच्चे

आप सुबह किसी का कैसे अभिवादन करते हैं? आप इस सवाल को गूगल कर सकते हैं और दुनिया भर में जवाब की प्रवृत्ति कमोबेश एक ही जैसी मिलेगी। हालांकि, अब तमिलनाडु में एक बदलाव आया है। सामान्य अभिवादन के बाद अब आमतौर पर यह सवाल पूछा जाने लगा है, 'क्या आपने नाश्ता कर लिया है?' यह एक विश्वास है कि किसी व्यक्ति की भलाई उसके भोजन से शुरू होती है। यह हमारी संस्कृति में निहित है और इसलिए यह अचरज की बात नहीं है कि तमिलनाडु ने स्कूलों में मुफ्त दोपहर भोजन योजना को अब नाश्ते तक बढ़ा दिया है। पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने चेन्नई से 460 किलोमीटर दूर मंदिरों के शहर मदुरै में निगम द्वारा संचालित प्राथमिक स्कूल में बच्चों के साथ खिचड़ी खाकर तमिलनाडु मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की शुरूआत की। इससे अकेले इस शहर में 1.15 लाख बच्चों को लाभ पहुंचने की संभावना है। गौर कीजिये, तमिलनाडु में इस योजना की शुरूआत के 102 वर्ष बाद यह मौका आया है। 1920 में मदुरै के तत्कालीन महापौर पी थेयगरी शेट्टी ने स्कूल टिफिन योजना शुरू की थी। महापौर ने कक्षाओं में प्रवेश बढ़ाने के लिए ऐसा किया था। परिणाम आश्चर्यजनक रहे थे। हालांकि, दो साल बाद अंग्रेजों ने इसे निलंबित कर दिया, लेकिन 1925 में इसे फिर शुरू कर दिया गया। बाद में कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री के कामराज ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया और 1950 के दशक के मध्य में कई कार्यक्रमों, योजनाओं की शुरूआत की, जिसमें मध्याह्न भोजन योजना भी शामिल थी। इसके तत्काल फायदे मिले, बच्चों के नामांकन में वृद्धि हुई, कक्षा में उपस्थिति में सुधार हुआ और बीच में ही स्कूली शिक्षा छोड़ने वालों की संख्या घट गई। बाद के सभी मुख्यमंत्रियों ने इस योजना में सुधार किये। अब स्टालिन ने नाश्ते की शुरूआत कर योजना का विस्तार किया है। यह सब जानते हैं कि नाश्ता, दिन का पहला भोजन, भारी होना चाहिए, लेकिन गरीब बच्चे खाली पेट कक्षाओं में पहुंचते हैं। पिछले दिनों एक स्कूल भ्रमण के दौरान स्टालिन ने इस योजना विस्तार के बारे में सोचा। मुख्यमंत्री ने एक बच्चे से पूछा था, 'क्या तुमने नाश्ता किया है?' बच्चे ने इनकार कर दिया, तब शिक्षकों ने बताया कि अधिकांश गरीब बच्चे खाली पेट ही आते हैं और मिड डे मील के रूप में अपना पहला भोजन लेते हैं। अब यह योजना राज्य भर में 1,500 से ज्यादा स्कूलों में शुरू हो गई है, जिससे एक लाख से अधिक प्राथमिक कक्षा के बच्चों को लाभ हो रहा है। हर नाश्ते की कीमत लगभग 12.75 रुपये है। मध्याह्न भोजन से बच्चों को 553 कैलोरी और 18 ग्राम प्रोटीन मिल रहा है। नाश्ते की योजना से उसमें 293 कैलोरी और 9 से 10 ग्राम प्रोटीन जोड़ा गया है, जिससे कुल कैलोरी 846 और प्रोटीन 28 ग्राम हो गया है। केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार, हर बच्चे को 450-700 कैलोरी और 12-20 ग्राम प्रोटीन के साथ भोजन मिलना चाहिए। कई अध्ययनों से पता चला है कि स्कूलों में भोजन का प्रावधान छात्रों की सीखने की क्षमता को भी बढ़ाता है। देश भर में 12 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाने वाली इस योजना के लिए केंद्र धन देता है और भारत दुनिया में सबसे बड़ा मुफ्त स्कूल भोजन योजना चलाता है। शोधों से पता चला है कि गरीबों के बीच मुफ्त भोजन योजना का विस्तार लाखों युवाओं के विकास की संभावनाओं को बल दे सकता है। वैसे एक अन्य पहलू इसका खराब क्रियान्वयन है। बिहार में 2013 में 23 बच्चों की मौत हो गई थी, उन्हें कीटनाशक युक्त भोजन दिया गया था। तब पूरे देश में रोष और सदमे की लहर दौड़ गई थी। बेशक, भोजन की गुणवत्ता चिंता पैदा करती है। इसलिए स्टालिन ने राज्य में स्कूल प्रबंधन को सलाह दी है कि वे बच्चों की 'खूब देखभाल' करें व उन्हें 'अपना' मानें। उन्होंने बच्चों से कहा है, 'शिक्षा ही एकमात्र ऐसी संपत्ति है, जिसे कोई आपसे छीन नहीं सकता है, इसलिए आपको बिना किसी चिंता के पढ़ाई करनी चाहिए और मैं यहां आपकी मदद के लिए हाजिर हूं'। निगरानी और सुधार की लगातार कोशिशों का ही सुफल है कि 2020 के सर्वेक्षण के अनुसार, तमिलनाडु मध्याह्न भोजन योजना पर खर्च के मामले में देश में पहले स्थान पर है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ एस श्रीनिवासन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

भारत के इस खूबसूरत राज्य में है, दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ नेशनल पार्क

भारत का पूर्वोत्तर राज्य अपनी अनूठी प्राकृतिक सुन्दरता को समेटे हुए है और यही वजह है कि पूर्वोत्तर राज्य लोगों को यहाँ आने के लिए आकर्षित करता है। भारत के इस हिस्से में एक झील पर दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ पार्क भी है। अब आप सोच रहे होंगे कि हम किस तैरते हुए पार्क की बात कर रहे है। भारत का पूर्वोत्तर राज्य अपनी अनूठी प्राकृतिक सुन्दरता को समेटे हुए है और यही वजह है कि पूर्वोत्तर राज्य लोगों को यहाँ आने के लिए आकर्षित करता है। भारत के इस हिस्से में एक झील पर दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ पार्क भी है। अब आप सोच रहे होंगे कि हम किस तैरते हुए पार्क की बात कर रहे है? तो दोस्तों, हम बात कर रहे है भारत के मणिपुर राज्य में स्थित ताजे पानी की सबसे बड़ी झील की। इस झील का नाम है 'लोकतक झील' और इस झील की खासियत है कि यहां दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ नेशनल पार्क है जो पानी में तैरता है। इस पार्क को 'कीबुल लामजो' के नाम से जाना जाता है और इस पार्क की खूबसूरती देखने लायक है। जिसे 'फ्लोटिंग नेशनल पार्क' के नाम से भी जाना जाता है।

लोकतक झील की खासियत

इम्फाल से 53 किलोमीटर दूर मणिपुर के बिशनुपुर जिले में ये लोकतक झील स्थित है। दुनिया में यह झील तैरती हुई झील के नाम से भी मशहूर है। इस झील में बने हुए प्राकृतिक द्वीप बहुत-ही सुन्दर और देखने लायक हैं और इनको 'फुमदी' कहा जाता है। इन द्वीपों में मौजूद सबसे बड़ा द्वीप 40 स्क्वायर किलोमीटर में फैला हुआ है। इन फुमदियों पर स्थानीय मछुआरे रहते हैं` इसके साथ ही प्रकृति के सुंदर नजारों पर तैरती यह लोकतक झील मणिपुर को आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत भी बनाती है।

झील पर तैरता है ये पार्क

दुनियाभर में यह झील पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र है और इस आकर्षण का कारण है 'पार्क का झील के ऊपर तैरना' और इसी वजह से इस अनोखे पार्क को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते है। इस पार्क को विश्व से विलुप्त होते संगाई हिरनों का आखिरी और प्राकृतिक घर भी कहा जाता है। संगाई हिरन मणिपुर का राज्य पशु भी है।

पार्क में मौजूद है ढेरों वनस्पति और पशु-पक्षी

इस पार्क में आपको एक-से-एक पशु-पक्षी भी देखने को मिल जाएंगे। जिसमें ब्लैक ड्रोंगोस, जंगल क्रो, येलो हेडेड वैगेटल, जंगली सूअर, ब्रो एंटेलियर, कोबरा और पायथन के अलावा 1000 से भी अधिक पशु-पक्षी यहाँ पर मौजूद हैं। इसके अलावा इस पार्क में लगभग 450 से भी ज्यादा किस्मों के ऑर्किड पर 100 से अधिक जलीय वनस्पतियां पायी जाती हैं।

यहाँ जाने के लिए सबसे अच्छा समय कौन-सा है?

इस पार्क को देखने के बाद आप आसपास की और भी खूबसूरत जगहों को देख सकते हैं जैसे-कंगला फोर्ट, शहीद मीनार, मणिपुर जूलॉजिकल गार्डन। इस जगह आने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर और मार्च के बीच का है। यहां पर आप सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे के बीच कभी भी घूमने जा सकते हैं।

कैसे पहुंचे?

हवाई मार्ग द्वारा: यदि आप हवाई मार्ग के द्वारा जाना चाहते है तो मणिपुर की राजधानी इंफाल, इस पार्क से 53 किमी की दूरी पर है जो दिल्ली (2,503 किमी), गुवाहाटी (469 किमी) और कोलकाता (1,620 किमी) जैसे प्रमुख शहरों से हवाई मार्ग द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

रेलमार्ग से : यदि आप रेल से जाना चाहते है तो दीमापुर सबसे पास का रेलवे स्टेशन है, जो कि इम्फाल से 215 किमी की दूरी पर है।

सड़क मार्ग द्वारा: इंफाल नेशनल हाइवे 39 के माध्यम से गुवाहाटी (469 किमी) और राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के माध्यम से सिलचर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा इम्फाल बस या प्राइवेट वाहनों के द्वारा भी पहुंचा जा सकता है।

❖ रौनक

नींद ना आने की समस्या से हैं परेशान तो रात में भूलकर भी ना करें इन चीजों का सेवन

नींद की कमी के कारण न केवल हमारे शारीरिक, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। नींद ना आने के कई कारण हो सकते हैं। कई बार हम रात में कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेते हैं जिसकी वजह से हमारी नींद डिस्टर्ब हो जाती है। स्वस्थ रहने के लिए नींद पूरी होना बहुत जरुरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, दिन में 7-8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। नींद की कमी के कारण न केवल हमारे शारीरिक, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। नींद ना आने के कई कारण हो सकते हैं। कई बार हम रात में कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेते हैं जिसकी वजह से हमारी नींद डिस्टर्ब हो जाती है।

चिप्स और नमकीन

अगर आप भी रात के समय चिप्स और नमकीन खाते हैं तो अपनी यह आदत आज ही बदल लें। इन चीजों ने बहुत अधिक मोनोसोडियम ग्लूटामेट होता है जिससे नींद खराब होती है। इसके अलावा सोने से पहले इन चीजों का सेवन करने से आपको डायबिटीज हार्ड डिजीज आदि की समस्या भी हो सकती है।

बर्गर या सैंडविच

कई लोग समय के आभाव के कारण रेडी टू ईट खाना खाते हैं। अगर आप भी रात के समय बर्गर या सैंडविच खाते हैं तो इससे आपकी नींद डिस्टर्ब हो सकती है। अगर आप भी इन चीजों का सेवन करते हैं तो इससे आपका पाचन बिगड़ सकता है।

ब्रोकोली या पत्ता गोभी

सेहत के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां फायदेमंद मानी जाती हैं। लेकिन रात के समय ब्रोकोली या पत्ता गोभी नहीं खानी चाहिए। इन सब्जियों को खाने से पेट में गैस होती है।

डार्क चॉकलेट

अगर आप रात के समय डार्क चॉकलेट खाते हैं तो इससे आपकी नींद डिस्टर्ब हो सकती है। डार्क चॉकलेट में बहुत अधिक कैसे होता है , जो मतिष्क को एक्टिव करने का काम करता है। रात के समय डार्क चॉकलेट खाने से आपकी नींद खराब हो सकती है।

अल्कोहल

कई लोगों को लगता है कि रात के समय अल्कोहल लेने से उन्हें नींद अच्छी आएगी। लेकिन ऐसा नहीं है, इससे आपकी नींद खराब हो सकती है। रात के समय अल्कोहल लेने से वेट गेन, डायबिटीज, हार्ट डिजीज और नींद खराब हो सकती है।

❖ प्रिया मिश्रा

मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़े हैं रोजगार के अवसर

अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वर्ष 2014 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है। भारत में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भी गांवों में ही निर्मित होने चाहिए, अन्यथा गांवों से शहरों की ओर नागरिकों का पलायन जारी रहेगा और शहरों पर जनसंख्या का दबाव बढ़ता रहेगा। केंद्र सरकार की सफल आर्थिक नीतियों के चलते अब ग्रामीण इलाकों में भी बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है, क्योंकि अब ग्रामों में भी रोजगार के अवसर अधिक संख्या में निर्मित हो रहे हैं। भारत में आज न केवल दुग्ध क्रांति हुई है बल्कि कृषि एवं परिष्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है एवं भारत के बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान एवं ब्राजील का नाम आता है। पिछले 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 14.63 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21 करोड़ टन का उत्पादन हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

भारत कृषि क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों के उत्पादन के मामले में भी वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति में लगातार सुधार कर रहा है। जैसे इस वर्ष भारत, चीन के बाद, दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा चाय उत्पादक देश बन गया है। आज भारत प्रति वर्ष 13 लाख टन चाय का उत्पादन कर रहा है। चाय उत्पादन के साथ ही मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। मछली का उत्पादन करने वाले किसानों और मछुआरों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 10 सितंबर 2020 में ह्यप्रधानमंत्री मत्स्य संपदाह्ल योजना शुरू की थी। मत्स्य पालन के क्षेत्र में

2019-20 से लेकर 2021-22 तक 14.3 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि देखी गई है। भारत 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की मछलियों का निर्यात करता है। वर्ष 2020-21 में भारत का सी-फूड निर्यात 11.50 लाख मीट्रिक टन का रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र, में उक्त वर्णित संवर्धनों के चलते हाल ही के वर्षों में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या में अच्छी खासी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में भारत में गरीबी का अनुपात 21.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया है। गरीबी के अनुपात में लगातार आ रही कमी मुख्य रूप से भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में लगातार हो रही तेज वृद्धि के कारण सम्भव हो सकी है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय वर्ष 2001-02 में केवल 18,118 रुपए थी जो एक दशक पश्चात अर्थात वर्ष 2011-12 में बढ़कर 68,845 रुपए हो गई। इसके बाद के 10 वर्षों में तो और अधिक तेज गति से वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2021-22 में यह 174,024 रुपए हो गई है। भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि, गरीब वर्ग की औसत आय में हो रही तेज वृद्धि के कारण भी सम्भव हो पा रही है। एक अन्य शोधपत्र में भी यह बताया गया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। दूसरे, भारत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य 232.15 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 197.46 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) से बहुत अधिक है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों की आय में 17.6 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान रही है। आज जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है, वहीं भारत खाद्यान्न उत्पादन में नए-नए कीर्तिमान बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2021-22 के लिए मुख्य कृषि फसलों के उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए हैं। इसके अनुसार भारत में 31.451 करोड़ टन खाद्यान के उत्पादन का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के दौरान के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। वर्ष 2021-22 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन पिछले 5 वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 2.38 करोड़ टन अधिक है। भारत के लिए यह एक नया कीर्तिमान होगा। इसी प्रकार, केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 32.8 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन का लक्ष्य रखा है। जो पिछले वर्ष के मुकाबले 3.8 प्रतिशत अधिक है।

> भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है एवं भारत के बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान एवं ब्राजील का नाम आता है। पिछले 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 14.63 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21 करोड़ टन का उत्पादन हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार भारत में वर्ष 2021-22 में बागवानी का उत्पादन 34.2 करोड़ टन होने जा रहा है। यह 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 70.3 लाख टन से बढ़ने जा रहा है। जो वर्ष 2020-21 में 33.46 करोड़ टन पर रहा था। फलों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 10.25 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 10.71 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है और सब्ज़ियों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 2.66 करोड़ टन से बढ़कर 3.17 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है। बागवानी के तेजी से बढ़ रहे उत्पादन से किसानों की आय में अधिक वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है।

कुल मिलाकर यह देखने में आ रहा है कि भारत के किसान अब सम्पन्न हो रहे हैं एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है। अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वर्ष 2014 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है। इससे किसान अधिक समर्थन मूल्य वाली फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं एवं अपनी आय में तेज गति से वृद्धि करने में सफल हो रहे हैं। इसी प्रकार, भारत से अनाज का निर्यात भी वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गया है।

प्रति व्यक्ति औसत आय में हो रही वृद्धि के चलते भारत में बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी (सीएमआईई) द्वारा मासिक अंतराल पर जारी किए जाने वाले रोजगार सम्बंधी आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर फरवरी 2022 माह में 8.10 प्रतिशत थी, जो मार्च 2022 माह में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई एवं 2 अप्रैल 2022 को यह अनुपात और घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया।

एक अन्य अनुमान के अनुसार, वर्तमान समय में भारत में संगठित क्षेत्र में नौकरियां (सरकारी, अर्द्धसरकारी व निजी क्षेत्र) केवल 6-7 प्रतिशत ही उपलब्ध हैं तथा असंगठित क्षेत्र में (कच्ची, ठेके पर, दिहाड़ी पर) एवं अन्य सभी क्षेत्रों की मिलाकर कुल 20-21 प्रतिशत तक ही उपलब्ध होती हैं। इस प्रकार देश में शेष 79-80 प्रतिशत लोग कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों में अपना रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें कृषि क्षेत्र का विशेष योगदान देखा जा रहा है।

❖ प्रह्लाद सबनानी

वास्तु टिप्स का पालन करके सौभाग्य बुलायें अपने घर

वास्तु के अनुसार, कभी भी घर में दो बार झाड़ू लगाने से बचना चाहिए। वास्तु कहता है कि एक बार के झाड़ू से ही घर की सभी नकारात्मक एनर्जी बाहर निकल जाती है। वहीं जब हम दूसरी बार झाड़ू लगाते हैं तो सकारात्मक एनर्जी भी बाहर निकल जाती है। कई बार ऐसा होता है कि जीवन के कई क्षेत्रों में लगातार मेहनत करने के बावजूद हमें मनोवांछित सफलता नहीं मिलती है। लेकिन इसमें उदास और परेशान होने की जरूरत नहीं है। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिनका पालन करते हुए अगर हम अपने जीवन के कार्य करते हैं, तो सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही वास्तु टिप्स के बारे में बताएंगे, जो बेहद आसान होने के साथ ही काफी प्रभावी भी माने गए हैं। वास्तु के अनुसार, कभी भी घर में दो बार झाड़ू लगाने से बचना चाहिए। वास्तु कहता है कि एक बार के झाड़ू से ही घर की सभी नकारात्मक एनर्जी बाहर निकल जाती है। वहीं जब हम दूसरी बार झाड़ू लगाते हैं तो सकारात्मक एनर्जी भी बाहर निकल जाती है। इसीलिए घर में दो बार झाड़ू लगाने से बचना चाहिए। इसके साथ ही झाड़ू को कभी भी खड़ा करके नहीं रखें और इसे हमेशा लिटा कर रखें। कोशिश करें कि झाड़ू को ऐसी जगह रखें जहाँ लोगों की नजर ना पड़े। इसके साथ ही आप अपने घर के मेन डोर पर दो हाथी के जोड़े की मूर्ति अगर रखते हैं। यह सकारात्मक ऊर्जा को आपके घर में प्रवेश कराने में मदद करता है। वहीं आप जब भी घर से बाहर जाएं, तो हाथी के जोड़ों की मूर्ति को देख कर बाहर निकलें। इससे आपके बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं। कई लोगों को घर में गुलदस्ते और बुके रखने का शौक होता है, लेकिन इसके साथ यह ध्यान देने वाली बात है कि कभी भी सूखे और मुरझाए हुए फूलों को नहीं रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र कहता है कि यह नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं और आपके बनते हुए काम भी बिगड़ने लगते हैं। अगर आप लंबे समय से अपने किसी काम में असफल हो रहे हैं, तो वास्तु शास्त्र के अनुसार अपनी थाली में से एक रोटी गौ माता के नाम पर अवश्य निकालें और उसे अपने हाथों से खिलायें। इसके साथ ही अगर उस रोटी में चीनी और घी लगाते हैं, तो इसके परिणाम बेहद अच्छे आएंगे और लंबे समय से रुके पड़े आपके काम संपन्न हो जाते हैं। जहां तक संभव हो, सुबह उठने पर सबसे पहले भगवान के दर्शन करें या फिर कोई ऐसी चीज देखें जिससे आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगे और दिन भर आप तरोताजा महसूस करें। वहीं आप अगर सुबह उठने के बाद तांबे के लोटे में जल भरकर सूर्य भगवान को अर्पित करते हैं तो इससे भी आपकी सफलता के मार्ग आसानी से खुल जाते हैं और आपके लंबे समय से अटके पड़े कार्य होने लगते हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि : शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। खर्च अधिक रहेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत रहें।

वृष राशि : आय वृद्धि में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। भवन या सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन राशि : व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचकर रहें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार का साथ मिलेगा।

कर्क राशि : धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

सिंह राशि : क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग हैं।

कन्या राशि : अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

तुला राशि : परिवार के साथ धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबार पर भी ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

वृश्चिक राशि : धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु राशि : नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। संयत रहें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

मकर राशि : व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्च बढ़ सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन के साज-सज्जा के कार्यों को लेकर चिंतित रहेंगे।

कुंभ राशि : परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आय में सुधार आएगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

मीन राशि : परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धर्म में रुचि बढ़ सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

यात्री कारों पर छह एयर बैग लगाना होगा अनिवार्य : गडकरी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए एम-1 श्रेणी की कारों के लिए एयरबैग लगाना अनिवार्य किया जायेगा। श्री गडकरी ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा कि सभी कीमतों और सभी प्रकार के मोटर वाहनों में यात्रा करनेवाले यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए अगले साल एक अक्टूबर से एम-1 श्रेणी की यात्री कारों पर एयर बैग लगाने जरूरी कर दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के सामने मौजूद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट और माइक्रो इकोनॉमिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है कि सभी यात्री कारों एम-1 श्रेणी की कारों पर कम से कम छह एयरबैग अनिवार्य करने का प्रस्ताव एक अक्टूबर 2023 से लागू किया जायेगा।

कश्मीर से लापता लड़कियां जम्मू में मिली

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बड़गाम जिले से लापता हुई दो लड़कियों को जम्मू में बरामद किया। पुलिस के अनुसार गत 26 सितम्बर को मध्य कश्मीर के हुमहामा में दो नाबालिग लड़कियां अपने निवास स्थल से लापता हो गयी थीं। इस संदर्भ में दोनों लड़कियों की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज की थी। उनकी खोज के लिए एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया था, जिसने कई संदिग्ध स्थानों पर छापा मारा और बुधवार की शाम जम्मू बस अड्डा से उन लड़कियों को बरामद किया। उन्होंने बताया कि दोनों लड़कियों को बड़गाम लाया गया और कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

भारतीय नौसेना प्रमुख ने की ऑस्ट्रेलिया की यात्रा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 26 से 28 सितम्बर तक तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर रहे और वहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया रक्षा नेताओं के साथ बैठक की और द्विपक्षीय मामलों से जुड़े कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के बाद एडमिरल कुमार की यह पहली आधिकारिक यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान उन्होंने नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड, रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) के वाइस एडमिरल डेविड जॉनस्टन, आस्ट्रेलियन सैन्य बलों के वाइस चीफ ग्रेग मोरिआर्टी, रक्षा सचिक एयर मार्शल रॉबर्ट चिपमैन, रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स और एयर वाइस मार्शल माइक किचेर संयुक्त अभियानों के उप प्रमुख से मुलाकात की।

गर्भपात पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार फिर चाहें वो विवाहित हों या अविवाहित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गर्भपात पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया, फिर चाहें वो

■ कोर्ट बोला- विवाहित-अविवाहित में भेद करना है असंवैधानिक

विवाहित हों या अविवाहित। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत 22 से 24 हफ्ते तक गर्भपात का हक सभी को है। बेंच की अगुआई कर रहे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ये दकियानूसी धारणा है कि सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही सेक्शुअली एक्टिव रहती हैं। अबॉर्शन के अधिकार में महिला के विवाहित या अविवाहित होने से फर्क नहीं पड़ता। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में मैरिटल रेप को शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर जबरन सेक्स की वजह से पत्नी गर्भवती होती है तो उसे सेफ और लीगल अबॉर्शन का हक है।

विवाहित महिला भी सेक्शुअल असॉल्ट और रेप सर्वाइवर्स के दायरे में आती है। रेप की सामान्य परिभाषा यह है कि किसी महिला के साथ उसकी सहमति के बिना या इच्छा के खिलाफ संबंध बनाया जाये। भले ही ऐसा मामला वैवाहिक बंधन के दौरान हुआ हो। एक महिला पति के द्वारा बनाये गये बिना

सहमति के यौन संबंधों के चलते गर्भवती हो सकती है। अंतरंग साथी की हिंसा एक वास्तविकता है और यह रेप में भी तब्दील हो सकती है... अगर हम इसे नहीं पहचानते हैं तो ये लापरवाही होगी। अजनबी ही विशेष तौर पर या खास मौकों पर यौन और लिंग आधारित हिंसा के लिए जिम्मेदार होते हैं, यह गलत और अफसोसनाक धारणा है। परिवार के लिहाज से देखा जाये तो महिलाएं सभी तरह की यौन हिंसा के अनुभवों से गुजरती हैं। ये लंबे समय से हो रहा है।

रेप की परिभाषा में मेरिटल रेप को शामिल किये जाने की एकमात्र वजह एमटीपी एक्ट यानी मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी है। इसके कोई और मायने निकाले जाने पर एक महिला बच्चे को जन्म देने और ऐसे पार्टनर के साथ उसे पालने को मजबूर होगी, जिसने महिला को मानसिक और शारीरिक यातना दी है। हम यहां यह साफ करना चाहते हैं कि एमटीपी के तहत अबॉर्शन कराने के लिए महिला को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि उसका रेप हुआ है या सेक्शुअल असॉल्ट हुआ है।

23 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था

अदालत ने कहा- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 (2)(बी) किसी महिला को 20-24 सप्ताह के बाद गर्भपात कराने की अनुमति देती है। इसलिए केवल विवाहित महिलाओं को अनुमति और अविवाहित महिला को न देना संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन होगा। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस. बोपन्ना और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने 23 अगस्त को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे पर फैसला : फैसला सुनाये जाने के बाद, एक वकील ने बेंच को बताया कि आज इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे है। इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे के दिन हम फैसला सुना रहे हैं। हमें यह जानकारी देने के लिए धन्यवाद। हालांकि, इंटरनेशनल सेफ अबॉर्शन डे 28 सितम्बर को आता है।

25 वर्षीय अविवाहित की याचिका पर फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने यह बड़ा फैसला 25 साल की एक अविवाहित महिला की याचिका पर सुनाया। महिला ने अदालत से 24 हफ्ते के गर्भ को गिराने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जुलाई को महिला की इस मांग को खारिज कर दिया था। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह सहमति से सेक्स के चलते प्रेग्नेंट हुई, लेकिन बच्चे को जन्म नहीं दे सकती, क्योंकि वह एक अविवाहित महिला है और उसके साथी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया है। इसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई 2022 को एक अंतरिम आदेश पारित किया। इसमें दिल्ली एम्स की ओर से बनाये गये मेडिकल बोर्ड के सुपरविजन में अबॉर्शन की अनुमति दी गयी थी। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया था कि महिला के जीवन को जोखिम में डाले बिना अबॉर्शन किया जा सकता है।

असम में बड़ा दर्दनाक हादसा, 30 लोगों को ले जा रही नाव ब्रह्मपुत्र नदी में पलटी

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के धबुरी जिले में ब्रह्मपुत्र नदी में एक नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। इस नाव में करीब 30 लोग सवार थे, जिनमें से कई लोगों के डूबे जाने की खबर है। असम के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने इस हादसे की जानकारी दी है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ जिला अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। ज्ञानेंद्र के मुताबिक बचाव दल ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। धुबरी उपायुक्त अंबामुथन सांसद का कहना है कि, इस घटना में 6-7 लोग अब भी लापता हैं। खोज एवं बचाव कार्य जारी है। घटना में धुबरी के अंचल अधिकारी भी लापता हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, नाव पलटने पर लगभग 29-30 लोग सवार थे। घटना की जानकारी देते हुए ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी ने कहा कि धुबरी-फुलबारी पुल के पास एक छोटा चैनल है। टीम लकड़ी की नाव पर चैनल पार कर रही थी कि तभी वह किसी चीज से टकराकर पलट गयी। नाव में लगभग 30 लोग सवार थे, जिनमें से कई धुबरी सर्कल कार्यालय से थे। ऐसे लोग जिन्हें तैरना आता था, उन्हें बचा लिया गया है। आपदा प्रतिक्रिया बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और सीमा सुरक्षा बल की टीमों को खोज और बचाव कार्यों में लगाया गया है। सर्च ऑपरेशन जारी है लेकिन अभी तक किसी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

शाह के दौरे से पांच दिन पहले जम्मू-कश्मीर में ब्लास्ट

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर में आठ घंटे के अंतराल में बसों में दो ब्लास्ट हुए। पहला ब्लास्ट बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे दोमेल चौक पर

■ ऊधमपुर में आठ घंटे के भीतर दो बसों में ब्लास्ट, खाली थीं दोनों बसें

पेट्रोल पंप के पास खड़ी एक खाली बस में हुआ। इसमें दो लोग घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा ब्लास्ट गुरुवार सुबह छह बजे बस स्टैंड पर खड़ी एक खाली बस में हुआ। इस ब्लास्ट में कोई घायल नहीं हुआ। ऊधमपुर पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गई हैं और मामले की जांच कर रही हैं। बुधवार रात इसी बस में धमाका हुआ। धमाके में बस के कांच टूट गये। मौके पर जांच के पुलिस मौजूद है। गुरुवार सुबह बस स्टैंड पर इस बस में धमाका हुआ। धमाके में कोई घायल नहीं हुआ, सिर्फ बस को नुकसान पहुंचा है।

गृहमंत्री के दौरे से पांच दिन पहले धमाके : गृहमंत्री अमित शाह चार अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर जा रहे हैं। उनके दौरे से पहले दो ब्लास्ट होने से इलाके में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा एजेंसियां ने अलर्ट जारी कर दिया है। इससे पहले उनका जम्मू दौरा 30 सितम्बर के लिए तय किया गया था, लेकिन 27 सितम्बर को इसे स्थगित कर दिया गया।

भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का दल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विदेश सेवा के 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस समय तेजी से बदलते वैश्विक घटनाक्रमों के बीच अपने अवसरों और खतरों के साथ भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि इन युवा अधिकारियों के लिए सेवा से जुड़ना पहले से भी रोमांचक है। वे ऐसे समय में विदेश सेवा में अपना करियर शुरू कर रहे हैं, जब भारत एक नये आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर उभरा है और देश को नये सम्मान की नजर से देख रहा है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक मंचों पर भारत ने निर्णायक हस्तक्षेप किया है। कई क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व को अब चुनौती नहीं दी जा सकती है। भारत विकासशील देशों के विकास में और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी राष्ट्र के रूप में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की मजबूत स्थिति उसके आर्थिक प्रदर्शन सहित कई कारकों के आधार पर है। इस समय जबकि विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अब भी महामारी के प्रभावों में उलझी हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से खड़ी हो गयी है और आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।

देश में विकसित पहला हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर सेना में शामिल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को गुरुवार को भारतीय सेना में शामिल कर लिया गया है। भारतीय सेना की तरफ से इस बात की जानकारी दी गयी। भारतीय सेना की तरफ से बताया गया कि पहला स्वदेशी एलसीएच औपचारिक रूप से एचएएल द्वारा महानिदेशक, सेना उड्डयन कोर को सौंप दिया गया है। यह सेना की युद्धक क्षमता में काफी बढ़ोतरी करेगा।

नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र विकार से मिलती है मुक्ति

जमुई (एजेंसी)। बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड स्थित नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र संबंधित विकार से मुक्ति मिलती है। जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड के कुमार गांव में स्थित मां नेतुला महारानी मंदिर लोगों के बीच अपनी मान्यताओं को लेकर काफी प्रसिद्ध हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस मंदिर में सालों भर नेत्र रोग से पीड़ित श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मनचाही मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु सोने या चांदी की आंखें मंदिर में चढ़ाते हैं। नेतुला महारानी मंदिर में हर मंगलवार और शनिवार को विशेष पूजा का इंतजाम किया जाता है। इस दिन भक्तों की काफी भीड़ होती है। यहां पर लोग संतान प्राप्ति के लिए भी मन्नत मांगते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में

श्रद्धापूर्वक पूजा करने से कई निःसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति हो चुकी है। नवरात्र में नेतुला महारानी मंदिर में मां दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा की जाती है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल से हजारों व्रती पहुंच कर नौ दिन तक मंदिर परिसर में उपवास एवं फलहार पर रहकर माता की पूजा-अर्चना एवं आरती करते हैं। कुमार गांव के ग्रामीण द्वारा साफ-सफाई एवं व्रतियों की सेवा की जाती है। इस मंदिर का इतिहास 2600 साल पुराना रहा है। जैन धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ कल्पसूत्र के अनुसार, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर अपने घर का त्याग कर कुंडलपुर से निकले थे, तब प्रथम दिन मां नेतुला मंदिर स्थित वटवृक्ष के नीचे रात्रि विश्राम किया था। इसी स्थान पर भगवान महावीर ने अपना वस्त्र का त्याग कर दिया था। इस मंदिर में हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिम संप्रदाय के लोग भी मन्नत मांगने के लिए आते हैं। नेतुला महारानी मंदिर में प्रत्येक दिन सुबह-शाम मां का श्रृंगार और आरती की जाती है। फूलों से मां का दरवार सजाया जाता है।

न्यूज गैलरी

बाबूलाल ने फिर लगाया सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप

रांची । भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मराण्डी ने एक बार फिर तुष्टिकरण का आरोप लगते हुए सरकार को घेरा है । श्री मराण्डी ने ट्वीट कर कहा झ पहले रविवार के बदले स्कूलों में शुक्रवार जुम्मे की छुट्टी, फिर हाथ जोड़कर प्रार्थना की पद्धति को बंद करवाना और अब पलामू के 49 सामान्य स्कूलों को शिक्षकों ने अपने मन से उर्दू स्कूल बना दिया। सरकार भी इन शिक्षकों को उर्दू स्कूल के नाम से ही वेतन निर्गत करती रही है। यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से हेमंत सोरेन की तुष्टिकरण की जिहादी मानसिकता की सरकार में दूरगामी लक्ष्य को ध्यान में रख कर किया जा रहा है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक ऐसा प्रयोग है जिसमें झारखंड और झारखंड के मूलवासी, आदिवासी-गैर आदिवासी का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।

विश्व हृदय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

रांची। विश्व हृदय दिवस पर झारखंड में 29 सितम्बर को कई कार्यक्रम हुए। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विश्व हृदय दिवस पर आयोजित मैराथन दौड़ को रिम्स स्थित राजेन्द्र पार्क से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वे इस दौड़ में खुद भी शामिल हुए। वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर रिम्स में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने लोगों से अपने दिल का ध्यान रखने का आग्रह किया । हृदय रोगों से बचाव के लिए उन्होने नियमित व्यायाम के साथ अच्छे खानपान पर भी जोर दिया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

सभी सीओ को हिट एंड रन के मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में माननीया सांसद महुआ माजी, विधायक नवीन जायसवाल, समरीलाल, उपविकास आयुक्त रांची विशाल सागर, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, विधायकों के प्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में हिट एंड रन, आइआरएडी पोर्टल पर एक्सीडेंट डिटेल अपलोड करने, रोड सेफ्टी एक्यूपमेंट के संबंध में एसवीडी गन को चिन्हित स्थानों पर चालू करने, स्कूल बसों की ओवर स्पीडिंग, तिलता ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर गड्ढों को भरने, हाजी चौक एवं दलादली चौक पर कार्य करने, ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट चेकिंग, काठीटांड़, रातू चौक पर कार्य करने, कांटाटोली चौक पर टैफिक डायवर्सन एवं फ्लाई ओवर निर्माण के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने हिट एंड रन के मामले की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अंचल अधिकारियों को इससे संबंधित लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने को कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग पर जोर देने को भी कहा। बैठक में सासंद महुआ मांझी ने आरसीडी एवं जेऐआरडीसीएल के अभियंता को दुर्गा पूजा के मद्देनजर शहर के सभी सड़कों के गड्ढ़ों को दुरूस्त करने का सुझाव दिया। खेलगांव मोड़ पर स्पीड़ ब्रेकर बनाने और मिशन चौक से प्लाजा चौक तक कबाड़ गाडियों को हटाने का सुझाव भी सांसद द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान हटिया विधायक श्री नवीन जसवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि स्कूल बसों को बीच सड़क पर खड़ा करने पर सख्ती से चलान काटा जाये। जुडको के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर को विधायक ने अरगोड़ा से कटहल-मोड़ तक सड़क मरम्मत करने का निदेश दिया। सासंद श्री संजय सेठ के प्रतिनिधि मनोज गुप्ता द्वारा तिलता चौक, रातू में सर्विस रोड़ पर गड्ढे भरने का सुझाव जेऐआरडीसीएल को दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश ने काठीटांड़ चौक, रातू के गड्ढे भरने का निदेश एनएचएआई के इंजिनियर को दिया। उनके द्वारा ट्रैफिक डीएसपी को चौक और आसपास की सड़कों पर यातायात दुरूस्त करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मोटरयान निरीक्षक अजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, सड़क सुरक्षाकर्मी जमाल अशरफ खान, रोड़ इंजीनियर गौरव कुमार, आईटी एसिस्टेंट अभय कुमार एवं साथ अन्य विभाग के कर्मी भी उपस्थित थे।

- सांसद, विधायकों और विधायक प्रतिनिधियों ने दिये सुझाव।
- स्कूल बसों को बीच सड़क पर खड़ा करने पर सख्ती से चलान काटने की बात कही।

पूर्व कार्यपालक अभियंता दंडित

रांची। नेशनल हाइवे 33 से मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार तक छह लेन रोड के काम में गड़बड़ी के आरोप में फंसे तत्कालीन कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची वर्तमान में मुख्य अभियंता के पद पर अधिसूचित सिंगराय टूटी को दिए गये दंड में सुधार किया गया है। सरकार ने 2011 में दिए गये दंड को संशोधित कर राहत दिया है। पथ निर्माण विभाग ने 2011 में उन्हें वेतनमान के प्रथम प्रक्रम पर पदानवत करते हुए उनके निलंबन के रूप में बितायी गयी अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त् और कोई राशि नहीं देने का फैसला लिया है।

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं. 1, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–56–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम : उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/1 और उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/2, हजारीबाग के अधिन हजारीबाग कार्यालय, अधिकारी विश्रामगृह हजारीबाग, अधिकारी विश्रामगृह टोरी तथा निरीक्षक विश्रामगृह का रख रखाव का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 83,76,515.07, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1,67,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने।

क्र.सं. 2, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–57–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम : जरंगडीह से दनीया दोहरीकरण रेल परियोजना के अन्तर्गत बोकारों थर्मल (यार्ड छोड़कर) से गोमिया (यार्ड को छोड़कर) के बीच ट्रैक का रख रखाव सहित विविध कार्य तथा अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 52,41,119.62, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1,04,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18.10.2022 15:00 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले मे अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याषित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1148/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/22–23/56

पृष्ठ एक के शेष

कैबिनेट में 30 पस्तावों पर सहमति...

इसपर 33 करोड़ खर्च होगा। वहीं, जल संसाधन विभाग में पुनर्वास नीति को अगले पांच सालों के लिए विस्तार दिया गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम पर विद्युत उतपादन कंपनियों के बकाये के भुगतान के लिए 2632 करोड़ का कर्ज दिया जायेगा। वहीं, झारखंड राज्य खनिज विकास लिमिटेड को बालू घाटों के संचालन के लिए 16 अगस्त से तीन साल के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति मंत्रिमंडल ने दी है।

मुख्यमंत्री की पहल : महिलाओं को...

इसमें संशोधन करते हुए अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और दुग्ध उत्पादक समिति के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए 75 प्रतिशत अनुदान निर्धारित किया गया है। जबकि प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराये जानेवाले मिल्किंग मशीन, पनीर खोवा मशीन, बोरिंग एवं काऊ मैट के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और दुग्ध उत्पादक समिति को 90 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए 75 प्रतिशत अनुदान का उपबंध किया गया है।

भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ...

एक के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि वास्तव में वैश्विक आर्थिक स्थिति का पटरी पर लौटना एक हद तक भारत पर निर्भर हो गया है। मुर्मू ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए यह बहुत रोचक होने जा रहा है, क्योंकि वे विदेश सेवा में अपने करियर की शुरुआत ऐसे समय में कर रहे हैं जब भारत विश्व पटल पर नये आत्मविश्वास के साथ उभरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भी भारत की ओर देख रही है।

पलामू : 320 किलो गांजा के साथ दो...

बिहार ले जाया जा रहा था। गांजा तस्कर का सरगना ओड़िशा संबलपुर का रहने वाला है । जिसका नाम बैकुंठ साहू है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य चालक व स्थानीय तस्कर को अलग-अलग काम देता है,तथा एक दूसरे के संपर्क से अलग रखता है। चालक और खलासी को भी रास्ते में ही बदल दिया जाता है। जिससे माल विक्रेता तथा क्रेता का पता एक साथ किसी के पास नहीं होता है। इस घटना के बाद से पुलिस सरगना तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है। पकड़े गए अभियुक्तों में चालक देवेन्द्र सबर, पिता प्रहलाद सबर ,ग्राम बाराबांध, थाना चारमाल, जिला सम्लपुर उड़ीसा दुसरा खलासी मनोज सेठी, पिता नित्यानंद सेठी, ग्राम जगरनाथ प्रसाद, थाना नाकटीदउ जिला सम्लपुर उड़ीसा बताया गया।

छापामारी दल में शामिल पुलिस कर्मी : सुरजीत कुमार, अरूण कुमार महथा,सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय,बुद्ध उरांव,राकेश कुमार पाण्डेय,रामचन्द्र सिंह,बीडीआई टोप्पो,हवलदार महादेव टुटी, दुर्गादत तिवारी,वीरेन्द्र कुमार,विकास कुमार,प्रदीप राम,संजय राम,बिजेन्द्र राय शामिल थे।

पीएम ने 'जुड़ेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया' का...

खिलाड़ी अधिक पदक जीतते हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में ओलंपिक एथलीट पीवी सिंधु, नीरज चोपड़ा और रवि कुमार दहिया मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के अलावा गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी भीड़ का अभिवादन किया। मोदी ने कहा कि दुनिया में सम्मान का खेलों से सीधा जुड़ाव होता है। आज दुनिया में जो देश विकास और अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है उनमें से ज्यादातर पदक तालिका में भी शीर्ष पर होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित करता है। खेल दुनिया में 'सॉफ्ट पावर' का जरिया भी है। गुजरात के विभिन्न शहरों में 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। इसमें 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से सात हजार से ज्यादा खिलाड़ी, 15 हजार से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

पर्यटकों के लिए खुशखबरी एक अक्टूबर...

टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क समेत कई इलाकों में बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, यूपी और दिल्ली के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक पहुंचते हैं। बेतला नेशनल पार्क के इलाके में सबसे अधिक पर्यटकों की भीड़ होती है। अक्टूबर-नवंबर 2021 में 11 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। साल 2022 में यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। पीटीआर का बेतला नेशनल पार्क झारखंड की राजधानी रांची से करीब 160 किलोमीटर हैं। जबकि मेदिनीनगर से यह 26 किलोमीटर दूर है। पीटीआर का इलाका ईको टूरिस्ट के लिए देश भर में चर्चित है। पर्यटकों के आकर्षण के लिए बेतला में ट्री हाउस भी बनाया गया है। पीटीआर में बाघ, हिरण, सांभर, हाथी आदि देखने के लिए पर्यटक पहुंचते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में बेतला नेशनल पार्क, मिर्चाइया फॉल, लोध फॉल, पलामू किला फॉरेस्ट बांग्ला, लोध फॉल, नेतरहाट के कई इलाके शामिल हैं जो इको टूरिज्म के लिए काफी मशहूर है।

हिरण में लंपी वायरस...

मौजूद थे। इन गांवों में करीब 1.67 लाख मवेशी मौजूद हैं, जो चारा के लिए पीटीआर के जंगलों पर ही निर्भर हैं। पलामू टाइगर रिजर्व में पांच हजार से अधिक हिरणों की संख्या है। हिरण के लिए सबसे बड़ा खतरा मवेशी हो गए हैं। मवेशी चारे के लिए पीटीआर के इलाके में घुसते हैं। जिसके माध्यम से हिरणों में लंपी वायरस फैलने का खतरा मंडरा रहा है। मवेशी और वन्य जीव पानी के लिए एक ही जल स्रोत का इस्तेमाल करते हैं। एमटीसीएन अपने रिकॉर्ड पहले भी इस बात का जिक्र किया है कि मवेशी पीटीआर के इलाके में वन्यजीवों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में सबसे अधिक हिरणों की संख्या मौजूद है। जबकि इसी इलाके में मवेशी भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

दिल्ली के बाद झारखंड में दारू घोटाले...

ट्वीटर खाते से ट्रोलिंग पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि सवालों का जवाब देने में लाचार प्राणी खीझ निकालने के लिए पार्टी के अधिकृत हैंडल से लोगों के नाम को बदल कर गलत शब्दों का इस्तेमाल करने की फूहड़ता से दिल बहला रहे हैं। किसी के नाम के बदले कुछ भी लिख लीजिये। क्या फर्क पड़ता है? ऐसे घिनौनी काम को ही सर उठाकर थूंकना कहते हैं।

अवैध कमाई को सफेद बनाने के लिए...

कुमार ने 10 लाख रुपये पूजा सिंघल के भाई सिद्धार्थ सिंघल को भी दिये थे। वहीं, जांच में यह बात बतायी गयी है कि पल्स अस्पताल में छह से सात बार सुमन कुमार ने 10- 10 लाख जमा कराये थे, ताकि फर्जी बिल व रिसिप्ट बनाये जा सके।

झारखंड सरकार को अवैध खनन के कारण 155 करोड़ का नुकसान : ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि साल 2020 से साहिबगंज व उससे सटे इलाके में अवैध खनन व परिवहन के कारण 155 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ। ईडी की जांच में यह तथ्य आये हैं कि स्टोन चिप्स के 3531 रेक बगैर चालान ही अलग-अलग जगहों से भेजे गये। ईडी को अंदेशा है कि राजस्व का नुकसान 155 करोड़ से अधिक का भी हो सकता है। ईडी ने अपने हालिया आरोप पत्र में एक हजार करोड़ से अधिक का अवैध खनन होने का दावा किया है। ईडी के आरोप पत्र में जिक्र है कि तकरीबन 6295773 क्यूबिक मीटर स्टोन चिप्स रेक के जरिये बगैर चालान बाहर भेजा गया। इस संबंध में मालदा रेल डिविजन से भी जानकारी ईडी ने ली है।

जैसे अचानक दौड़ में आकर...

सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उनके नाम पर सहमति जता दी थी। सूत्रों का कहना है कि गहलोत से यह भी कह दिया गया था कि उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री होंगे, लेकिन गहलोत मुख्यमंत्री पद छोड़ना नहीं चाहते। उनके समर्थक विधायकों ने बैठक कर कहा था कि मुख्यमंत्री पद के लिए गहलोत के अलावा किसी और को समर्थन नहीं देंगे। जबकि राहुल गांधी ने कह दिया कि एक व्यक्ति एक पद का नियम लागू होगा। गहलोत समर्थक विधायकों का कहना है कि जिस पायलट ने भाजपा के साथ मिल राजस्थान में गहलोत सरकार गिराने की पुरजोर कोशिश की, उस हालात में गहलोत ने किस तरह सरकार बचायी, सबको पता है। ऐसे सचिन पायलट पर कैसे विश्वास किया जाये? कल वह जाकर केंद्रीय हुक्मरानों की गड्डी में बैठ जायें तब क्या होगा? इन हालात में अशोक गहलोत ने दिल्ली आकर कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मिलकर, उनसे माफी मांग कर अपने को कांग्रेस की दौड़ से अलग कर लिया। फिलहाल तो वह राजस्थान में मुख्यमंत्री बने रहेंगे, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने और उसके बाद गुजरात विधानसभा चुनाव होने के बाद क्या होता है, इस पर कई तरह की बात होने लगी है। मालूम हो कि गहलोत को गुजरात चुनाव का जिम्मा दिया गया है और उनके एक विश्वासपात्र विधायक को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। ऐसे में गुजरात चुनाव के पहले इन दोनों को हटाया गया तब संदेश गलत जायेगा और इससे कांग्रेस को और नुकसान होगा।

दिग्विजय अचानक कैसे आये थे मुख्यमंत्री की दौड़ में : बाबरी विध्वंस के बाद मध्य प्रदेश में 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला। चुनाव के बाद कमलनाथ, माधवराव सिंधिया, श्यामाचरण शुक्ल मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। तब मुख्यमंत्री पद की दौड़ में दिग्विजय सिंह का नाम कहीं नहीं था, क्योंकि उस समय दिग्विजय सिंह विधानसभा चुनाव नहीं लड़े थे, वह संसद सदस्य थे। मुख्यमंत्री के उस दौड़ में विधायक दल की बैठक में श्यामाचरण शुक्ल का नाम सबसे आगे चल रहा था, तभी अर्जुन सिंह ने पिछड़े समाज से आनेवाले सुभाष यादव का नाम मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर अचानक आगे कर दिया, लेकिन जब अर्जुन सिंह को अनुमान हो गया कि सुभाष यादव को अधिकतम विधायकों को समर्थन नहीं मिल रहा है, तो तय हुआ कि अर्जुन सिंह अपने समर्थक विधायकों को माधवराव सिंधिया को मुख्यमंत्री के रूप में सपोर्ट देने को कहेंगे, कमलनाथ या श्यामाचरण शुक्ला को नहीं।

कहा जाता है कि शाम पांच बजे विधायक दल की बैठक शुरू हुई और लगभग चार घंटे चली। बैठक में तबके प्रधानमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष पीवी नरसिम्हा के पर्यवेक्षक के तौर पर प्रणब मुखर्जी, सुशील कुमार शिंदे व जर्नादन पुजारी उपस्थित थे। बैठक में विधायकों का रुख देखकर कमलनाथ भी समझ गये कि मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी दावेदारी मजबूत नहीं है। तभी बैठक में दिग्विजय सिंह का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए शुरू हो गया। बैठक में कमलनाथ व सुरेश पचौरी ने दिग्विजय सिंह का नाम आगे बढ़ाने की कोशिश की। सूत्रों का कहना है कि विधायक दल की बैठक शुरू होने से पहले दिग्विजय सिंह व कमलनाथ की लंबी बातचीत हुई थी, जिसमें तय हुआ था कि इस गुट से उसी नेता का नाम आगे किया जाये, जिस पर आम सहमति बन सकती है। इस आपसी बैठक में ही दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ को भरोसा दिलाया कि मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों में एक बड़ा खेमा हमारे पक्ष में है। कहा यह भी जाता है कि दिग्विजय सिंह ने कुछ विधायकों से लिखित में सपोर्ट देने की बात ले ली थी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक शुरू हुई, जिसमें किसी एक नेता के नाम पर सहमति नहीं बनने पर माहौल गरमा गया। इसके बाद पर्यवेक्षक प्रणब मुखर्जी ने गुप्त मतदान कराने का फैसला लिया। जब वोटिंग हो रही थी, तब हॉल में केवल नवनिर्वाचित विधायक थे, गैर विधायक के रूप में दिग्विजय सिंह और उनके निजी सचिव राजेंद्र रघुवंशी थे। रघुवंशी वहां इसलिए रुके थे, क्योंकि उन्हें दिग्विजय सिंह की बेटी की शादी में आने के लिए विधायकों को आमंत्रित करना था। वोटिंग का परिणाम चौंकानेवाला आया। 174 विधायकों में श्यामाचरण शुक्ल के पक्ष में 56 और दिग्विजय सिंह को मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में 100 विधायकों के वोट मिले, क्योंकि दिग्विजय को अर्जुन सिंह गुट के विधायकों व कमलनाथ के समर्थक विधायकों का भी वोट मिल गया। उसके बाद कमलनाथ ने कांग्रेस प्रमुख राव को फोन कर विधायकों के फैसले के बारे में सूचना दी। जिसके बाद प्रधानमंत्री व कांग्रेस अध्यक्ष पीवी नरसिम्हा राव का फोन प्रणब मुखर्जी को आया। उनसे राव ने कहा कि जिसके भी पक्ष में ज्यादा विधायकों का समर्थन है उन्हें मुख्यमंत्री बना दीजिए। इस तरह सबको पछाड़ते, अचरज में डालते हुए दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गये थे। चर्चा है कि दिग्विजय लगभग 29 वर्ष बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष भी उसी तर्ज पर बनने जा रहे हैं।

कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया...

की संख्या 25.51 करोड़ रह गयी है। वहीं, जियो ने 29.4 लाख नये यूजर्स को अपने नेटवर्क से जोड़ा है। इसके साथ ही जियो नेटवर्क के यूजर्स की संख्या बढ़कर 41.59 करोड़ पर पहुंच गयी है। भारती एयरटेल से जुलाई में 5.1 लाख नये यूजर जुड़े हैं। जिसके बाद एयरटेल के उपभोक्ताओं की संख्या 36.34 करोड़ हो गयी है।

मेजर प्रोजेक्ट मिलते ही रेडियो खांची के निदेशक पद से हटे डॉ. आनंद

रांची। रांची विश्वविद्यालय में अब डायरेक्टर मास कम्युनिकेशन ही विवि के सामुदायिक रेडियो स्टेशन (रेडियो खांची 90.4 एफएम) के भी निदेशक होंगे। अब तक जूलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद कुमार ठाकुर रेडियो खांची के निदेशक पद पर नियुक्त थे। खास बात यह है कि हाल ही में उन्हें बतौर रेडियो खांची निदेशक, विज्ञान प्रसार नई दिल्ली से 30.46 लाख का मेजर प्रोजेक्ट मिला था। इसमें 80 फीसदी फंड का भुगतान हो चुका है। चूंकि इस प्रोजेक्ट के प्रधान अन्वेषक के रूप में डॉ आनंद कुमार ठाकुर का नाम है, इसलिए यह दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। डॉ आनंद के हटने के बाद अब इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में तकनीकी बाधा उत्पन्न हो गई है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय 'आर्ट ऑफ लिविंग'-उत्कर्ष योग का आयोजन

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में विद्यार्थियों के लिए जीएसपी जलतरंग के अंतर्गत 'आर्ट ऑफ लिविंग'-उत्कर्ष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बच्चों को तनाव से छुटकारा पाने, एकाग्रता में सुधार करने और नकारात्मक भावनाओं को दूर करने की क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। कार्यक्रम में योग, ध्यान, प्राणायाम और बाल क्रिया शामिल थे। प्रशिक्षण से बच्चों ने परिवार और दोस्तों के साथ जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का तरीका, भोजन से पूर्व प्रार्थना करने एवं खेलों के माध्यम से छात्रों ने नैतिक मूल्यों का महत्व सीखा। इसके द्वारा छात्रों ने तनाव दूर कर आनंद पाने की कला का ज्ञान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने मेडिटेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि योग से हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे हम बेहतर जीवन जी सकते हैं।

डॉ. संदीप हनुमान सरावगी प्रतिभा सम्मान से किये गये सम्मानित

रांची। लोहरदगा निवासी डॉ. संदीप अग्रवाल को अति विशिष्ट उपलब्धियों के लिए अग्रवाल सभा का प्रतिष्ठित प्रतिभा सम्मान हनुमान सरावगी कला संस्कृति साहित्य व शिक्षण सम्मान -22 से सम्मानित किया गया। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन रांची में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निर्देशक के एल अग्रवाल, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, समाजसेवी भागचंद पोद्दार, वेद प्रकाश बागला एवं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने संयुक्त रूप से डॉ संदीप अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ रश्मि प्रसादन को पुष्प गुच्छ, महाराजा अग्रसेन जी का स्मृति चिन्ह तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अधिवक्ता राजीव कुमार को ईडी कोर्ट से बड़ा झटका

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले में राजीव कुमार की ओर से दाखिल जमानत अर्जी को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले में बहस के दौरान ईडी की ओर से जमानत का विरोध किया गया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से राजीव कुमार को निर्दोष बताया गया। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया था। राजीव कुमार फिलहाल ईडी में दर्ज मामले के कारण रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार में बंद हैं। आपको बता दें कि राजीव कुमार 30 सितंबर तक ईडी कोर्ट की न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पूर्व 16 सितंबर को हुई सुनवाई में भी ईडी की ओर से समय की मांग की गयी थी। पिछले दिनों कोलकाता में दर्ज 50 लाख बरामदगी मामले में कोलकाता के निचली अदालत से राजीव कुमार को जमानत मिल चुकी है।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE - CUM- DEPUTY COMMISSIONER, PALAMU.
(District Sports Section)
Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

Ref No .... Date ....

Short Tender for Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure and water Sports Equipment .

Sl. No.	INFORMATION/SUBJECT	DETAIL
1	2	3
1	NAME OF WORK	Selection of Agency for Rate Contract for Purchasing Adventure Sports Equipment
2	DATE OF PUBLICATION OF BID	
3	EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED (Non Refundable)	20000.00 (Twenty Thousand only)
4	LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION	19-10-2022 - 01:00pm
5	BID SUBMISSION PLACE	District Sports Office, Palamu
6	DATE AND TIME FOR BID OPENING	19-10-2022 - 02:00pm
7	BID OPENING PLACE	Deputy Commissioner meeting hall 'A' Block
8	NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER	District Sports Office, Palamu
9	HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS	email id:- palamukhel@gmail.com

NOTE : FOR FURTHER DETAILS PLEASE VISIT palamu.nic.in

District Sports Officer, Palamu | **Deputy Development Commissioner, Palamu.** | **Deputy Commissioner, Palamu.**

PR 278902 Palamu (22-23)_D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION
MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION
PALAMU , JHARKHAND

e-Procurement Notice
Short Tender Reference No. – UDHD/MMC/64/2022-23
Date:-28-09-2022

1.	Name of the work	Beautification of Chowk Chauraha Under Medininar Municipal Corporation
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 1,02,53,445/-
3.	Earnest Money	Rs. 2,06,000/-
4.	Cost of Tender Paper	Rs. 10,000/-
5	Time of Completion	12 month
6.	Date Start Of Submission Of Bids	30/09/2022 AT 10:00 AM
7.	Last Date/Time Of Submission Of Bids	20/10/2022 AT 02:00 PM
8.	Date Of Bid Opening	21/10/2022 AT 2:00 PM
9.	Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document	21/10/2022 UPTO 1:00PM
10.	Name & address of office Inviting tender	MUNICIPAL CORPORATION MEDININAGAR MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION,
11.	Helpline number of e-Procurement cell	**9304883244** 943110518

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Municipal Commissioner,
Medininagar Municipal Corporation

PR.NO.278909 District(22-23):D

NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA
NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com,
Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING RE-TENDER

Advt. No.1683 **Dated – 27.09.2022**

Sealed Quotations are invited from reputed Suppliers/ Publishers/Authorized Distributors /Authorized Dealers for the Supply of different kinds of Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

1.	Name of the Tender	Supply of different kinds of Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.
2.	Scope of Work	Supply of Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English)
3.	Name and Address of the Office Inviting Tender	Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Via-Gumla, District-Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218.
4.	Date of Publication of Tender on Website	28.09.2022 at 10 A.M
5	Last Date and Time for receipt of Bids	14 .10 .2022 at 11 A.M
6	Date of Opening of the Tender	15 .10 .2022 at 01.30 P.M

Further details could be seen on our school's website www. netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Santosh Kumar Singh)
Principal Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat

PR 278881 Human Resource Developement(22-23)#D

न्यूज गैलरी

मांकड़ तब तक नहीं करूंगा जब तक मैं किसी से नाराज नहीं हूं : मोईन अली

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय दौरे पर इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान मोईन अली ने कहा है कि वह क्रीज से बहुत दूर खड़े होनेवाले बल्लेबाज को कभी आउट नहीं करेंगे। भारत की ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा द्वारा 24 सितम्बर को लॉर्ड्स में तीसरे महिला एकदिवसीय मैच में ऐसा किया गया था जिसके बाद एक बार फिर से यह बहस छिड़ गयी थी कि क्या यह सही है या गलत। दीप्ति शर्मा ने डीन को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर 44वें ओवर में रन आउट किया था। दीप्ति के मुताबिक उन्होंने रन आउट करने से पहले प्रतिद्वंद्वी टीम की बल्लेबाज को चेतावनी दी थी। एक रिपोर्ट में मोईन के कहा गया कि हवाले से कहा, नहीं, यह मेरी बात नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं इसे कभी भी कर पाऊंगा जब तक कि मैं वास्तव में किसी से नाराज नहीं हूं। यह (आईसीसी) कानूनों में है और इसमें कुछ भी अवैध नहीं है, इसलिए जो लोग इसे करते हैं उनके पास अधिकार है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह सामान्य बात, या ऐसा कुछ नहीं है जो नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने कहा, आप वास्तव में एक विकेट हासिल करने के लिए काम नहीं कर रहे हैं। कम से कम एक रन आउट के साथ, थोड़ा सा काम करना पड़ता है और अन्य सभी बर्खास्तगी के साथ। यह सिर्फ उस आदमी की प्रतीक्षा कर रहा है और बेल्स बंद कर रहा है। यहां तक कि जब मैं बचपन में बगीचे में क्रिकेट खेलता था, तब भी यह मेरे काम नहीं आता था।

ट्विटर यूजर ने अमित मिश्रा से डेट के लिए मांगे तीन सौ रुपये

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं, चाहे वह तीखी प्रतिक्रिया और प्रतिक्रिया देने की बात हो या कुछ प्रशंसकों की मदद करने की बात हो। कुछ ऐसा ही हाल ही में देखने को मिला जब इंडिया लीजेंड्स और ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स के बीच चल रहे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज मैच में सुरेश रैना के कैच पर अमित मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी। उसी ट्विट पर एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने अमित मिश्रा से उन्हें 300 रुपये भेजने का अनुरोध किया, क्योंकि वह अपनी प्रेमिका के साथ डेट करना चाहते थे और यहां तक कि मनी ट्रांसफर के लिए अपनी यूपीआई आईडी भी साझा की। कई लोगों को उम्मीद थी कि मिश्रा अनुरोध को अनदेखा कर देंगे, लेकिन उन्होंने बेहतर किया और तीन की जगह लेग स्पिनर ने यूपीआई के माध्यम से उपयोगकर्ता को पांच सौ रुपये भेज दिये और इसका स्क्रीनशॉट भी साझा किया। मिश्रा ने ट्वीट करते हुए लिखा, हो गया, डेट के लिए शुभकामनाएं। यूजर ने पेमेंट मिलने के बाद अमित मिश्रा का शुक्रिया अदा किया और कहा- थैंक्यू सर इस गिफ्ट के लिए लव यू सर।

मुक्केबाज शिव ठाकरान ने जीता डब्ल्यूबीसी का खिताब

बैंकाक (एजेंसी)। भारत के सुपर मिडिलवेट मुक्केबाज शिव ठाकरान ने यहां मलेशिया के आदिल हफीज को नॉकआउट में हराकर डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीप में खिताब अपने नाम किया। भारतीय मुक्केबाज ने आठ दौर के मुकाबले में जीत दर्ज करके एशियाई पेशेवर मुक्केबाजी सर्किट में सनसनी फैलायी। ठाकरान ने बाद में कहा कि तीन महीने पहले जब यह मुकाबला तय किया गया था तब किसी को भी विश्वास नहीं था कि मैं छठे दौर तक भी जा पाऊंगा नॉकआउट तो दूर की बात रही। कई लोगों ने मुझे पहले ही हारा हुआ मान लिया था, क्योंकि मैंने एक साल से भी अधिक समय से कोई मुकाबला नहीं लड़ा था।

टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हुए बुमराह

पीठ की चोट के कारण नहीं खेलेंगे वर्ल्ड कप, मोहम्मद शमी को मिल सकता है मौका

बेंगलुरु (एजेंसी)। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में होनेवाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे। वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। उन्हें ठीक होने में चार से छह महीने लगेंगे। बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गये पहले टी-20 में भी वो टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने अभ्यास सत्र के दौरान पीठ दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद मेडिकल टीम के कहने पर उन्हें पहले टी-20 मैच से बाहर किया गया था। इसी चोट के कारण उन्होंने एशिया कप भी नहीं खेला था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हुई थी वापसी : जसप्रीत बुमराह पूरे एशिया कप से बाहर रहे थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये तीन मैचों की टी-20 सीरीज में उनकी वापसी हुई थी। यहां भी वो पहला मुकाबला नहीं खेल पाये थे। दूसरे मैच में उन्हें मौका मिला और उन्होंने शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच को यॉर्कर गेंद पर बोल्ड किया था। जिसके बाद खुद फिंच ने उनकी तारीफ की थी। इसके अगले मैच में वो थोड़े महंगे साबित हुए थे। उन्होंने 4 ओवर में 50 रन दे दिये थे और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

वर्ल्ड कप में कितना बड़ा घाटा : बुमराह के ना होने से वर्ल्ड कप में भारत को बहुत बड़ा झटका लगा है। टीम एशिया कप से ही डेथ ओवर में बहुत खराब बॉलिंग कर रही है। टीम के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 18वें और 19वें ओवर में बहुत महंगे साबित हो रहे हैं। ऐसे में उम्मीद थी कि बुमराह के आने से टीम की ये समस्या खत्म होगी। वो डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हैं।

शमी को मिल सकता है मौका : बुमराह की जगह अब टीम इंडिया में मोहम्मद शमी को मौका मिल सकता है। वो टी-20 वर्ल्ड कप के रिजर्व खिलाड़ियों में हैं। इस साल आईपीएल में इस खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया था और जीत भी दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया की पिच सीम और बाउंस होती है। ऐसे में शमी वहां अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं।

आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष पांच पहलवान हासिल करेंगे पेरिस ओलंपिक का कोटा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में शीर्ष छह नहीं बल्कि सभी 18 भार वर्गों में चोटी पर रहनेवाले पांच पहलवान ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे। इस तरह से 2023 में होनेवाली विश्व चैम्पियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिये गये हैं और उन्हें विश्व क्वालीफायर्स में जोड़ दिया गया है, जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका होगा। यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने कुश्ती के विश्व संचालन संस्था की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा कि यह बदलाव विश्व चैम्पियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानों के वितरण में निष्पक्षता बरतने के लिए किया गया है। विश्व चैम्पियनशिप अगले साल 16 से 24 सितम्बर के बीच रूस में खेली जायेगी।

पहले टी-20 में भारत ने साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

केएल राहुल ने धोनी स्टाइल में छक्के से दिलायी जीत

तिरुवंतपुरम (एजेंसी)। टीम इंडिया ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया। तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने साउथ अफ्रीका की पारी को 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर ही सीमित कर दिया था। अर्शदीप सिंह ने तीन, दीपक चाहर और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। एक सफलता अक्षर पटेल को मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। अफ्रीकी टीम ने शुरुआत में टीम इंडिया को दो बड़े झटके दिये। कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गये। वहीं, विराट कोहली के बल्ले से नौ बॉल पर सिर्फ तीन रन निकले। रोहित का विकेट रबाडा और कोहली का विकेट नोर्त्या ने लिया। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने भारतीय पारी को संभाला। सूर्या ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंद में 50 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 151 का था। वहीं, केएल राहुल के बल्ले से भी 51 रन निकले। उन्होंने 56 गेंद का सामना किया। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने सबसे ज्यादा 35 बॉल का सामना किया और 41 रन बनाये। वहीं, पर्नेल के बल्ले से 24 रन निकले जबकि मार्करम ने 25 रन की पारी खेली। एक समय नौ रन पर ही पांच अफ्रीकी बल्लेबाज आउट हो गये थे। अक्षर पटेल और अश्विन ने भी अच्छी गेंदबाजी की। दोनों के आठ ओवर में सिर्फ 24 रन आये। अक्षर ने एक विकेट भी लिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए पिछले मैच से तुलना करें तो भारतीय प्लेइंग इलेवन में चार बदलाव हुए थे। भुवनेश्वर कुमार की जगह दीपक चाहर को मौका मिला था। गेंदबाजों के दम पर साउथ अफ्रीका को 106 रन पर आउट कर दिया। अर्शदीप सिंह ने तीन, दीपक चाहर और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। जवाब में मेजबान टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाते हुए जीत हासिल की। अफ्रीकी गेंदबाजों ने कप्तान रोहित शर्मा (00) और विराट कोहली (03) को जल्दी आउट कर टीम की वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन सूर्यकुमार यादव (50 रन) और केएल राहुल (51 रन) के अर्धशतकों ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया। सूर्यकुमार ने 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। टीम इंडिया ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया।

टीम इंडिया ने मेहमान साउथ अफ्रीका का स्वागत आठ विकेट की करारी हार से किया है। बुधवार को तिरुवनंतपुरम में खेले गये इस लो-स्कोरिंग मुकाबले के दौरान कई रोमांचक मोमेंट्स देखने को मिले और कई रिकॉर्ड भी टूटे। टीम इंडिया ने तेज

हार के बाद बोले केशव महाराज- नयी गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि उनकी टीम को नयी गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा, क्योंकि भारत के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्विंग लेती गेंदों के सामने उसका शीर्ष क्रम बिखर गया था। भारतीय गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (32 रन देकर तीन विकेट) और दीपक चाहर (24 रन देकर दो विकेट) ने गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराकर दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम लड़खड़ा दिया था जिससे भारत ने बुधवार को यहां आठ विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। महाराज ने मैच के बाद कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह ऐसा विषय है जिस पर हमें बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत है। हालांकि, इस पर बात करनी होगी कि हमें कैसी शुरुआत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे शुरुआती ओवरों के प्रदर्शन को देखते हुए हमें स्विंग से निपटने के तरीके ढूंढने होंगे। पहले कुछ ओवरों में गेंद बहुत अधिक स्विंग कर रही थी। महाराज ने 35 गेंदों पर 41 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। उनके अलावा एडेन मार्कराम ने 25 और वायने पर्नेल ने 24 रन का योगदान दिया। महाराज का मानना है कि मानसिकता में बदलाव से उनके बल्लेबाजों को स्विंग का सामना करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ अवसरों पर हमें नयी गेंद से निपटने की तरीके ढूंढने होते हैं। गेंद काफी स्विंग कर रही थी, इसलिए अपनी रणनीति और मानसिकता में बदलाव करने की जरूरत थी। महाराज ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि गेंद इतनी अधिक स्विंग करेगी। यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। कुछ गेंदे अचानक उठ रही थी। मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर बहुत अधिक सोचना चाहिए लेकिन आगामी मैचों से पहले हम इस पर काम कर सकते हैं और उम्मीद है कि हम इसमें सुधार करेंगे।

पाक ने इंग्लैंड को छह रनों से हराया

लाहौर (एजेंसी)। लाहौर में रिजवान के अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को छह रनों से हराया। उसने लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। इस जीत से पाकिस्तान को सात टी-20 मुकाबलों की सीरीज में 3-2 की बढ़त मिल गयी है। सीरीज का अगला मुकाबला 30 सितम्बर को लाहौर में ही खेला जायेगा। सीरीज के 5वें मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले तो 145 रन का स्कोर बनाया। उसके बाद इंग्लैंड को तय 20 ओवर में 139/7 के स्कोर पर रोक दिया। रिजवान के अलावा पाकिस्तानी टीम के अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। कप्तान बाबर आजम महज नौ रन बनाकर आउट हुए। इफ्तखार अहमद (15) और अमिर जमात (10) को छोड़ दे तो कोई दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका है। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बाबर आजम (9), हैदर अली (4) और आसिफ अली (5) को आउट किया। डेविड वेली और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।

मोइन अली का अर्धशतक : इंग्लैंड के कप्तान मोइन अली ने 51 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। यह उनके करियर का 7वां अर्धशतक था। उन्होंने 37 गेंदों की पारी में 137.83 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 4 छक्के जमाए। मोइन के अलावा डेविड मलान ने 36 रनों का योगदान दिया।

गुजरात में गरबा करते नजर आये नीरज चोपड़ा

वडोदरा (एजेंसी)। ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नया रूप देखने को मिला। वे गुजराती पहनावे के साथ डांडिया खेलते नजर आये। वे गुजराज में चल रहे नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इस दौरान वहां 24 साल के नीरज ने एक गरबा करने पहुंचे। टोक्यो ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलानेवाले

- नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने गुजरात पहुंचे हैं नीरज, इसी माह डायमंड लीग में जीता था गोल्ड

इस स्टार एथलीट का सोशल मीडिया में गरबा खेलते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। नीरज चोपड़ा ने 20 दिन पहले ज्यूरिख में पहली बार डायमंग लीग में गोल्ड मेडल जीता था। वे 88.44 का ब्रेस्ट थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। इससे पहले नीरज ने साल 2017 और 2018 में भी फाइनल के लिए क्वॉलिफाई किया था। वह 2017 में सातवें और 2018 में चौथे स्थान पर थे। नीरज वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में चोटिल हो गये थे। जिसके बाद उन्होंने जुलाई-अगस्त में कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग नहीं लिया था। उन्होंने वर्ल्ड चैम्पियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिलाया था। तब भारत ने 19 साल बाद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में कोई मेडल जीता था। नीरज से पहले अंजू बॉबी जार्ज ने 2003 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज जीता था।

संजू सैमसन के भविष्य पर सौरव गांगुली ने तोड़ी चुप्पी, बोले -

वह बीसीसीआई की प्लानिंग का हैं हिस्सा

नागपुर (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होनेवाले टी-20 विश्व कप 2022 में संजू सैमसन जगह नहीं बना पाये। संजू को आगामी विश्व कप में जगह नहीं मिलने पर क्रिकेट प्रशंसक के साथ क्रिकेट एक्सपर्ट भी हैरान हैं। इसके बाद संजू सैमसन के टीम इंडिया में भविष्य पर भी अटकलें लगनी शुरू हो गयी हैं। इन्हीं अटकलों पर विराम लगाने के लिए बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली सामने आये हैं। सौरव गांगुली ने कहा कि संजू अच्छा खेल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी की ओर से भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वह कप्तानी भी करते रहे हैं। संजू भारत के लिए खेलेंगे। वह भले ही विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाये, लेकिन वह भारतीय टीम के प्लान का हिस्सा हैं और संजू को भारत बनाम दक्षिण-अफ्रीका में होनेवाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए चुना गया है। बता दें कि भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच छह अक्टूबर को लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेला जायेगा। इस सीरीज में संजू सैमसन की कोशिश होगी कि वह अच्छा प्रदर्शन कर सके और 2023 के भारत में होनेवाले वनडे विश्व कप में जगह बना पाये। गौर हो कि भारत के दौरे पर आयी दक्षिण अफ्रीका की टीम वनडे सीरीज से पहले तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेल रही है। इस टी-20 सीरीज का पहला मैच बीते बुधवार को खेला गया, जिसमें भारत ने दक्षिण-अफ्रीका को आठ विकेट से मात दी थी। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण-अफ्रीका ने भारत को 107 रन का लक्ष्य दिया था जिसे भारत ने चेज करते हुए हासिल कर लिया। भारत की ओर से केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका में दूसरा टी-20 मैच दो अक्टूबर को गुवाहटी स्टेडियम में खेला जायेगा।

सूर्यकुमार का मुश्किल पिच पर आते ही शॉट खेलना अविश्वसनीय : केएल राहुल

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में कठिन परिस्थितियों में सहजता से बल्लेबाजी करनेवाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा कि मुश्किल पिच पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी को देखना अविश्वसनीय था। बुधवार को नमी और उछालभरी पिच पर सूर्यकुमार ने 33 गेंद में नाबाद 50 रन बनाये जबकि राहुल ने 56 गेंद में 51 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) और दीपक चाहर (दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन ही बना सकी। भारत ने 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की भी शुरुआत खराब रही। टीम ने कप्तान रोहित शर्मा (00) और विराट कोहली (तीन) के विकेट जल्दी गंवा दिये और पावर प्ले में राहुल रन बनाने के लिए जूझते दिखे। शुरुआती छह ओवरों में टीम का स्कोर दो विकेट पर महज 17 रन था। राहुल ने मैच के बाद कहा कि जाहिर है, इस पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था। हमने पहले भी इस तरह की मुश्किल पिचों पर बल्लेबाजी की है लेकिन मैं वहां रन नहीं बना सका था। ऐसे में यह काफी मुश्किल पारी थी। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करनेवाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि सूर्यकुमार को मैदान पर उतरते ही इस तरह के शॉट खेलते देखना अविश्वसनीय था। आपने देखा होगा किस तरह से यहां गेंद स्विंग कर रही थी। पिच से गेंद को दोहरी गति मिल रही थी और कुछ गेंदें रूक कर आ रही थी। इस पर किसी के लिए भी बल्लेबाजी करना मुश्किल होता। भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि सूर्यकुमार को पहली ही गेंद शरीर पर लग गयी। इसके बाद वह शॉट खेलना चाहता था, गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाना चाहता था।